2 फरीदाबाद
बिल्डरों के पोजेक्ट चमकाने को बन रहीं बार-बार सड़कें

6 अभिमत
पाकिस्तान सरकार के समक्ष चुनौतियां

9 देश-विदेश
जम्मू-कश्मीर के सांबा में सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होमस्टे की शुरुआत

11 फीचर
कैंपस हायरिंग सीजन में खुद की करें दमदार तैयारी

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 26
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 29 फरवरी, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



मैंने गेंदबाजी के कुछ गुर जहीर खान से सीखे हैं

पेज - 12

**बाजार**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 72340 | ▼ | 790 | |
| निफ्टी | 21951 | ▼ | 247 | |
| सोना | 62900 | ▼ | 50 | /10 gm |
| चांदी | 73900 | ▼ | 300 | /kg |

**मौसम** फरीदाबाद

अधिकतम 29.00°C
न्यूनतम 13.00°C

## क्विक न्यूज

### तमिलनाडु सरकार के ऐड में चीन का रॉकेट



**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु दौरे के दूसरे दिन बुधवार को कुलाशेखरपट्टीनम में इसरो के नए लॉन्च कॉम्प्लेक्स की नींव रखी। इस प्रोजेक्ट को लेकर राज्य की डीएमके सरकार के पशुपालन मंत्री अनिता राधाकृष्णन ने स्थानीय अखबारों में एक ऐड जारी किया। विज्ञापन में चीन का झंडा लगा रॉकेट नजर आ रहा है। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने डीएमके के अखबार में छपे विज्ञापन की कटिंग शेयर किया। उन्होंने लिखा- डीएमके के मंत्री थिरू अनिता राधाकृष्णन द्वारा प्रमुख तमिल दैनिकों को दिया गया यह विज्ञापन चीन के प्रति डीएमके की प्रतिबद्धता और हमारे देश की संप्रभुता के प्रति उनकी उपेक्षा का प्रतीक है।

### बिल गेट्स ने माइक्रोसॉफ्ट के भारत विकास केंद्र का दौरा किया

**नई दिल्ली।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने कंपनी के हैदराबाद स्थित भारत विकास केंद्र (आईडीसी) का दौरा कर कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े अवसरों पर चर्चा की। माइक्रोसॉफ्ट ने बयान में कहा कि गेट्स मंगलवार को आईडीसी के दौरे पर पहुंचे जहां पर उन्होंने भारत के कुछ सबसे प्रतिभाशाली इंजीनियरों को संबोधित किया। माइक्रोसॉफ्ट आईडीसी के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने कहा कि गेट्स एआई की वजह से भारत में पैदा हो रहे अवसरों को लेकर आशावादी नजरिया रखते हैं। कुमार ने कहा, एआई-संचालित भारत के अवसर पर गेट्स के आशावाद को दोहराते हुए आईडीसी भारत से माइक्रोसॉफ्ट के लिए एआई और क्लाउड से लेकर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उत्साहित है।

# आज 100-120 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर सकती है भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



चुनाव कमेटी की दिल्ली में होगी पहली बैठक होगी

कोर ग्रुप की बैठक दिल्ली में बुधवार शाम को शुरू हुई थी

2024 लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा केंद्रीय चुनाव कमेटी (सीईसी) की पहली बैठक दिल्ली में गुरुवार (29 फरवरी) को होगी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत शीर्ष नेता शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए 100 से 120 सीटों पर कैंडिडेट घोषित किए जा सकते हैं। बैठक के दौरान नेताओं द्वारा 2014 के लोकसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की हारी हुई सीटों पर चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा पार्टी अध्यक्ष नड्डा बुधवार शाम को कोर ग्रुप कमेटी की बैठक करेंगे। इसमें अमित शाह, बीएल संतोष, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। भाजपा ने इसी महीने दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन किया था। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं को ज्ञान- गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर फोकस करने का मंत्र दिया था। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इन चार वर्गों तक पहुंचने के प्रयासों के तहत मैदान में उतरेंगे और बड़े पैमाने पर प्रचार करेंगे। भाजपा को 370 और एनडीए को 400 पार पहुंचाना है। हर बूथ पर पार्टी को 370 वोट बढ़ाने होंगे। 100 दिनों का जनसंपर्क अभियान चलाना है। भाजपा के पिछले 10 साल के कामों का प्रचार करना है। मंडल प्रभारी हर एक पन्ना प्रमुख से 30 दिन में कम से कम एक बार मिलेंगे। हर बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ता अगले 100 दिन तक पिछली बार मिले वोटों में कम से कम 370 वोट बढ़ाएं। फर्स्ट टाइम वोटर को पूरी ताकत से भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। महिलाओं को मात्र वोटर नहीं समझें बल्कि माताओं, बहनों का आशीर्वाद प्राप्त करें। देश में 10 लाख 35 हजार बूथ हैं, यानी एक लोकसभा क्षेत्र में करीब 1900 बूथ। अगर हर बूथ पर 370 वोट जोड़े गए, तो एक लोकसभा क्षेत्र में 7 लाख वोट और पूरे देश में 38 करोड़ वोटर जोड़ने होंगे। हरियाणा प्रदेश में लोकसभा सीटों के लिए नामों की घोषणा दूसरे चरण में हो सकती है। पहले चरण में बड़े चेहरों को टिकट दी जाने की संभावनाएं हैं।

### सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले के खिलाफ विस में प्रस्ताव पारित

**आइजोल।** मिजोरम विधानसभा में बुधवार को एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें केंद्र के भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने और दोनों देशों के बीच मुक्त आवगमन व्यवस्था (एफएमआर) को रद्द करने के फैसलों का विरोध किया गया। प्रस्ताव राज्य के गृहमंत्री के. सपडांगा ने पेश किया और केंद्र से इन फैसलों पर पुनर्विचार करने की अपील की। इसने केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया कि जो जानजाति के लोग, जोकि विभिन्न देशों में विभाजित हैं।

हिमाचल में कांग्रेस सरकार पर संकट बरकरार

# बदल सकता है सीएम चेहरा, मुकेश अग्निहोत्री का नाम सबसे आगे

### छह बागी विधायकों पर स्पीकर ने फैसला सुरक्षित रखा

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला

भाजपा के 15 विधायकों को निलंबित किया, बजट पास



**हिमाचल** में कांग्रेस सरकार पर संकट बना हुआ है। छह कांग्रेसी विधायकों की क्रॉस वोटिंग से राज्यसभा सीट हारने के बाद कांग्रेस में खींचतान सरकार जाने तक पहुंच गई है। सीएम सुखविंदर सुक्खू का मुख्यमंत्री पद भी छिन सकता है। विधायक दल का नया नेता (सीएम) चुनने के लिए बुधवार शाम या देर रात तक विधायक दल की मीटिंग बुलाई जा सकती है। इसके लिए डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री का नाम सबसे आगे है। उधर, कांग्रेस आलाकमान ने स्थिति को संभालने के लिए डीके शिवकुमार और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा है। वे शाम पांच बजे के करीब शिमला पहुंचे। पर्यवेक्षक सिसिल होटल में एक-एक विधायक से मिलकर उनकी राय ले रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू भी मिलने के लिए होटल पहुंच गए हैं। राज्यसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार को वोट देने वाले कांग्रेस के 6 बागी विधायकों पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

बता दें, बुधवार सुबह का घटनाक्रम कुछ इस तरह शुरू हुआ। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर की अगुआई में भाजपा विधायक दल ने गवर्नर शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात की। उन्होंने सरकार का फ्लोर टेस्ट कराने की मांग की। इसके बाद विधानसभा का बजट सेशन बुलाया गया। कार्यवाही शुरू होते ही सदन में भारी हंगामा हुआ। हंगामे की वजह से स्पीकर ने 12 बजे तक सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। इस बीच, पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पद से इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गेंद अब आलाकमान के पाले में है। फिर खबर आई कि सीएम सुक्खू ने कांग्रेस हाईकमान को इस्तीफा सौंप दिया है। फिर मीडिया में उनके इस्तीफे की पेशकश की खबरें आने लगीं।

सदन की कार्यवाही शुरू हुई। दोपहर 12.30 बजे तक सदन में हंगामा होता रहा। स्पीकर ने पूर्व सीएम जयराम ठाकुर समेत 15 विधायकों को सस्पेंड कर दिया। इन्होंने बाहर जाने से इनकार कर दिया। इस बीच दोपहर 1 बजे सीएम सुक्खू मीडिया के सामने आए और इस्तीफे से इनकार कर दिया। यही नहीं, भाजपा विधायकों की गैरमौजूदगी में बजट बिना पढ़े ही पास कर दिया गया। शाम को राज्यसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार को वोट देने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने फैसला सुरक्षित रखा लिया है।

हालांकि हिमाचल की कांग्रेस सरकार में बगावत के बावजूद भाजपा के लिए सत्ता परिवर्तन करना आसान नहीं है।

हिमाचल में कुल 68 विधायक हैं। बहुमत का आंकड़ा 35 है। कांग्रेस के पास 40 एमएलए हैं, जिनमें से 6 बागी हो चुके हैं। अगर इन बागी विधायकों को न गिनें तो कांग्रेस के पास 34 एमएलए बचेंगे। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायक हैं, जो राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान कर चुके हैं। भाजपा के पास अपने 25 एमएलए हैं। कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलियों को जोड़ दें तो उनके भी 34 एमएलए हो जाएंगे। हालांकि कांग्रेस अपने 6 बागी विधायकों को दलबदल कानून के तहत अयोग्य करार दे देती है तो फिर ये विधानसभा में भाजपा के हक में वोट नहीं कर पाएंगे। ऐसे में भाजपा सरकार नहीं बना पाएगी और कांग्रेस बहुमत साबित कर लेगी।

रेलवे जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू परिवार को राहत

# अदालत ने राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों को दी जमानत

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**दिल्ली** की एक अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती एवं हेमा यादव को बुधवार को जमानत दे दी। मीसा भारती राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सबसे बड़ी बेटी हैं और मौजूदा समय में राज्यसभा सदस्य हैं। विशेष न्यायधीश विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जमानत अर्जी का विरोध नहीं किए जाने पर तीनों को यह राहत दी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अदालत में सुनवाई के दौरान कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को जमानत देते वक्त कठोर शर्तें लगाई जाएं। न्यायाधीश ने रेखांकित किया, आरोपी राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव और हृदयानंद चौधरी की ओर से दी गई नियमित जमानत अर्जी पर ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। ईडी के वकील ने धनशोधन से जुड़े आरोपों की प्रकृति के बारे में बताया और कहा कि ये गंभीर प्रकृति के हैं और अगर अदालत आरोपी व्यक्तियों को जमानत देने पर विचार करती है, तो उनपर कड़ी शर्तें लगाई जानी चाहिए।

बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि चूंकि जांच एजेंसी ने जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार करना जरूरी नहीं समझा, इसलिए अदालत के पास अब उन्हें नियमित जमानत देने से इनकार करने का कोई उचित कारण नहीं है। न्यायधीश ने एक-एक लाख रुपये के मुचलके और इतनी राशि की जमानत राशि पर आरोपियों को नियमित जमानत दे दी। अदालत ने निर्देश दिया कि आरोपी अदालत की पूर्व मंजूरी के बिना विदेश नहीं जाएंगे और मामले से जुड़े किसी भी व्यक्ति या गवाह से संपर्क करने, प्रभावित करने या धमकाने की कोशिश नहीं करेंगे।

### अगली सुनवाई 16 मार्च 2024 तक के लिए स्थगित कर दी गई

**अदालत** ने फैसले में कहा, आरोपी निर्देश मिलने पर अदालत के समक्ष उपस्थित होंगे। आरोपी व्यक्तियों को अपने मोबाइल फोन नंबर और पते के साथ-साथ उनमें किसी भी बदलाव के बारे में ईडी को सूचित करना होगा। इसी के साथ मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च 2024 तक के लिए स्थगित कर दी गई। न्यायाधीश ने नौ फरवरी को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी, क्योंकि ईडी ने कहा था कि उन्हें उनकी नियमित जमानत याचिकाओं पर दलीलें पेश करने के लिए और समय चाहिए। ईडी की ओर से पेश आरोप पत्र पर अदालत द्वारा संज्ञान लेने और समन जारी किए जाने के बाद तीनों आरोपी अदालत के समक्ष पेश हुए।

### पश्चिम बंगाल में गंगा का जल नहाने के लिए अनुपयुक्त है : एनजीटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कहा कि पश्चिम बंगाल में गंगा के पूरे क्षेत्र में मल कोलीफॉर्म (जीवाणु) है, जिससे इसका पानी नहाने के लिए अनुपयुक्त हो गया है और उसने संबंधित प्राधिकारियों को प्रदूषण से निजात पाने में प्रगति न होने पर जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है। एनजीटी ने कहा कि हर दिन 25.867 करोड़ लीटर अनुपचारित गंदगी सीधे नदी में बह रही है। अधिकरण हर उस जिले और राज्य में गंगा के प्रदूषण की रोकथाम तथा उसमें कमी लाने से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रहा है, जहां से यह नदी या उसकी सहायक नदियां बहती हैं। एनजीटी अध्यक्ष न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि उत्तर 24 परगना, मुर्शिदाबाद, नदिया, मालदा, हुगली, पूर्वी बदर्धमान, हावड़ा, पूर्ब मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना के जिलाधिकारियों ने ये रिपोर्ट दाखिल की है।

# अय्यर-किशन बीसीसीआइ के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर

**एजेंसी।** मुंबई



**श्रेयस** अय्यर और ईशान किशन को बीसीसीआइ के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि ये रणजी छोड़कर इंडियन प्रीमियर लीग-2024 की तैयारी कर रहे थे। बोर्ड ने बुधवार को नया कॉन्ट्रैक्ट जारी किया। इसके अनुसार कप्तान रोहित शर्मा, अनुभवी बैटर विराट कोहली, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह को बोर्ड के ए+ ग्रेड में बरकरार रखा गया है। इन सभी को 7-7 करोड़ रुपये मिलेंगे। इनके अलावा मोहम्मद सिराज, केएल राहुल और शुभमन गिल का ग्रेड बी में प्रमोट किया गया है। जबकि ऋषभ पंत और अक्षर पटेल को ग्रेड ए से डिमोट कर ग्रेड बी में डाल दिया गया है। इतना ही नहीं, यशस्वी जायसवाल को ग्रेड बी में जगह दी गई है। यह कॉन्ट्रैक्ट 1 अक्टूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक चलेगा। बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों में 30 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ग्रेड ए+ में चार खिलाड़ी हैं। ग्रेड ए में छह, बी में पांच और सी में 15 खिलाड़ी शामिल किए गए हैं।

# गगनयान मिशन के लिए नामित चार अंतरिक्ष यात्री ले रहे कड़ा प्रशिक्षण

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा 2025 में गगनयान मिशन के तहत पृथ्वी की कक्षा में भेजने के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्री उड़ान अभ्यास और योग के अलावा सिमुलेटर, सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में रहने के अभ्यास सहित कड़े प्रशिक्षण से गुजर रहे हैं।

इसरो का संबंधित प्रशिक्षण प्रतिष्ठान यहां भारतीय वायुसेना के पायलटों-ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला के लिए ऐसी गतिविधियों का केंद्र है। इसरो के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा, उन्हें एयरो-मेडिकल, स्थिति से निपटने और विपरीत परिस्थितियों में जीवित रहने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह क्लासरूम प्रशिक्षण, शारीरिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण, सिमुलेटर प्रशिक्षण और फ्लाइट सूट प्रशिक्षण के अतिरिक्त है। अंतरिक्ष एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि प्रशिक्षण मॉड्यूल में शैक्षणिक पाठ्यक्रम, गगनयान उड़ान प्रणाली, परवलयिक उड़ानों के माध्यम से सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण की जानकारी, पुर्नप्राप्ति प्रशिक्षण, उड़ान प्रक्रियाओं में महारत हासिल करना और चालक दल प्रशिक्षण सिमुलेटर पर प्रशिक्षण भी शामिल है।

# लोगों के सबसे बड़े दुश्मन को कश्मीर में जीतने नहीं देंगे : सज्जाद लोन

**एजेंसी।** श्रीनगर



**जम्मू** कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी किसी भी ऐसी लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी, जहां उसके विजई होने की संभावना नहीं है क्योंकि इससे वोटों का विभाजन होगा और केंद्र शासित प्रदेश के लोगों के सबसे बड़े दुश्मन को जीतने में मदद मिलेगी। लोन ने हालांकि किसी पार्टी का नाम नहीं लिया, लेकिन जाहिर तौर पर उनका इशारा नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) की ओर था। लोन उत्तरी कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार हैं। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि पार्टी ने अभी तक कश्मीर घाटी की शेष दो सीट पर उम्मीदवार खड़ा करने के बारे में कोई फैसला नहीं किया है।

उन्होंने कहा, हमने अभी तक कश्मीर की अन्य दो सीट को लेकर फैसला नहीं किया है। यदि हमें लगेगा कि हम किसी सीट से जीत सकते हैं तो हम उम्मीदवार उतारेंगे। उन्होंने कहा कि अप्रैल-मई में होने वाले संसदीय चुनाव जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सही उम्मीदवारों और पार्टियों को वोट देने का एक मौका है। लगभग चार साल पहले जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राज्य के विभाजन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, आखिरकार, 2019 में जो हुआ उसके बाद लोगों को वोट देने का मौका मिल रहा है और लोग तय करेंगे कि कौन जीतेगा या हारेगा। गेंद लोगों के पाले में है, अब वे फैसला करेंगे, आइए हम इसे उन पर छोड़ दें।

# पंजाब में कांग्रेस ने ट्रैक्टर रैलियां निकालीं

**एजेंसी।** अमृतसर



**कांग्रेस** की पंजाब इकाई ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर जारी किसानों के आंदोलन के साथ एकजुटता दिखाते हुए बुधवार को राज्य के कई हिस्सों में ट्रैक्टर रैलियां निकालीं। कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि वे किसानों के पूर्ण समर्थन में हैं। उन्होंने खनौरी सीमा पर एक किसान की मौत की भी निंदा की। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने अमृतसर के अजनाला में ट्रैक्टर रैली का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर रैलियां किसान आंदोलन के समर्थन में निकाली जा रही हैं।

उन्होंने मीडिया से बातचीत में खनौरी सीमा पर किसान शुभकरण सिंह की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के लिए भगवंत मान सरकार की आलोचना की। पंजाब-हरियाणा सीमा स्थित खनौरी सीमा बिंदु पर 21 फरवरी को झड़प में बठिंडा के मूल निवासी शुभकरण (21) की मौत हो गई और 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह घटना उस वक्त हुई जब कुछ प्रदर्शनकारी किसान बैरिकेड की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे।

# 2029 तक देश में हो सकते हैं एक साथ चुनाव, संविधान में जुड़ेगा नया चैप्टर

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**वन** नेशन-वन इलेक्शन को लेकर लॉ पैनल संविधान में एक नया चैप्टर जोड़ सकता है। इसके जरिए आयोग 2029 तक देश में लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश कर पाएगा। सूत्रों की माने तो जस्टिस (रिटायर्ड) रितुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर नया चैप्टर जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। इस चैप्टर में क्या है, इसकी जानकारी अभी बाहर नहीं आई है, लेकिन इसी के आधार पर अगले पांच सालों में तीन चरणों में विधानसभाओं को एक साथ लाने की योजना है, जिससे पहला एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में हो सके। तब देश में 19वीं लोकसभा के लिए चुनाव होने हैं। संविधान के नए अध्याय में एक साथ चुनाव, एक साथ चुनावों की स्थिरता और लोकसभा, विधानसभाओं, पंचायतों और नगर पालिकाओं के लिए सामान्य मतदाता सूची से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे। यदि कोई सरकार अविश्वास प्रस्ताव के कारण गिर जाती है या त्रिशंकु सदन होता है, तो आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ यूनिटी गवर्नमेंट के गठन की सिफारिश करेगा। यदि यूनिटी गवर्नमेंट का फॉर्मूला काम नहीं करता है, तो कानून पैनल सदन के शेष कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश करेगा।

सूत्रों ने बताया कि यूनिटी गवर्नमेंट का फॉर्मूला फेल होने के बाद नए चुनावों की आवश्यकता है। अगर सरकार के पास अभी भी तीन साल हैं, तो स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव बचे हुए कार्यकाल (तीन साल) के लिए होने चाहिए।

विधि आयोग के अलावा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति भी एक रिपोर्ट पर काम कर रही है कि कैसे संविधान और मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव करके लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं। इस साल अप्रैल-मई में होने वाले आगामी लोकसभा चुनावों के साथ, कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव होने की संभावना है, जबकि महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने की उम्मीद है।

एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा। मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में हाल ही में चुनाव हुए हैं। इसलिए इन विधानसभाओं का कार्यकाल 6 महीने बढ़ाकर जून 2029 तक किया जाएगा। उसके बाद सभी राज्यों में एक साथ विधानसभा-लोकसभा चुनाव होंगे।

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 29 फरवरी, 2024



# पुलिस कमिश्नर ने सात सहायक उप निरीक्षक को बनाया उप निरीक्षक

## सच्ची निष्ठा से कर्तव्यों का निर्वहन करें

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**फरीदाबाद** पुलिस के सात सहायक उप निरीक्षक पदोन्नत होकर उप निरीक्षक बने हैं। पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने पदोन्नत हुए पुलिसकर्मियों को सितारा लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पदोन्नति प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मी बहुत खुश थे और उन्होंने पुलिस आयुक्त का धन्यवाद किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पदोन्नत हुए पुलिस कर्मियों में सहायक उप निरीक्षक तालिम हुसैन, बच्चू सिंह, प्रीतम, नरेंद्र, विक्रम सिंह, अनूप सिंह और महावीर का नाम शामिल हैं।

पुलिस आयुक्त ने उक्त सभी पुलिसकर्मियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी कड़ी तपस्या और मेहनत की बदौलत उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहकर अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रमोशन के साथ-साथ उनकी जिम्मेवारियां भी बढ़ी हैं, इसलिए अपने पद की गरिमा बनाए रखें तथा पुलिसकर्मी और ज्यादा मेहनत करते हुए इमानदारी और सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

# ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में मनाया वार्षिक खेल दिवस

## कार्यक्रम का शुभारंभ नीले आसमान में गुब्बारे उड़ाकर किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जीवन** में प्रतिस्पर्धा और प्रतियोगिता की भावना को जागृत करने के लिए खेल ही एक सशक्त माध्यम बन सकता है, इस विचार को ध्यान में रखते हुए ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में खेल दिवस अत्पत धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में विद्यालय के पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों ने अभिभावकों का तिलक करते हुए भव्य स्वागत किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक सुरेश चंद्र, प्रबंधक निदेशक हार्दिक श्योराण रहे। यह खेल महोत्सव विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। विद्यालय के पूर्व प्राथमिक विभाग के सभी अध्यापक भी इस समारोह में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ नीले आसमान में गुब्बारे उड़ाकर किया गया, जो यह संकेत देता है कि यह नन्हें छात्रगण आसमान को छूने की क्षमता रखते हैं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया। खेल महोत्सव को विशेष और यादगार बनाने के लिए कई खेल प्रतियोगिताएं प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों द्वारा प्रदर्शित के गई हनी बनी रेस, कंगारू रेस, जेली बैली रेस, हनीबी नेक्टर रेस, रैट अटैक, फास्ट एंड फ्यूरियस फीट रेस आकर्षण का केंद्र रही। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा ने विद्यालय में आए सभी अतिथियों को संबोधित किया।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे नन्हें कोलंबियन हो हमारे देश की खेल प्रतिभा को चोटी तक पहुंचाने की कमान संभालने वाले हैं। विद्यालय के निदेशक सुरेश चंद्र ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चे ही किसी देश की असली संपत्ति होते हैं। आज के बच्चे कल के युवा बनेंगे। वह कल के वैज्ञानिक, नेता, दार्शनिक, प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर, डॉक्टर और खिलाड़ी जैसे महत्वपूर्ण पर पदों की शोभा बढ़ाएंगे और इस खेल उत्सव में उनकी प्रतिभा इस बात की साक्षात प्रमाण है। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की ओर से सभी छात्रों का और उनके अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए किया गया।

# बिल्डरों के पोजेक्ट चमकाने को बन रहीं बार-बार सड़कें

## बीपीटीपी के बाकी क्षेत्र की सारी सड़कें जर्जर हालत में

### सेक्टर-8 सिही पुल से नीमका मिर्जापुर को जाने वाला मास्टर रोड टूटा, कागजों में दो बार बना चुके हैं इस मास्टर रोड को

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित बीपीटीपी एरिया में एक ओर जहां मास्टर रोड सहित अन्य सभी रोड टूट हुए हैं, वहीं बिल्डरों व नेताओं के वीआईपी क्षेत्र के आसपास वाले मार्गों को बार-बार बनाया जा रहा है। बाकी सड़कों की हालत जर्जर अवस्था में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अन्य रोड एक बार बनने के बाद दोबारा उनकी सुधि नहीं ली गई। यही हालत मास्टर रोड की है, जबकि कागजों में उसे दो बार बनाया है।

जानकारी के मुताबिक ओमेक्स क्षेत्र के आसपास पड़ने वाले वीआईपी एरिया में जहां बिल्डरों की बसावट है, वहां के मार्गों को कई कई बार बनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेताओं की शह पर यहां बसे बिल्डिरों के आसपास के क्षेत्र को ही चमकाया जा रहा है। यह हाल तब है जबकि लोकसभा व विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। जब स्थानीय लोग सांसद के पास शिकायत लेकर जाते हैं तो कोरा आश्वासन मिलता है। सुनने में यह भी आया है कि लोकसभा चुनाव की तो उन्हें परवाह ही नहीं है। लोकसभा चुनाव तो मोदी के नाम पर जीतने की बात भी सामने आती है।

वहीं बीपीटीपी के अन्य क्षेत्र चाहे वह 72 मीटर मास्टर रोड हो, 45 मीटर वाला रोड हो, सभी की हालत दयनीय है। रिहायशी क्षेत्र को जोड़ने वाले रोड के बीचोंबीच एक बिजली का पोल भी है, जिसे वर्षों से नहीं हटाया गया है। जिससे बचने के लिए वाहन चालक अन्य गलियों से घूमकर जाते हैं, जिससे हादसों का डर बना रहता है। सेक्टर-8 सिही पुल से नीमका मिर्जापुर को जाने वाली मास्टर रोड टूटी वर्षों से टूटा हुआ है, जबकि यहां आवाजाही बहुत रहती है। हालांकि कागजों में यह दो बार बन चुका है, लेकिन हकीकत में इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। बिल्डिरों के एरिया को छोड़कर बाकी बीपीटीपी एरिया की टूटी-फूटी सड़कें और बंद स्ट्रीट लाइटें लोगों के लिए जी का जंजाल बन रही हैं। बारिश के बाद स्थिति और खराब हो जाती है। गड्ढों में जलभराव से परेशानी दोगुनी हो गई है, लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोागें का कहना है कि नए फरीदाबाद के लोग प्रशासन से मूलभूत सुविधाओं की जंग लड़ रहे हैं।

सबसे निराशा की बात यह है कि 50 से ज्यादा सोसाइटियों में रह रहे दो लाख से ज्यादा लोगों को राहत नहीं मिलने की बजाय समस्या बढ़ती जा रही है। अधिकांश सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। सड़कों की मरम्मत के लिए कई बार अधिकारियों को शिकायत दी गई है, लेकिन अधिकारी गंभीर नहीं हैं। सबसे ज्यादा परेशानी खेड़ी रोड से अमृता अस्पताल की तरफ से जाते हुए सेक्टर 87-88 डिवाइडिंग रोड की है, जहां बड़े-बड़े गड्ढों से वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। यह क्षेत्र एफएमडीए व बीपीटीपी दोनों विभागों के अंतर्गत आता है।

## अंधेरे के कारण छीनाझपटी के मामले बढ़े

**ग्रेटर** फरीदाबाद सेक्टर-75 के निवासियों का कहना है कि सेक्टर-75 से 80 जाने वाली सड़क की स्ट्रीट लाइटें भी पिछले चार महीने से खराब हैं। इस सड़क से बीपीटीपी आर, क्यू, पी, बडौली गांव सहित आसपास के क्षेत्र के हजारों लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। शाम ढलते ही सड़क अंधेरे में गुम हो जाती है, अंधेरे के कारण छीनाझपटी के मामले भी बढ़ने लगे हैं। नगर निगम अधिकारियों से लेकर फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को इस संबंध में शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन कोई भी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। लोगों का कहना है कि शहर के अलग-अलग विभाग में बैठे अधिकारियों से निवेदन है कि समस्या की ओर ध्यान दें। एक बड़ी आबादी परेशानी में है। अंधेरे के कारण शाम को महिलाएं सड़क पर नहीं निकल पा रही हैं। वहीं सेक्टर 87-88 डिवाइडिंग रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। लोग भी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। अधिकारियों की लापरवाही की सजा आम जनता भुगत रही है।

# भारतीय वैज्ञानिकों का पूरी दुनिया में वर्चस्व : डॉ. नेहरू

## श्री विश्वकर्मा कौशल विवि में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**श्री विश्वकर्मा** कौशल विद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि विज्ञान का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। विज्ञान ने मानव जीवन को सुखद और सरल बनाया है। पूरे संसार में विज्ञान की बड़ी से बड़ी प्रयोगशालाओं में भारतीय वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वह बुधवार को विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति दिलचस्पी रखने और वैज्ञानिक तथ्यों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि महान वैज्ञानिक सीवी रमन से लेकर भारत रत्न डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम तक हमारे सामने विज्ञान के क्षेत्र में कई बड़े आदर्श हैं। विज्ञान के बल पर ही अंतरिक्ष में हमारे वैज्ञानिकों ने पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग रिसर्च के पूर्व निदेशक प्रोफेसर शमीम अहमद ने कहा कि हमें अपने जीवन में छोटे-छोटे प्रयोग करते रहना चाहिए। इन छोटे प्रयोग के माध्यम से हमें सीखने को मिलता है। विद्यार्थी जीवन में छोटे प्रयोग करने से बड़े परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। वाईएमसीए के प्रोफेसर एसके अग्रवाल ने विद्यार्थियों को कंट्रोल सिस्टम के बारे में बताया और साथ ही उन्होंने इसके लाभ भी बताए। अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आरएस राठौड़ ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सीवी रमन की उपलब्धियों एवं कार्यशैली के विषय में विद्यार्थियों को अवगत करवाया।

विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विज्ञान के उपलक्ष्य में सीवी रमन के जीवन पर आधारित वृत्त चित्र भी दिखाया गया। इस अवसर पर डीन आशीष श्रीवास्तव, डीन प्रोफेसर कुलवंत सिंह, डॉ. मोहित श्रीवास्तव, प्रवीन शर्मा, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, डॉ. दिव्यांशु भटनागर, डॉ. हेमंत, डॉ. हिमानी वार्ष्णेय, प्रभिषेक श्रोती और ज्योति नैन उपस्थित रहे।



# विजय दहिया क्रिकेट अकादमी ने वेनी क्लब को हराया

**फरीदाबाद।** बीडीएमकप सातवां ऑल इंडिया रविंदर फागना-19 क्रिकेट टूर्नामेंट-2024 रविंदर फागना क्रिकेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया। यह मैच वेनी स्पोर्ट्स क्लब और विजय दहिया क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।

इस मैच में विजय क्रिकेट अकादमी ने वेनी स्पोर्ट्स क्लब को 115 रन से हराया। यह मैच 40 ओवर का था और विजय दहिया ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। विजय दहिया क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 321 रन का लक्ष्य दिया। विजय दहिया क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए युग गुप्ता ने 102 गेंदों पर छह चौकों और 16 छक्कों की मदद से 171 रन, शेखर विश्वकर्मा ने 24 गेंदों पर एक चौके और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाए।

# प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाएं




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एडीसी** आनंद शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में ऑटो चालकों और बाइकर्स की विशेष निगरानी करना सुनिश्चित करें। बार-बार ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जाएं। एडीसी आनंद शर्मा बुधवार को सेक्टर-12 लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सड़क सुरक्षा के नियमों की सही पालना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर उपस्थित प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों और सड़क सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े गणमान्य लोगों को संबोधित कर रहे थे।

एडीसी आनंद शर्मा ने ने कहा कि ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वाली पार्किं की पूरी जांच करना सुनिश्चित करें। सड़कों, फुटपाथ और साइकिल ट्रैक पर से अवैध कब्जों को तुरंत प्रभाव से कानूनी कार्रवाई करते हुए हटवाना सुनिश्चित करें। सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी को जो भी दायित्व मिला है। वह उसकी गंभीरता से पालना करना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सड़क संबंधी समस्याओं को जल्द दे जल्द दूर करें। शहर में जिन भी सड़कों पर गड्ढे हो या सड़क टूटी हो उसका मुआयना कर उसको जल्द से जल्द ठीक करें। सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस, प्रशासन और हाईवे के तकनीकी अधिकारी आपसी तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सड़क सुरक्षा के नियमों अनुसार सड़क पर लगाई जाने वाली पटिया, ज़ेबरा क्रॉसिंग प्वाइंट और ग्रील लगाने का कार्य करें।

# अवैध खनन को लेकर सीईओ जिला परिषद सतबीर मान की अध्यक्षता में हुई बैठक

## कहा, सुरक्षा व माइनिंग में कोई गड़बड़ी न हो

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिला** परिषद् फरीदाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतबीर मान ने खनन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को जिला फरीदाबाद में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए अवैध स्थलों का व्यक्तिगत रूप से दौरा करके रिपोर्ट भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा और माइनिंग के संबंध में कहीं भी गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए।

जिला परिषद् फरीदाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतबीर मान बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सीईओ कार्यालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स/खनन कार्य की समीक्षा बैठक में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णत: सतर्कता बरतें। अवैध खनन करने वालों की शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें। पुलिस विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज पर की गई कार्रवाई की बारीकियों से समीक्षा कर पुलिस विभाग के अधिकारियों को सरकार की ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अनेक अधिकारी मौजूद थे।

# अमृता अस्पताल-मानव रचना ने शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए की साझेदारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**अमृता** अस्पताल फरीदाबाद ने मानव रचना के छात्रों के शैक्षिक अनुभव को बेहतर बनाने और उन्हें लगातार बदलते स्वास्थ्य सेवा उद्योग में सफलता के लिए अमूल्य अवसर प्रदान करने के लिए मानव रचना शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी की है। दोनों संगठनों ने उभरते स्वास्थ्य पेशेवरों को सशक्त बनाने और क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लक्ष्य के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

अमृता अस्पताल की ओर से इस समझौते पर चीफ पीपल ऑफिसर जयकेश नायर और चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर राम गणपति के साथ एमआरआईआईआरएस के रजिस्ट्रार आरके अरोड़ा और एमआरयू की प्रो-वाइस चांसलर डॉ. संगीता बंगा ने हस्ताक्षर किए। एमओयू हस्ताक्षर समारोह एमआरईआई के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ राजीव कपूर और एमआरवीपीएल की सीओओ और प्रोफेसर डॉ. गौरी भसीन, पीवीसी डॉ. नरेश ग्रोवर, एमआरआईआईआरएस के पीवीसी डॉ. प्रदीप कुमार, एमआरआईआईआरएस के पीवीसी डॉ. जीएल खन्ना, एडमिन डायरेक्टर अतुल कालरा, सीडीसी डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. हनु भारद्वाज, सीआरसी की जनरल मैनेजर और प्रमुख राखी पूथी, प्रमुख कॉर्पोरेट आउटरीच एवं रिलेशंस डॉ. शालिनी खन्नी और अनिल जैन समेत कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




कभी भी इम्तिहां ले जिंदगानी जब कोई मेरा
धरम इंसानियत से न अलग हो तब कोई मेरा
दुखी देखूं किसी को और बस चुपचाप ही निकलूं
तो फिर इंसान होने का नहीं मतलब कोई मेरा

# बिना हेलमेट ड्राइव कर रहे लोगों को बांटे 100 हेलमेट

## फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के लिए हरियाणा पुलिस के साथ हाथ मिलाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**फरीदाबाद** में सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते मामलों के मद्देनजर, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद ने पैदल चलने वाले लोगों, मोटर वाहन चालकों तथा बाइकर्स को जिम्मेदारी के साथ ड्राइविंग के लिए प्रेरित करने के मकसद से, हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर 'सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रोग्राम' का आयोजन किया। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक शहर में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है और पिछले साल शहर में यह आंकड़ा 447 तक जा पहुंचा जिनमें 191 लोगों की जानें गईं और 377 लोग घायल हुए।

इस प्रोग्राम का उद्घाटन मॉल ऑफ फरीदाबाद के सामने किया गया। अमित यशवर्धन डीसीपी एनआईटी और डीसीपी ट्रैफिक इस समारोह में मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर जितेश मलहोत्रा एसीपी ट्रैफिक और इंस्पेक्टर सविता रानी एसएचओ वूमेन पुलिस स्टेशन समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

हरियाणा पुलिस ने शहर में बिना हेलमेट पहने ड्राइविंग कर रहे लोगों का चलान काटने की बजाय उन्हें करीब 100 सेफ्टी हेलमेंट बांटे। इन हेलमेंट पर सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर देने वाले और इस बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए फोर्टिस फरीदाबाद के लोगो भी लगे थे। सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रोग्राम का मकसद लोगों के व्यवहारों में बदलाव लाने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार तरीके से ड्राइविंग की आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

योगेंद्र नाथ अवधिया, फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल फरीदाबाद ने कहा, सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रोग्राम वास्तव में, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद और हरियाणा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ सड़कों का इस्तेमाल करने वाले लोगों का जीवन सुरक्षित बनाने के सामूहिक संकल्प का परिणाम है। इसके जरिए लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक बनाया गया और सीटबेल्ट लगाने करने के लिए जागरूक किया।

# अवैध माइनिंग के फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना तिगांव प्रभारी जय नारायण की टीम ने अवैध माइनिंग के मुकदमें में उद्घोषित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी मुबारिक किसान मजदूर कॉलोनी सेक्टर-29 का निवासी है। आरोपी ने वर्ष 2017 में अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध माइनिंग, पुलिस टीम पर हमला करने व सरकारी ड्यूटी में अवरोध उत्पन्न करने की वारदात को अंजाम दिया था। सभी पांच आरोपियों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी वर्ष 2017 से जमानत पर था। जमानत पर आने के बाद आरोपी अदालत में पेश नहीं हुआ था। जिसके चलते अदालत के द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना तिगांव में उद्घोषित होने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी को पुलिस टीम ने सूचना से सेक्टर-12 रोड से गिरफ्तार किया गया।

## 220 ग्राम नशीला पदार्थ सहित गांजा सप्लायर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने गांजा बेचते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास 220 ग्राम गांजा, 400 रुपये नकद व पांच खाली पाऊच बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम वरुण है और वह एनआईटी का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा की टीम ने सूचना से नाथी चौक एनआईटी से काबू किया है।


# वेस्ट टू वंडर पार्क में मस्ती के साथ रचनात्मकता सीखेंगे नौनिहाल

## परियोजना में वेस्ट चीजों से दुनिया के सात अजूबों को बनाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-31** स्थित टाउन पार्क में नगर निगम वेस्ट टू वंडर पार्क तैयार करेगा। पार्क में बच्चे मस्ती के साथ खराब चीजों से कुछ बनाने की प्रेरणा भी लेंगे। इस परियोजना में वेस्ट चीजों से दुनिया के सात अजूबों को बनाया जाएगा। इसके अलावा पार्क में झूलों सहित अलग-अलग तरह की फन एक्टिविटी भी होंगी। परियोजना पर लगभग 28 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। निगम ने योजना तैयार कर मुख्यमंत्री के पास भेजा है, यहां से हरी झंडी मिलते ही वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। निगम ने निजी एजेंसी की मदद से पार्क बनाने की योजना तैयार की है।

नगर निगम की ओर से बनाया जाने वाला यह पार्क दिल्ली में वेस्ट टू वंडर पार्क की थीम पर बनाया जाएगा। इस पार्क में दुनिया के सात अजूबों का दीदार किया जा सकेगा। रात के समय यह सात अजूबे



लाइटिंग में चमकेंगे। इस पार्क में सात अजूबों को घरों में वेस्ट हो चुके सामान से बनाया जाएगा। इसके अलावा पार्क में अलग से फूड जोन और म्यूजियम भी होगा। यह भी वेस्ट से बनाया जाएगा। इस पार्क में बच्चों के लिए झूले भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा साइंस आधारित चीजों से भी बच्चों को सीखने को मिलेगा। थीम पार्क में बच्चे मस्ती के साथ-साथ साइंस भी सीख सकेंगे।

इसके अलावा पार्क में प्रकृति से जोड़ने के लिए सघन वन का निर्माण भी किया जाएगा। पार्क में गुफाएं बनाई जाएंगी, जिसमें बच्चे खेल सकेंगे। इस प्रस्ताव को सीएम के पास भेज दिया गया है। यहां से हरी झंडी मिलते ही नगर निगम इसपर कार्य शुरू कर देगा। योजना बनाने से पूर्व निगम के अधिकारियों ने एजेंसी के साथ दिल्ली में बने वेस्ट टू वंडर पार्क का भी दौरा किया है।

### हरियाणा अर्बन बॉडी के सुझाव पर बन रहा पार्क

कुछ दिनों पहले हरियाणा अर्बन लोकल बॉडी के उच्च अधिकारियों ने शहर का दौरा किया था। अधिकारियों के दल ने कहा था कि नगर निगम कुछ ऐसा प्रोजेक्ट लेकर आए, जिससे शहर का विकास तो हो साथ में लोगों और नगर निगम का फायदा हो।

इस धारणा को लेकर नगर निगम अधिकारियों ने काम करना शुरू कर दिया है। नगर निगम ने प्राइवेट एजेंसी हायर कर वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने के लिए पहले खोरी की खाली जमीन को चिन्हित किया था। बाद में इसे निरस्त कर सेक्टर 31 के टाउन पार्क में बनाने का निर्णय ले लिया गया है। एक निजी एजेंसी ने पूरी योजना तैयार की है।

# सरकार को किसानों की मांगों को पूरा करना चाहिए: सौरोत



## 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत में भाग लेंगे क्षेत्र के किसान

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**संयुक्त** किसान मोर्चा के आह्वान पर देशभर में निकाले गए ट्रैक्टर मार्च का असर पलवल में भी देखने को मिला। ट्रैक्टर मार्च का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव रत्न सिंह सौरोत ने किया।

प्रेसवार्ता के माध्यम से ट्रैक्टर मार्च में शामिल किसानों का धन्यावाद करते हुए रत्न सिंह सोरोत ने कहा कि अन्नदाता अपनी मांगों को मनवाकर ही दम लेगा। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सौरोत ने कहा कि सरकार ने किसानों के 13 महीने चले पहले किसान आंदोलन में जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया गया। इसलिए किसान मजबूरन आंदोलन कर रहा है। सरकार को अपने वादे को निभाते हुए किसानों की मांगों को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा किसानों की मांग है की एमएसपी पर कानून बने, किसान आंदोलन पार्ट वन के दौरान किसानों पर दर्ज हुए मुकदमों को रद्द किया जाए। लखीमपुर खीरी के किसानों को न्याय दिया जाए, किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले किसानों को शहीद का दर्जा दिया जाए और पराली पर बने कानून से किसानों को अलग रखा जाए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने किसानों की मांगे नहीं मानीं तो चाहे कितना ही लंबा आंदोलन करना पड़े, किसान उससे पीछे नहीं हटेंगे।

उन्होंने कहा कि 14 मार्च को संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में बुलाई गई महापंचायत में पलवल के भी हजारों किसान हिस्सा लेंगे। पिछले किसान आंदोलन के दौरान भी सरकार को किसानों के सामने झुकना पड़ा था और इस बार भी सरकार को झुकना होगा और किसानों की मांग माननी होंगीं। रत्न सिंह ने कहा कि सरकार कहती है किसान विपक्षी राजनैतिक दलों की शह पर आंदोलन कर रहें हैं। किसानों की मांगों को पूरा कर आंदोलन को खत्म करवाएं।

# मैरिंगो एशिया अस्पताल ने वाल्व क्लीनिक लांच किया

## डॉक्टरों ने बताया हृदय स्वास्थ्य के लिए एक क्रांतिकारी सेवा समाधान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बुधवार** को मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद हृदय देखभाल में वाल्व क्लीनिक की शुरुआत करके फरीदाबाद और आसपास के क्षेत्रों में आबादी के लिए हृदय स्वास्थ्य प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए समर्पित हेल्थ केयर नवीनीकरण में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वाल्व क्लीनिक हृदय वाल्व की स्थिति वाले रोगियों के लिए व्यापक देखभाल और एडवांस्ड ट्रीटमेंट विकल्प प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित करता है कि रोगियों को उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप उच्चतम मानक की देखभाल प्राप्त हो।

क्लीनिक का लांच डॉ. अजय डोगरा, रीजनल डायरेक्टर, मैरिंगो एशिया अस्पातल फरीदाबाद द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। जिनके साथ मैरिंगो एशिया अस्पताल में कार्डियोलॉजी एचओडी डॉ. राकेश राय सपरा और डॉ. गजिंदर कुमार गोयल शामिल हुए। लांच में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अपूर्व पटेल, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी एंड स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज इंटरवेंशन, यूएसए को सम्मानित किया गया।

डॉ. अपूर्व पटेल नॉर्थवेल हेल्थ



लेनॉक्स हिल अस्पातल यूएसए के साथ कार्डियोलॉजी और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के सहायक प्रोफेसर और स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज विशेषज्ञ के रूप में जुड़े हुए हैं। उन्होंने क्लीवलैंड क्लीनिक में आंतरिक चिकित्सा और माउंट सिनाई बेथ इजराइल अस्पताल में हृदय रोग में प्रशिक्षण लिया। उन्होंने बताया कि हृदय वाल्व रोग दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं, जो उनके स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा करते हैं। इस क्षेत्र में विशेष देखभाल की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पहचानते हुए, वाल्व क्लीनिक आशा की किरण के रूप में उभरा है, जो मरीजों और उनके परिवारों को एडवांस्ड क्लीनिकल विशेषज्ञता, अत्याधुनिक तकनीक और सहानुभूतिशील सहायता प्रदान करता है। मैरिंगो एशिया अस्पातल फरीदाबाद की बहु-विषयक टीम में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ, कार्डियक सर्जन और विशेष स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर शामिल होंगे, जो रोगी की यात्रा के हर चरण में व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने के लिए सुचारू रूप से सहयोग करेंगे।

डॉ. राजीव सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं ग्रुप सीईओ, मैरिंगो एशिया अस्पताल कहते हैं कि कार्डिएक केयर में इस थेरेपी को बनाने का लक्ष्य है, क्योंकि हमने अन्य विशिष्टताओं पर ध्यान केंद्रित किया है। जिसे हम यहां वाल्व क्लीलनिक लांच करने के लिए एकत्र हुए, जो हमारे समुदाय में हृदय संबंधी देखभाल को आगे बढ़ाने की हमारी जारी प्रतिबद्धता में एक बड़ी उपलब्धि है।

डॉ. अपूर्व पटेल इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी एंड स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज इंटरवेंशन, यूएसए कहते हैं, मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद में इस लांच का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। हृदय वाल्व विकार निराली चुनौतियां पेश करते हैं जिनके लिए इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, कार्डियक सर्जन, इमेजिंग विशेषज्ञों और अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की विशेषज्ञता के संयोजन की आवश्यकता होती है। कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. राकेश राय सपरा कहते हैं, हम अपने मुख्य अतिथि डॉ. पटेल की मेजबानी करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी और स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज इंटरवेंशन में सुपर स्पेशलाइज्ड हैं। कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. गजिंदर गोयल कहते हैं, अस्पातल में एक व्यापक हृदय देखभाल विभाग बनाने की दिशा में एक एडवांस्ड कदम के रूप में इस क्लीनिक को शुरू करने पर हमें गर्व है। डॉ. अजय डोगरा, रीजनल डायरेक्टर, मैरिंगो एशिया अस्पाताली कहते हैं, हृदय वाल्व विकार निराली चुनौतियां पेश करते हैं। इस अवसर पर डॉक्टरों ने सभी का धन्यवाद किया।

# डॉ. बीआर अंबेडकर कॉलेज में वार्षिक समारोह का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**बुधवार** को डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्या अर्चना वर्मा के निर्देशन में एक दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक समारोह झंकार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। जिसमें एकल नृत्य व गायन तथा सामूहिक नृत्य व गायन एवं कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनु, द्वितीय स्थान शिवांगी व तृतीय स्थान सादगी ने प्राप्त किया। एकल गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रविता, द्वितीय स्थान शरीन व तृतीय स्थान पूर्णिमा ने प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शीतल एंड ग्रुप, द्वितीय स्थान दर्शना एंड ग्रुप व तृतीय स्थान रोहित एंड ग्रुप ने प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में पलक ने प्रथम स्थान व निशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्या अर्चना वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम की बधाई दी तथा सभी विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार वितरित किये तथा विद्यार्थी जीवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान उपप्राचार्य डॉ. बाबूलाल शर्मा ने कार्यक्रम में भाग ले रहे सभी विद्यार्थियों को प्रोत्सहित किया और राष्ट्र निर्माण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भूमिका पर विचार प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन शोभा ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका बंदना भारद्वाज, डॉ. अनिता मिश्रा, निशा आदि मौजूद थे।

# सुभाष कौशिक ने लोकसभा टिकट की दावेदारी ठोक मांगा ब्राह्मणों का हक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व ट्रिब्यूनल जज सुभाष कौशिक एडवोकेट ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव बंचारी व हसनपुर में संपर्क किया और कांग्रेस की रीति-नीतियों के बारे में लोगों को बताया। वहीं श्री कौशिक ने होडल में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान से मुलाकात की और उन्हें लोकसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी को लेकर बताया कि फरीदाबाद लोकसभा सीट पर सही मायने में ब्राह्मणों का हक बनता है।

उन्होंने लोकसभा क्षेत्र से टिकट उन्हें दिए जाने की मांग उठाई। वहीं उन्होंने दावा किया कि अगर पार्टी ने उनको मौका दिया तो वह निश्चित



तौर पर इस सीट को जीतकर भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का अलख जगाने में काम करेंगे। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष उदयभान को अवगत करवाया कि पंडित धर्मवीर वशिष्ठ ब्राह्मण समुदाय से फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रह चुके है और ब्राह्मणों की संख्या लोकसभा क्षेत्र में अन्य जातियों से कम नहीं है। छत्तीस बिरादरी का ब्राह्मण समुदाय पर आशीर्वाद रहा है। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड तोड़ महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग आज दुखी व परेशान है, बस इंतजार चुनावों का है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार में हरियाणा विकास की बुलंदियों पर पहुंचा।

## महिलाओं पर बढ़ रहा अपराध : गोस्वामी

**फरीदाबाद।** क्राइम अगेंस्ट वूमेन और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर अब तक हुए सरकार के कार्यों पर बड़ा खुलासा शहर के युवा अनशनकारी समाजसेवी अभिषेक गोस्वामी ने इंडस्ट्रियल एरिया स्थित होटल श्रीजी में एक प्रेस वार्ता कर किया। इस प्रेस वार्ता में अनशनकारी बाबा रामकेवल, आरटीआई एक्टिविस्ट लाखन सिंह, समाजसेवी प्रीतपाल सिंह और अमृतलाल ने मौजूद रहे। अभिषेक गोस्वामी ने प्रेसवार्ता में देश में महिलाओं की गुमशुदगी, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बलात्कार जैसे संवेदनशील मुद्दों को लेकर आवाज उठाई। जिसमें लगातार देश में हो रही लापता लड़कियों और महिलाओं का लिखित आंकड़ा आरटीआई और नेशनल क्राइम की रिपोर्ट के आधार पर बताया गया। अभिषेक गोस्वामी ने लापता महिलाओं के आंकड़े बताए।



## चोरी के वाहन व कबाड़ खरीदने वाले छह गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार के नेतृत्व में अपराध शाखा टीम व थाना सेंट्रल प्रभारी रनवीर मलिक की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कबाड़ी और चोरी के वाहन खरीदने वाले आरोपी सहित वाहन चोरी करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी अपराध अमन यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बबलू, संदीप, दिनेश उर्फ गंजा, आरिफ, मुस्तफा और सोनू का नाम शामिल है। आरोपी बबलू और आरोपी दिनेश उर्फ गंजा संजय कॉलोनी फरीदाबाद, आरोपी संदीप गांव महेशपुर पलवल, आरोपी आरिफ गांव मामलिका नूंह, आरोपी मुस्तफा गांव जमालगढ़ नूंह तथा आरोपी सोनू गांव मंडावर सोहना का रहने वाला है। टीम ने सूचना से आरोपी बबलू, संदीप और दिनेश को थाना सेंटर की टीम की मदद से सेंट्रल थाना के चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है।

## सीएम कप के तहत होने वाली प्रतियोगिताएं स्थगित

**पलवल।** ब्लॉक, जिला व राज्यस्तर पर होने वाले मुख्यमंत्री कप का आयोजन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। सीएम कप के तहत ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर छह खेलों- नेशनल स्टाइल कबड्डी, वालीबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, फुटबॉल तथा बास्केटबॉल में करवाया जाना था। जिला पलवल में यह प्रतियोगिता 28 फरवरी से एक मार्च तक ब्लॉक स्तर तथा पांच मार्च को जिला स्तर पर आयोजित करवाई जानी प्रस्तावित थी। जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि खेल निदेशालय पंचकूला की ओर से निर्देश दिए गए हैं।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। यह दिवस हर साल सीवी रमन के रमन इफेक्ट के अविष्कार के उपलक्ष्य में मनाया जाता है । इस उत्सव में सभी विज्ञान विषय के प्रोफेसर्स और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर एसके चक्रवर्ती के व्याख्यान के साथ हुआ। डॉक्टर चक्रवर्ती ने प्रतिष्ठित संस्थान एनआईटी कुरुक्षेत्र में प्रोफेसर, चेयरमैन और डीन एकेडमिक के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने अपने व्याखान में विद्यार्थियों को आज के युग में विज्ञान का क्या महत्व है, उसके बारे में विस्तृत रूप से बताया और सीवी रमन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने उनके अविष्कारों से विशेष रूप से रमन इफेक्ट के



बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

साइंटिफिक रंगोली थ्रू बायोडिग्रेडेबल मैटेरियल प्रतियोगिता में भावना और भावना एमएससी बॉटनी ने प्रथम पुरस्कार, एकता और हेमलता एमएससी बॉटनी ने द्वितीय पुरस्कार और हेमलता व ज्योति बीएससी सीएस ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। कैप्शन लेखन प्रतियोगिता में कोमल बीएससी मेडिकल और आरती बीएससी नॉन मेडिकल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। राम लखन बीएससी नॉन मेडिकल ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया और नेहा बीएससी मेडिकल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में तमन्ना बीएससी मेडिकल ने प्रथम पुरस्कार, अंजली बीएससी मेडिकल ने द्वितीय पुरस्कार और मनीषा बीएससी मेडिकल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में मंजीत ने प्रथम पुरस्कार, वंशिका ने द्वितीय पुरस्कार और योगिता ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ उद्योगपति और समाजसेवी लोक नाथ कालरा सम्मानीय अतिथि रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नरेश कामरा ने सभी अथितियों का स्वागत किया। रसायन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉक्टर अंजू, जंतु विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉक्टर वंदना कालरा, वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉक्टर कांता रानी, गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉक्टर अंजू, भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉक्टर पूनम और कंप्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष पवन मुखीजा ने सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। मंच संचालन डाक्टर रुचि शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर मनीषा अग्रवाल, डॉक्टर रमन सैनी, डॉक्टर जितेंद्र, डॉक्टर नरेश, डॉक्टर वनिता, डॉक्टर नेहा, डॉक्टर कुसुम ने अहम भूमिका निभाई।

# संक्षिप्त समाचार

## सीआईए टीम पर बदमाशों ने किया पथराव

**पलवल।** होडल में हुई लूट के मामले में पूछताछ करने पहुंची सीआईए की टीम पर पथराव कर दिया गया। हमलावरों ने सरकारी वाहन में भी तोड़फोड़ की। होडल थाना पुलिस ने सीआईए प्रभारी की शिकायत पर आठ नामजद सहित करीब 17 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। होडल थाना प्रभारी उमर मोहम्मद के अनुसार, सीआईए प्रभारी रविंद्र कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि वे अपनी टीम के साथ होडल में दुकान पर हुई लूट के आरोपियों की तलाश में गए थे। उसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि भुलवाना गांव निवासी राहुल व मनीष लूटपाट करते हैं, उनसे पूछताछ की जाए तो लूट का मामला खुल सकता है। इस सूचना पर उनकी टीम भुलवाना गांव में राहुल व मनीष के घर पूछताछ के लिए पहुंची तो वहां काफी महिला-पुरुष एकत्रित हो गए। जिनमें गांव निवासी विशाल, अमित, अनिल, रामकिशन, लालाराम, सुखराम व 4-5 लड़के और 4-5 महिलाएं शामिल थे। जिन्होंने राहुल व मनीष से पूछताछ करने से पहले ही सीआईए टीम के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि मनीष व राहुल ने उन लोगों के साथ मिलकर पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई करने लगे। पुलिस कर्मियों ने विरोध किया तो आरोपियों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर कई पुलिस कर्मियों को गुम चोटें पहुंचाते हुए उनकी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस टीम वहां से जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर भागी तो आगे 10-15 महिला-पुरुषों ने दौबारा गाड़ी का रास्ता रोकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिसकर्मी वहां से बचकर भागने लगे तो हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी। होडल थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए दबिश शुरू कर दी है।

## नाबालिग की शादी करने पर मां सहित पांच पर केस दर्ज

पलवल। नाबालिग लड़की की शादी करने पर बाल विवाह निषेध अधिकारी की टीम मौके पर पहुंची और शादी कराने में शामिल मौलाना व दो महिलाओं सहित पांच के खिलाफ हथीन थाना में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायत लड़की के पिता ने दी थी, जो स्वयं नीमका जेल में बंद है। हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की प्रोटेक्शन अधिकारी सुमन चौधरी ने दी शिकायत में कहा है कि सीजेएम कार्यालय पलवल में ई-मेल से एक शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें एक पीड़ित पिता ने कहा कि उसकी बहन उसकी नाबालिग बेटी की शादी जबरदस्ती कर रही है। वह स्वयं जेल में बंद है। जिस पर वे अपनी टीम के साथ हथीन थाना पहुंची और लड़की की मां के बयान दर्ज किए। जिसमें उसने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी तावडू के एक गांव निवासी युवक के साथ की है। जिसके बाद टीम ने लड़की का स्कूल से जन्म प्रमाण पत्र निकलवाया तो उसमें लड़की की उम्र 16 वर्ष पांच महीना है, जो नाबालिग है। शिकायत में कहा है कि नाबालिग की शादी करने में उसकी बुआ, उसकी मां, शादी कराने वाला, लड़का और उसका पिता शामिल है। हथीन थाना पुलिस ने प्रोटेक्शन अधिकारी की शिकायत पर उक्त सभी के खिलाफ धारा 9, 10 व 11 बाल विवाह निषेध अधिनियम-2006 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## यातायात के बेहतर संचालन के लिए मीटिंग में दिए निर्देश



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त यातायात अमित यशवर्धन द्वारा अपने कार्यालय में ट्रैफिक एसीपी, एसएचओ, सभी जोनल पुलिस अधिकारी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर तथा सभी चालान शाखा प्रभारी प्रभारियों के साथ मीटिंग का आयोजन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। डीसीपी ट्रैफिक द्वारा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और नागरिकों की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए आवश्यक निर्देश देते हुए बताया कि सभी चालान पुलिस अधिकारी अपने अपने एरिया में सुगम यातायात संचालन में आ रही बाधाओं एवं समस्याओं की समीक्षा करें तथा उनका समाधान निकाल कर साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार करें। इसके साथ साथ बताया कि सभी चालान अधिकारी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर अपने अपने एरिया में आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलायें। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए कहा कि सभी यातायात अधिकारी दुर्घटना के कारणों की पहचान करके तुरंत उपचारात्मक कदम उठाएं एवं इसकी साप्ताहिक रिपोर्ट कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान करके उसमें सुधार किया जा सके तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए सभी चालान अधिकारी सुरक्षित वाहन पॉलिसी के अंतर्गत मोटर वाहन अधिनियम के तहत सभी 21 मानकों को ध्यान में रखते हुए स्कूल बस एवं स्कूल कैब इत्यादि की चेकिंग करना सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक जोन के स्कूल, कॉलेज क्षेत्र में अंडर एज ड्राइविंग करने वाले युवाओं एवं बच्चों पर विशेष नजर रखते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## दो भाइयों पर रंजिश के चलते जानलेवा हमला

**पलवल।** रंजिश के चलते अपनी बैठक पर बैठे दो भाइयों पर गांव के ही दो युवकों ने अपने 8-10 नकाबपोश दोस्तों के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उनके पिता की शिकायत पर दो नामजद सहित 12 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दज किया है। हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, भंगूरी गांव निवासी धर्मवीर ने दी शिकायत में कहा कि गांव के अड्डे पर स्थित एक दुकान पर उसके बेटे सुधीर व अमन के साथ गांव के ही निवासी नीरज व सतेंद्र के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद आरोपी युवक उसके बेटों को जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। लेकिन अगले दिन जब उसके दोनों बेटे सुधीर व अमन घर के सामने अपनी बैठक पर बैठे हुए थे, उसी दौरान सतेंद्र व नीरज हाथों में हथियार लेकर अपने 8-10 अन्य नकाबपोश दोस्तों के साथ सुधीर व अमन पर जानलेवा हमला कर दिया।

## नाले से मिला अज्ञात युवक का शव

**पलवल।** गौछी ड्रेन से मुंडकटी थाना पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर शव को पहचान व पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मुंडकटी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के अनुसार, बंचारी गांव निवासी वीरेंद्र ने दिए बयान में कहा है कि उसने बंचारी नाले गौछी ड्रेन पर कुछ जमीन पट्टे पर लेकर गेहूं की फसल बोई हुई है। खेतों में पानी लगाने के लिए गौछी ड्रेन पर ट्रैक्टर-पंखा लगाकर खेतों में पानी चलाया हुआ था। पीड़ित जब ट्रैक्टर में तेल चेक करने के लिए खेत पर पहुंचा तो देखा कि एक युवक का शव पंखे के पास नाले में पड़ा हुआ था। किसान ने इसकी सूचना मुंडकटी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को नाले से निकाल कर जिला नागरिक अस्पताल पलवल भिजवा दिया। चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम कर बिसरा जांच के लिए भेजा गया, ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं मृतक ने कहीं अल्कोहल तो नहीं ली हुई व हड्डी डीएनए विश्लेषण के लिए भेजी गई है। मौत के कारणों का पता बिसरा रिपोर्ट आने व शव की शिनाख्त होने पर ही हो पाएगा।

## दुर्घअना में बाइक सवार की मौत

**पलवल।** नेशनल हाईवे पर बहरौला फ्लाईओवर के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक पर ड्यूटी से घर लौट रहे व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है। सदर थाना प्रभारी मलखान सिंह के अनुसार, जिला मथुरा (यूपी) के तरौली जनूबी गांव निवासी विष्णु ने दी शिकायत में कहा है कि उसका भाई नेम सिंह मित्रोल गांव के पास स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करता था।

# अरावली श्रृंखला के गैर मुमकिन पहाड़ क्षेत्र में ना हों कॉमर्शियल गतिविधियां: निशांत यादव

## डीसी ने ली खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

सोहना क्षेत्र में अरावली श्रृंखला के गैर मुमकिन पहाड़ क्षेत्र में कॉमर्शियल गतिविधियों को लेकर डीसी निशांत कुमार यादव ने खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी को सख्त निर्देश दिए हैं कि इन पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सोहना के एसडीएम व जिला खनन विभाग के अधिकारी एक संयुक्त विजिट कर ऐसी गतिविधियों की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए उन पर प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करें। वे बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में कही।

बैठक में डीसी ने जिला में अवैध खनन गतिविधियों से सख्ती से निपटने के लिए विशेष निगरानी टीमें गठित करने के निर्देश दिए हैं। ये विशेष टीमें जिला में विभिन्न सड़क मार्गों पर अवैध खनन गतिविधियों में शामिल वाहनों की निगरानी रखते हुए उन पर निर्धारित नियमों के तहत विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। डीसी ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि खनन विभाग को जिला में जहां भी अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों की सूचना मिले उस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए अवैध खनन करने वालों पर एफआईआर दर्ज करें। खनन विभाग ने वर्तमान वित्त वर्ष में अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त 49 वाहनों को किया सीज, लगाया 57 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि खनन विभाग ने जिला गुरुग्राम में वर्तमान वित्त वर्ष में अवैध खनन गतिविधियों में शामिल 49 वाहनों को सीज किया है। जिसमें से 11 वाहनों को रिलीज किया गया है व 38 वाहन सुपरदारी पर छोड़े गए हैं। उन्होंने बताया कि इस पूरी अवधि में 57 लाख 27 हजार 200 का चालान कर 35 लोगों पर एफआईआर भी करवाई गई है। बैठक में आरटीए विभाग के अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा जनवरी व फरवरी माह में ओवरलोड वाहनों पर 2 करोड़ 31 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बैठक में सोहना के एसडीएम सोनू भट्ट, मंडल वन अधिकारी राजीव तेजयान, गुरुग्राम के एसडीएम रविन्द्र यादव, सीटीएम कुंवर आदित्य विक्रम सहित खनन व आरटीए विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 31 मार्च तक जारी रहेगी एकमुश्त व्यवस्थापन स्कीम: गीतांजली मोर

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आबकारी एवं कराधान विभाग ने गुरुग्राम जिला के सभी व्यापारियों, चार्टड एकाउंटेंट, अधिवक्ताओं एवं अकाउंटेंट की सुविधा को देखते हुए शुरू की गई पुराने वैट एरियर के निपटान के लिए एकमुश्त व्यवस्थापन स्कीम को 31 मार्च तक चालू रखा है।

यह जानकारी गुरुग्राम की संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त गीतांजली मोर ने दी। उन्होंने करदाताओं को दी जा रही छूट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस स्कीम के तहत उन्हें जुर्माना राशि एवं ब्याज राशि की पूर्ण छूट, स्वीकृत कर पर 100 प्रतिशत देय सहित यदि विवादित कर की राशि रूपये 50 लाख के बराबर या उससे कम है तो विवादित कर का 30 प्रतिशत तथा अन्य सभी मामलों में विवादित कर का 50 प्रतिशत भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि वहीं निर्विवादित कर की राशि रुपये 50 लाख के बराबर या उससे कम है तो विवादित कर का 40 प्रतिशत तथा अन्य सभी मामलों में विवादित कर का 60 प्रतिशत भुगतान करना होगा। इसके साथ ही अंतरीय कर पर 30 प्रतिशत भुगतान करना होगा। उन्होंने सभी करदाताओं से आह्वान किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा इसका लाभ लें।

# हनुमान चालीसा के पाठ का आंकड़ा साढ़े 5 लाख के पार

## बोधराज सीकरी की यह मुहिम निरंतर आगे बढ़ रही

एजेंसी। गुरुग्राम


हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में बोलते बोधराज सीकरी।

**बोधराज** सीकरी समाजसेवी की निरंतर एक वर्ष से अधिक समय से चली आ रही हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के तहत चोटी पंचायत न्यू कॉलोनी गुरुग्राम में ओमप्रकाश कथूरिया, चेयरमैन ओम स्वीट्स ने पाठ का आयोजन करवाया। इस बार के पाठ को मिलाकर 227 स्थानों पर 41,152 साधकों द्वारा 566,320 हनुमान चालीसा पाठ हो चुके हैं।

चोटी पंचायत का हॉल भक्ति रस से खचाखच भरा हुआ था। सर्वप्रथम पंडित भीम दत्त ने मंत्रोच्चारण से पूजा करवायी और उसके उपरांत गजेंद्र गोसाई ने गायकी के माध्यम से सुर और ताल से हनुमान चालीसा पाठ का गायन किया और लगभग डेढ़ घंटे में समापन की ओर पहुंचे। बोध राज सीकरी ने अपने वक्तव्य में यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि हनुमान चालीसा पाठ और सुंदरकांड पाठ एक मैनेजमेंट का पूरा कोर्स है। अंगद का उदाहरण देकर सीकरी ने साधकों को बताया कि कैसे अंगद ने लंका में जाकर अपने पिता का परिचय देकर रावण का मनोबल गिराया। रावण का मनोबल हनुमान जी ने भी गिराया।

युद्ध से पहले किसी योद्धा का मनोबल गिरा देना, इस प्रकार की मैनेजमेंट स्किल रामायण में है। शिक्षाविद् डॉक्टर अशोक दिवाकर ने अपने वक्तव्य में राम तत्व की बात की। युवा के संस्कारवान होने की बात पर विचार प्रकट किए।

डॉक्टर परमेश्वर अरोड़ा ने आगाह किया कि जो गलत भ्रांतिया हमारे धर्म के बारे में और हमारे ग्रंथों के बारे में की जाती है, उनका खंडन करना चाहिए।

इस पाठ में नवनियुक्त अर्जुन मण्डल के मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र बजाज ने आकर बड़ों से आशीर्वाद लिया। सीमा पाहूजा अपने पति बंटी पाहूजा के साथ, केंद्रीय आर्य सभा के प्रधान अशोक आर्य, आर्य समाज के पुराने कार्यकर्ता लक्ष्मण पाहूजा, प्रमोद सलूजा, यदुवंश चुग, दिलीप लूथरा, आरडी क्वात्रा, रमेश कामरा, युधिष्ठिर अलमादी, सतपाल नासा, उपस्थित रहे। महिला शक्ति में सुरेश सीकरी,ज्योत्सना बजाज, पुष्पा नासा, रचना बजाज, सिमरन बजाज, वीणा अरोड़ा, उपस्थित रही।

## सफाई में कहीं कमी नजर आए तो नगर निगम को सूचना दें: डॉ. बलप्रीत सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**नगर** निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने कहा कि स्वच्छ गुरुग्राम अभियान में नागरिक भी अपना सहयोग दें। नागरिक कचरा अलगाव को अपनाएं। अपने घरों, दुकानों आदि में गीले व सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का प्रयोग करें। कचरे को इधर-उधर ना फेंके। कचरा एकत्रित करने वाले कर्मचारी को ही कचरा सौंपें। यह बात उन्होंने बुधवार को सेक्टर-4 में आयोजित स्वच्छता से समृद्धि कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। यह कार्यक्रम नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सेक्टर-4 मार्केट एसोसिएशन तथा सेंटर फॉर साइट के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में रामकला सदन के बच्चों ने स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता की अलख जगाई। स्वच्छता के लिए बेहतर कार्य करने वाली आरडब्ल्यूए तथा सोसायटियों को प्रशस्ति-पत्र भी भेंट किए गए।

## साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थीं रुक्मिणी: कृष्णचंद्र शास्त्री

### श्याम प्रभु खाटू वाले का 36वां श्री श्याम बसंत महोत्सव में सुनाई श्री कृष्ण-रुक्मिणी मंगल कथा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


श्री खाटू श्याम प्रचार मंडल गुरुग्राम की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 36वां श्री श्याम बसंत महोत्सव में कथा करते कृष्णचन्द्र शास्त्री जी व उपस्थित श्रद्धालु।

**श्री** खाटू श्याम प्रचार मंडल गुरुग्राम की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 36वें आठ दिवसीय श्री श्याम बसंत महोत्सव के छठे दिन बुधवार को वृंदावन से कृष्णचन्द्र शास्त्री जी ने महारास के साथ कंस वध पर प्रवचन किए। उन्होंने श्री कृष्ण रुक्मिणी मंगल की कथा भी सुनाई।

श्री कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि रुक्मिणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थीं। वह दिखने में बहुत ही सुंदर, बुद्धिमान और स्वभाव की सरल कन्या थीं। राजा भीष्मक के दरबार में जो कोई आता, वह भगवान श्रीकृष्ण के साहस और बुद्धिमता की तारीफ करता। रुक्मिणी बचपन से कई लोगों के मुख से कृष्ण की तारीफ सुनती आ रही थीं। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी का अवतार थीं। वह मन ही मन श्री कृष्ण से विवाह करना चाहती थीं। उधर श्री कृष्ण भी जानते थे कि रुक्मिणी में कई गुण है। लेकिन रूकिमणी का भाई रूक्मी श्री कृष्ण से शत्रुता रखता था। श्री कृष्ण जी ने रुक्मी को युद्ध में परास्त करके रुक्मिणी से विवाह किया।

मंडल के प्रचार मंत्री राकेश शर्मा ने बताया कि संस्था के प्रधान राजकुमार कौशिक के नेतृत्व में संस्था के सभी पदाधिकारी और प्रदीप मोदी, बीएल अग्रवाल, ललित शर्मा, दिनेश मंगला, रणबीर भारद्वाज, विजय अग्रवाल, सुभाष रोहिल्ला, नवनीत बंसल, सुकन पाल नागर, सरोज गर्ग, संगीता गुप्ता, कैलाश यादव आदि सभी कार्यकारिणी सदस्य दिन रात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सेवा में लगे हुए हैं। प्रचार मंत्री ने बताया कि आठ दिवसीय इस महोत्सव के सातवें दिन गुरुवार को सुदामा चरित्र की कथा होगी।

## आईटीआई की छात्राएं सैलून में ले रही हैं ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग


गुरुग्राम में ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण लेती छात्राएं।

एजेंसी। गुरुग्राम

### वूमेन आईटीआई के साथ कंपनी ने किया है एमओयू साइन

**कौशल** विकास की दिशा में राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम में एक नए ब्यूटीशियन कोर्स की शुरुआत की गई है। इसके लिए संस्थान ने कट एंड स्टाइल सैलून से एमओयू साइन किया है। महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जेपी यादव ने बताया कि इन दिनों आईटीआई में छात्राओं को कॉस्मेटोलॉजी का कोर्स करवाया जा रहा है, जिसकी अवधि तीन माह की है। कट एंड स्टाइल सैलून के दक्ष ब्यूटीशियन छात्राओं को सौंदर्य कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रहे हैं। दोहरी शिक्षा प्रणाली के तहत कंपनी के निदेशक दिनेश शर्मा और राजेश यादव ने इस व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए आईटीआई के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें प्लेसमेंट अधिकारी जागृति भाटिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कट एंड स्टाइल कंपनी की मैनेजर मेघना आईटीआई की कॉस्मेटोलॉजी विषय की छात्राओं के साथ मिलकर काम कर रही हैं। प्राचार्य जेपी यादव के मुताबिक 18 छात्राएं गुरुग्राम में विभिन्न स्थानों पर कट और स्टाइल के सैलून में प्रशिक्षण ले रही हैं। आठ छात्राओं को मार्च माह के अंतिम सप्ताह में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। सैलून के साथ काम कर रही छात्राएं काफी प्रसन्न हैं। उनको व्यावहारिक ट्रेनिंग के साथ-साथ नवीनतम मशीनरी पर काम करने का मौका मिल रहा है। ग्राहक के साथ बातचीत व उनके अनुसार कार्य करना छात्राएं बखूबी सीख रही हैं। ये ट्रेनिंग लेने से इन छात्राओं को कोर्स पूरा होने के बाद उनका कैरियर बनाने में बेहतर सहयोग प्राप्त होगा और आसानी से कहीं भी रोजगार मिल सकेगा। इसके अलावा सरकार की रोजगारपरक योजनाओं के अंतर्गत ये छात्राएं बैंक लोन लेकर खुद का भी व्यवसाय प्रारंभ कर सकती हैं।

## वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि में शीर्ष 10 निजी जीवन बीमाकर्ताओं में बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने दर्ज की सबसे अधिक बढ़ोतरी

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ / आगरा

**भारत** की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने अपनी परिवर्तनकारी यात्रा के माध्यम से अपने बिजनेस पेरामीटर्स को बढ़ाना जारी रखा है। वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि के परिणाम भारतीय जीवन बीमा उद्योग में अन्य निजी खिलाड़ियों की तुलना में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाते हैं। वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि के लिए कंपनी का व्यक्तिगत रेटेड नया व्यवसाय (IRNB) पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 24 प्रतिशत बढ़ा। यह उद्योग के औसत द्वारा प्रदर्शित वृद्धि का लगभग तीन गुना था। व्यक्तिगत रेटेड नए व्यवसाय (आईआरएनबी) में बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस की तीन साल (वित्त वर्ष 2020 से वित्तीय वर्ष 2023) 39 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) कंपनी के मजबूत विकास पथ की पुष्टि करती है। व्यक्तिगत व्यवसाय में मजबूत वृद्धि और प्राप्त नवीकरण प्रीमियम के कारण, कंपनी का GWP वित्त वर्ष 2024 के 9 महीनों में 14,860 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 13,028 करोड़ रुपये था।

ऑटो-भुगतान पंजीकरण, डिजिटल भुगतान इत्यादि जैसी पहलों के माध्यम से नवीनीकरण भुगतान प्रक्रियाओं को बढ़ाने पर मजबूत फोकस के कारण अधिकांश क्षेत्रों में लगातार बेहतर स्थिति बनी हुई है। 31 दिसंबर, 2023 तक पर्सिस्टेंसी 13वें महीने के लिए 83 प्रतिशत, 37वें महीने के लिए 65 प्रतिशत और 61वें महीने के लिए 51 प्रतिशत थी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की 9वीं तिमाही में नवीनीकरण प्रीमियम में 31 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की। पर्सिस्टेंसी में सुधार के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के कारण यह संभव हुआ। इसके अतिरिक्त मजबूत आईआरएनबी विकास और विविध उत्पाद मिश्रण पर ध्यान केंद्रित करने के कारण नए व्यापार मूल्य (एनबीवी) में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2023 के 9 महीनों के लिए 535 करोड़ रुपये से बढ़कर 9 महीनों के वित्त वर्ष 24 के लिए 581 करोड़ रुपये हो गया। बजाज आलियांज लाइफ पूरी तरह ग्राहकों को प्राथमिकता देती है, कंपनी तेजी से पॉलिसी जारी करने और अत्याधुनिक तकनीक द्वारा समर्थित विविध उत्पाद पेश करने पर जोर देती है। ग्राहकों ने मौजूदा उत्पाद समूह और नई पेशकशों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

## न्यूज18 इंडिया ने शुरू किया 'न्यूज18 इंडिया गूंज' रुबिका लियाकत संचालित कर रहीं एक अनोखा डिबेट शो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**न्यूज18** इंडिया ने अपना खास डिबेट शो 'न्यूज18 इंडिया गूंज' लांच कर दिया है। लोकप्रिय न्यूज एंकर रुबिका लियाकत इस कार्यक्रम को प्रस्तुत कर रही हैं। यह शो 21 फरवरी को शुरू हुआ है। यह सप्ताह में रोजाना शाम 5 बजे से 6 बजे तक प्रसारित होगा।

'न्यूज18 इंडिया गूंज' एक तेज तर्रार राजनीतिक समाचार डिबेट शो है। जो हर शाम लाखों समाचार दर्शकों के घरों में गूंजने लगा है। आगामी आम चुनावों की पृष्ठभूमि में लांच किया गया यह शो राजनीतिक स्पेक्ट्रम के जाने पहचाने प्रमुख चेहरों की भागीदारी के साथ बड़ी राजनीतिक खबरों को कवर कर रहा है। यह शो एक ऐसे फार्मेट में विभिन्न मुद्दों की जानकारी देता है, पड़ताल करता है, विश्लेषण करता है और उन मुद्दों पर बहस करता है, वैसा फार्मेट भारत में न्यूज टेलीविजन पर पहले कभी नहीं देखा गया। प्रत्येक एपिसोड चुनी गई खबरों (न्यूज स्टोरीज) पर असरदार विजुअल्स और ग्राफिक्स के साथ संक्षिप्त ब्योरे के साथ शुरू होता है। इसके बाद एक खास (एक्सक्लूसिव) सिगमेंट है। इसमें खबर के बारे में शोध पर आधारित अनकहे तथ्यों का खुलासा किया जाता है। इससे उस विषय पर दर्शकों की समझ को समृद्ध करने में मदद मिलती है। इसके बाद वाद-विवाद या डिबेट का सिगमेंट है। यह केंद्रीय स्तर पर संचालित होता है। इसमें पैनल की ओर से संक्षिप्त प्रारंभिक टिप्पणियां होती हैं और प्रत्येक भागीदार के लिए स्क्रीन पर उलटी गिनती चल रही होती है। शो में एक इंटरैक्टिव तत्व जोड़ने से, टीवी और डिजिटल दोनों के दर्शकों को ऑडियंस पोल में वोट करने और टिप्पणी करने का मौका मिलता है। परिणाम शो के अंत में घोषित किए जाते हैं। इससे बहस के मुद्दे पर जनता की सोच पता लगती है। संतुलित और सार्थक चर्चा सुनिश्चित करने के लिए, पैनल में एक प्रमुख पत्रकार/विश्लेषक को शो के रेफरी के रूप में रखा जाता है जो व्यावहारिक जानकारी प्रदान करता है और संवाद में गहराई लाता है। शो का समापन इस पोल के परिणामों और संबंधित विषय पर रुबिका लियाकत के अपने विचार के साथ होता है। इससे दर्शकों को चर्चा किए गए विषय की एक समाहित करती जानकारी दी जाती है।

इस शो के बारे में न्यूज18 इंडिया और हिंदी डिजिटल की संपादक, ज्योति कमल ने बताया, "आम चुनावों से पहले, यह शो दर्शकों को प्रमुख चुनावी मुद्दों और महत्वपूर्ण खबरों के बारे में विविधतापूर्ण नजरिए से व्यापक समझ प्रदान करने की दिशा में हमारा एक प्रयास है। यह शो दर्शकों के लिए इस तरह से बनाया गया है कि वे सटीक जानकारी के आधार पर अपनी राय बना सकें। दर्शकों को इतनी अच्छी तरह से सूचनाएं दी जाएंगी कि वे सटीक और मूल्यवान अंतर्दृष्टि के साथ अपने निष्कर्ष निकाल सकें। यह डिबेट शो दूसरे किसी भी शो से अलग है। मैं यह देखने के लिए काफी उत्सुक हूं कि दर्शक इसे किस तरह अपनाते हैं।" 21 फरवरी से 'न्यूज18 इंडिया गूंज' सप्ताह के दिनों में शाम 5 बजे से 6 बजे तक न्यूज18 इंडिया पर प्रसारित होने लगा है। यह चैनल के यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर भी स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होता है।

## लैंक्सेस इंडियाने गुजरात में रेनोडीव उत्पादन प्लांट का विस्तार पूरा किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**स्पेशियलटी** केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस ने झागड़िया, गुजरात में रेनोडीव की उत्पादन लाइन के संचालन और विस्तार का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस नए संयंत्र के साथ कंपनी की रीन केमी बिजनेस यूनिट की उत्पादन क्षमता उल्लेखनीय ढंग से बढ़ गई है। यह भारतीय उपमहाद्वीप और एशियाई टायर और रबर मार्केट की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगा।

नई उत्पादन यूनिट में आधुनिक उपकरणों और तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। इससे लैंक्सेस उच्च गुणवत्ता के टेक्नोलॉजी टायर रिलीज एजेंट्स का उत्पादन ज्यादा दक्षतापूर्वक कर पाएगा। लैंक्सेस का इसी तरह का एक दूसरा प्लांट अर्जेंटीना में भी है। हाई-परफॉर्मेंस टायर्स और मोल्डेड इलास्टोमर प्रॉडक्ट्स का उत्पादन पूरी तरह से प्रभावी रिलीज एजेंट्स के इस्तेमाल पर निर्भर करता है। टायरों और मोल्डेड इलास्टोमर प्रॉडक्ट्स के उत्पादन के लिए निर्माण की प्रक्रिया में सावधानी और स्क्रैप की कम दरें काफी महत्वपूर्ण है। रेनोडीव0 रिलीज एजेंट्स पूरी तरह से पानी पर आधारित, घुलनशील विशेषताओं* और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (वीओसी) से मुक्त है। इस तरह, यह पर्यावरण के अनकूल है। लैंक्सेस रीन केमी बिजनेस यूनिट प्रोसेस चेन के हर चरण में सोल्यूशंस के साथ मार्केट की समझ, उत्पादन के ज्ञान के साथ उपभोक्ताओं की हर तरह से मदद के लिए संपूर्ण सेवाएं मुहैया कराती हैं।

लैंक्सेस एजी के सीईओ और बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन मैथियास जैशर्ट ने कंपनी में हो रही नई विकास गतिविधियों पर कहा, भारत हमारे लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यह रणनीतिक उपलब्धि क्षेत्र के हमारे मूल्यवान उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की झलक देती है। इस नए प्लांट से न केवल कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि इससे भारतीय मार्केट की असीम क्षमता में हमारा भरोसा भी दिखेगा।"

रीन केमी बिजनेस यूनिट के ग्लोबल हेड डॉ. जेंस हेंड्रिक फिशर ने कहा, झागड़िया साइट पर हमारी रेनोडीव प्रोडक्शन लाइन का विस्तार लैंक्सेस इंडिया की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रबर इंडस्ट्री के विश्वसनीय भागीदार के रूप में यह हमारी स्थिति को मजबूत करता है और नवाचार और स्थिरता के लिए हमारी प्रतिबद्धता का समर्थन करता है।

## क्यू एंड आई ने प्रगतिशील जेईई एडवांस्ड लर्निंग सॉल्यूशन की नई पेशकश की घोषणा की है।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**शिक्षात्मक** प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी एक व्यक्ति के रूप में क्यू एंड आई, इस उत्कृष्ट जेईई एडवांस्ड समाधान का आगाज करने के लिए उत्साहित है। उत्कृष्टता के साथ विकसित, यह कटिंग-एज पेशकश परीक्षा की तैयारी रणनीतियों में एक महत्वपूर्ण उन्नति का चिह्न बनाता है। विनय सिंह, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ, थॉमसन डिजिटल और क्यू एंड आई के नेतृत्व में, यह रिलीज छात्रों और शिक्षकों के लिए जेईई एडवांस्ड अनुभव को पुन: परिभाषित करने का वादा करता है।

**मुख्य विशेषताएँ : 1) विशेषज्ञ प्रश्न सेट :** क्यू एंड आई का जेईई एडवांस्ड समाधान विशेष रूप से विशिष्ट विषयों और अध्यायों के लिए ध्यान से चुने गए प्रश्न प्रदान करता है। एक विस्तृत प्रकार के प्रश्नों को शामिल करके, जैसे कि बहुविकल्पीय, समझ, पूर्णांक, और मैच करना, यह संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करता है।

**2) व्यापक मूल्यांकन:** छात्र अब अपनी प्रगति और सफलता की संभावना को सटीकता से माप सकते हैं। क्यू एंड आई प्रदर्शन पर विस्तृत प्रतिक्रिया प्रदान करता है, जो छात्रों को अपने शक्तियों और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में सहायक है।

**3) व्यक्तिगत सिफारिशें :** उन्नत एल्गोरिदम का लाभ उठाते हुए, क्यू एंड आई व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर व्यक्तिगत सिफारिशें प्रदान करता है। यह छात्रों को अपने अध्ययन का समय अनुकूलित करने और कमजोर क्षेत्रों को प्रभावी रूप से संबोधित करने में सहायक है।

**4) वास्तविक परीक्षा अनुकरण :** क्यू एंड आई वास्तविक परीक्षा वातावरण को नकल करता है, जिससे छात्रों को वास्तविक परीक्षा के दबाव और समय की बाधाओं का अनुभव होता है। यह इस घोलनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है और परीक्षा लेने की रणनीतियों को सुधारता ।

## अखिल भारतीय मसाला निर्यातक मंच ने अंतरराष्ट्रीय मसाला सम्मेलन 2024 के 7वें संस्करण की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। गुडगाँव




**मार्च** 3-6 2024 गुड़गांव, भारत-ऑल इंडिया मसाला एक्सपोर्टर्स फोरम (AISEF) जल्द आयोजित करने जा रहा है अपना 7 वां अंतर्राष्ट्रीय मसाला सम्मेलन (ISC) जो कि 3 मार्च से 6 मार्च, 2024 तक गुड़गांव, दिल्ली-एनसीआर के हयात रीजेंसी में संपन्न होगा। कोचीन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री इस आयोजन के को-होस्ट होंगे। इस सम्मेलन में भारत और विदेश से बड़ी संख्या में मसाला व्यवसायी शामिल होंगे।

इस आईएससी 2024 सम्मेलन का विषय "शेपिंग द फ्यूचर ट्रेंड्स एंड इनसाइट्स" है, जो मसाला व्यवसाय में आनेवाली चुनौतियों और अवसरों पर केंद्रित होगा ताकि मसाला उद्योग को बढ़ावा मिल सके। यह विषय मसाला उद्योग की सफलता सहित नए प्रयोगों और गुणवत्ता के मानकों को भी सुनिश्चित करता है। आईएससी 2024 में विभिन्न मसालों की खेती और किसानों के सामने आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा होगी ताकि आनेवाले समय में मसाला व्यवसाय को बढ़ावा मिल सके।

इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, भारत के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ भागीदार श्री अभीक सिंघी के द्वारा किया जाएगा। सम्मेलन में वे "भविष्य को आकार देना द ग्रेट न्यू इंडिया स्टोरी" पर अपने विचार भी व्यक्त करेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में माननीय अतिथि मैककॉर्मिक के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ब्रेंडन एम. फोले, "वैश्विक मसाला उद्योग का भविष्य" विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस सम्मेलन का दूसरा दिन, 4 मार्च की सुबह "जलवायु परिवर्तन और स्थिरता" विषय के साथ शुरू होगा, इसके बाद "वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में परिवर्तन और चुनौतियां" इस विषय पर भी चर्चा की जाएगी। दूसरे दिन दोपहर को "मसालों में कीटनाशकों के अवशेष" विषय पर गहरी चर्चा होगी। तीसरे दिन (5 मार्च) की शुरूआत "मसालों और मसालों में मूल्यवर्धन" और "खाद्य सुरक्षा पर विनियमों में चुनौतियां" विषय पर पैनल चर्चा के साथ होगी। इसके साथ ही तीसरे दिन की दोपहर को छोटे मसालों के उत्पादन, आपूर्ति और मांग को कवर करने वाले "फसलें और बाजार" सत्र की पीपीटी प्रस्तुतियां दी जाएँगी। चौथे दिन 6 मार्च को इस सम्मेलन के समापन पर "फसलें और बाज़ार काली मिर्च, मिर्च, जीरा और हल्दी" विषय पर ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों के साथ किया जायेगा।

# लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त खड़गटा ने वीसी के जरिए भरतपुर कलेक्टर के साथ बैठक की

## सूचना के त्वरित आदान-प्रदान को प्रत्येक स्तर पर बने सोशल मीडिया ग्रुप

### शराब वितरण, अवैध हथियारों की रोकथाम के संबंध में बढ़ाया जाए आपसी तालमेल

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने लोकसभा चुनाव को लेकर जिला भरतपुर के कलेक्टर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की।

लघु सचिवालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल से बैठक में भाग लेते हुए उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने भरतपुर के कलेक्टर को आगामी लोकसभा चुनाव के मध्येनजर सुझाव दिया कि सूचना के त्वरित आदान-प्रदान को प्रत्येक स्तर पर सोशल मीडिया ग्रुप बनवाने, ऐसे संदिग्ध तत्व जो चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है की सूची बनवाने, एक्ससाईज व पुलिस अधिकारियों की निरंतर गस्त, असामाजिक तत्वों के आने - जाने एवं सीमावर्ती क्षेत्रों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनवाने, वाहन चैकिंग के लिए चेक पोस्ट बनवाने, अवैध व नकली मदिरा, शराब वितरण, अवैध हथियार, नकदी एवं गुंडा तत्वों पर रोकथाम के संबंध में आपसी तालमेल बढ़ाया जाए ।

उन्होंने कहा कि सीमावर्ती जिलों में ऐसे सक्रिय गैंग जो आपराधिक वारदातों एवं घटनाओं को अंजाम देने के बाद सीमा पार कर जाते हैं उन पर पूरी निगरानी रखी जाये । सीमावर्ती क्षेत्रों के हिस्ट्रीशीटर, असामाजिक तत्वों एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की सूचनाओं का आदान-प्रदान करने का सुझाव दिया । उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की सूची तैयार कर साझा करें जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं, ताकि संबंधित पर निगरानी रखी जा सके । उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय शराब माफिया, हथियार माफिया एवं अधिक कैश का लेनदेन करने वाले व्यक्तियों पर निगरानी रखने का भी सुझाव दिया ।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए सीमावर्ती जिलों के अधिकारी निरंतर संवाद बनाए रखकर कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि चुनाव के दौरान हरियाणा राज्य के सीमावर्ती जिलों में भी पूरी सतर्कता बरती जायेगी। उन्होंने ने सीमावर्ती क्षेत्रों में निवासरत हिस्ट्रीशीटर एवं अपराधियों को चिन्हित कर जिला प्रशासनिक अधिकारियों एवं जिला पुलिस अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय बनाकर अपराधियों पर संयुक्त रूप से नाकाबंदी के साथ लगाम लगाने के लिए तंत्र को मजबूत करने का सुझाव दिया।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर रंगोली एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**फिरोजपुर झिरका।** विज्ञान एवं मैथ्स सर्कल के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में रंगोली एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने पुरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ पवन कुमार ने बताया कि पीएम श्री स्कीम अंतर्गत स्कूल मे कक्षा 6-7, आठवीं, 9 वी, 10 वी, एवं 11-12 वीं के लिए पांच सर्कल बनाए गए। जिसमें समय-समय पर विज्ञान एवं गणित से संबंधित क्विज, पोस्टर मेकिंग, रीजनिंग प्रोजेक्ट मेकिंग, स्पीच आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

प्राचार्य परवीन सैनी ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले सबरुना, मुस्कान, कंचन, आरस्तून, सनोवर, समीर, मौहम्मद जैद, छाया, राखी, पुष्पेंद्र सहित 60 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे हरिओम गोयल, राजीव मित्तल, अनिता देवी, गीता रानी, मौहम्मद शाहिद, मो नाजिम, पदम सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त समाचार

### जीयू का देश की प्रतिष्ठित लॉ फर्मों के साथ साइन एमओयू



विवि में एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद फाइलों का आदान-प्रदान करते अधिकारी।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के विधि विभाग के छात्रों को इंटर्नशिप के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने देश की प्रतिष्ठित लॉ फर्मों इंडिया ज्यूरिस, लखन पाल मंगला एंड कंपनी, के.एम.एस लॉ फर्म, के साथ एमओयू किया। इस करार पर गुरुग्राम विवि की तरफ से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह, के.एम.एस लॉ फर्म की ओर से निदेशक विकास वर्मा, लखन पाल मंगला एंड कंपनी की तरफ से मैनेजिंग पार्टनर अतुल मंगला और इंडिया ज्यूरिस (लॉ फर्म) की तरफ से मैनेजिंग पार्टनर समीर रस्तोगी ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इस करार के तहत विधि छात्रों को इंटर्नशिप के माध्यम से वकालत करने के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए जीयू के छात्रों को दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर, गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद, चंडीगढ़ में बड़े अधिवक्ताओं के चैंबर के साथ जोड़ा जाएगा और वहीं उन्हे प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत छात्रों को अदालतों और मुकदमेबाजी से परिचित करवाया जाएगा। छात्र कानून की विभिन्न धाराओं में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। आगे कुलपति ने बताया कि इस एमओयू के तहत इंडिया ज्यूरिस फर्म स्टार्टअप्स के लिए इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया और उसके लिए नीतिगत ढांचे में विश्वविद्यालय का मार्गदर्शन करेगी। इस मौके पर प्रो. राकेश योगी, प्रो. श्वेता बजाज, डॉ. रेनू चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता विनीत बजाज भी उपस्थित रहे।

### 100 टीबी रोगियों को रआवंटित की गई प्रोटीन किट

**गुरुग्राम।** टीबी मुक्त भारत-टीबी मुक्त गुरुग्राम कार्यक्रम के तहत टीबी रोग जागरुकता एवं उच्च प्रोटीन किट वितरण शिविर लगाया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने सचिव विकास कुमार के नेतृत्व में रेड क्रॉस सोसायटी के कार्यों की सराहना की। शिविर का संचालन जिला टीबी कोऑर्डिनेटर रोहिताश शर्मा ने किया। यहां 75 टीबी रोगियों को उच्च प्रोटीन किट का वितरण जमना ऑटो की ओर से टीबी प्रोजेक्ट रेड क्रॉस सोसायटी गुरुग्राम द्वारा किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने मार्गदर्शन करते हुए बताया कि व्यक्ति मानसिक रूप से खुश रहता है तो वह शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में रेड क्रॉस सोसायटी का काम सराहनीय है। हर समय जरुरतमंदों के लिए सोसायटी के सदस्य तैयार रहते हैं। सचिव विकास कुमार ने कहा कि आसपास में किसी भी व्यक्ति को टीबी के लक्षण नजर आए तो उनको नजदीकी सिविल अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी जाने की सलाह दें, ताकि उनको निशुल्क व उत्तम सुविधा का लाभ मिले। इस अवसर पर जमना आटो से सीएसआर हेड संयम मराठा ने सभी टीबी रोगियों के स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रोहिताश शर्मा ने संयम मराठा, सीएमओ डॉ. वीरेंद्र यादव, हंसराज शर्मा राही फाऊंडेशन, कल्याणी सचान का विशेष आभार जताया। इस अवसर पर वनीता पीटर, सुषमा रानी, कविता सरकार, मंजू शर्मा, सुमित आदि ने शिविर को सफल बनाने में सराहनीय सहयोग किया।

### सोहना में स्वगत द्वार का निर्माण कार्य हुआ शुरू



**सोहना।** शहर में स्वागत द्वार बनाने की कवायद शुरू हो गई है। शहर की चुंगी नंबर दो नागरिक अस्पताल मार्ग पर द्वार का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा शुरु कर दिया है। शहर के 10 अलग-अलग स्थानों पर स्वागत द्वार बनाएं जाएंगे। नगर परिषद द्वारा बनाएं जाने वाले शहर के सौंदर्यीकरण में स्वागत् द्वार निर्माण कराने की कवायद शुरू हो गई है। पहला स्वागत् द्वारा निर्माण कार्य चुंगी नंबर दो से नागरिक अस्पताल मार्ग के शुरुआत में तैयार किया जा रहा है। शहर की सुन्दरता को चार चांद लगाने के उद्देश्य से चुंगी नंबर एक, अस्पताल मार्ग, सामान्य बस स्टैंड मार्ग, महाराजा अग्रसैन मार्ग, देवीलाल मार्ग, राजीव गांधी पार्क, दमदमा मार्ग, बालूदा मार्ग, पलवल मार्ग तथा एक धार्मिक स्थल वार्ड-20 में कुरुणामई माता मंदिर के नाम पर करुणा द्वार शामिल है। नप जेई दिगम्बर सिंह ने बताया कि शहर का सौंदर्यीकरण का कार्य बहुत ही जल्द तेजी से होगा। स्वागत् द्वार निर्माण के कार्यो की प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो गई है। जिनका तेजी से निर्माण कार्य भी किया जाएगा।

### मार्केट कमेटी प्रशासन ने फसलों की सरकारी खरीद के लिए तैयारियां की शुरू

**सोहना।** मार्केट कमेटी ने गेहूं व सरसों की सरकारी खरीद को लेकर तैयारियां शुरु कर दी है। मंडी परिसर में अतिक्रमण करने वालों को जल्द ही नोटिस दिए जाएंगे। दुकान और आढ़तों के सामने लगे टीन सैड हटाएं जाएंगे। एक अप्रैल से स्थानीय मंडी में गेहूं व सरसो की सरकारी खरीद होनी है। इससे पहले मंडी परिसर में हो रहा अतिक्रमण और और अवैध कब्जों को हटाया जाएगा। जिसको लेकर मार्केट कमेटी प्रशासन ने फसल बिक्री के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। मार्केट कमेटी प्रशासन गेहूं व सरसों की ढेरियां लगाने के लिए खाली स्थान की सुविधा किसानों को उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू कर दी है। रेहड़ी-ठेला लगाने वालों मंडी परिसर से बाहर भेजना शुरू कर दिया है। किसानों को पेयजल से लेकर शौचालयों की सुविधा उपलब्ध कराने की शुरू कर दी है। मार्केट कमेटी शुक्रवार से दुकान व आढ़त के बाहर टीन सैड लगाने वालों को नोटिस देना शुरू करेगी। मंडी की सड़कों पर रखा सामान को हटाया जाएगा। जिससे किसानों के वाहन आसानी से मंडी में आ जा सके। मार्केट कमेटी प्रशासन ने गेहूं व सरसों लाने वाले किसानों के काटे जाने वाले टोकन के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना कर दी है। ताकि मंडी गेट पर किसान अपने फसल को बिक्री से पहले पंजीकरण करा सकेंगे। उसी किसान का गेहूं व सरसों को सरकारी खाते में खरीदा जाएगा। जो किसान गेट पास लेकर आएगा। मार्केट कमेटी सोहना की सचिव सुनीता शर्मा ने बतया कि फसलों की सरकारी खरीद कब से शुरु होनी है। यह तिथि अभी तक उनके पास नहीं आई है। लेकिन सरकारी खरीद के दौरान किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी पहले से ही करनी होती है।

पायनियर क्लासीफाइड

बेदखल सूचना

मैं, रामसरूप (आधार नम्बर 8070 6269 3247) सुपुत्र श्री चाव सिंह निवासी वार्ड नम्बर 01, बन्द कॉलोनी, सोहना तहसील सोहना जिला गुरुग्राम, हरियाणा बयान करता हूं, कि मेरे दोनों पुत्र महेन्द्र व पुत्रवधु रिन्की और पुत्र गोबिन्द व पुत्रवधु पूजा इनके दोनों बच्चे मेरे व परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं तथा हमसे रोजाना लड़ाई-झगड़ा करते हैं, इसलिए मैंने अपने पुत्र महेन्द्र व पुत्रवधु रिन्की तथा पुत्र गोबिन्द व पुत्रवधु पूजा व इनके दोनों बच्चो को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है, भविष्य में इन सभी से लेन-देन या व्यवहार आदि रखने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा, मेरी व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य का इन सभी से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

# आम चुनाव को लेकर सेक्टर अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

### सभी के पास उनके क्षेत्र का नक्शा व रूट चार्ट होना जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**निकट** भविष्य में होने वाले लोकसभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिला नूंह क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में सेक्टर अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन लघु सचिवालय के सभागार में किया गया।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि निर्वाचन से पहले की प्रक्रिया बहुत महत्वपूर्ण होती है। सेक्टर अधिकारी निर्वाचन को लेकर अपनी सारी तैयारियों का एक बार रिव्यू कर लेवें। जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और निर्विघन संपन्न कराया जा सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सेक्टर अधिकारियों के पास उनके क्षेत्र का नक्शा व रूट चार्ट होना अनिवार्य है। अपने क्षेत्र के पोलिंग बूथ का भ्रमण करें और वहां बिजली, पानी, शौचालय व अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की जांच समय रहते कर लें। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के आरओ और माईक्रों आर्ब्जवर के संपर्क में रहे। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया में अपना बेस्ट परफामेंस दें। अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए की गई सभी आवश्यक तैयारियों को देख लें। अपने सूचना तंत्र को मजबूत बनाएं। इस दौरान उन्होंने बताया गया कि सेक्टर ऑफिसर का पद निर्वाचन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण पद है, सेक्टर अधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि उन्हें मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, चुनावी प्रबंधन मतदान प्रक्रिया ई.वी.एम तथा वीवी पेट में खराबी, उसकी कार्यप्रणाली, आदर्श आचरण संहिता, कानून व्यवस्था का ज्ञान रहे।

सेक्टर ऑफिसर अपने सेक्टर के अधीन समस्त मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न करवाए। प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों के कार्य एवं उत्तरदायित्वों को विस्तारपूर्वक बताया गया। उपायुक्त ने कहा कि सेक्टर ऑफिसरों के कार्य जिम्मेदारी निर्वाचन ड्यूटी आदेश मिलने के साथ शुरू हो जाती है और मतदान समाप्ति तक बनी रहती है तब तक कि उनके सेक्टर के अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों की मतदान सामग्री एवं समस्त प्रपत्र जमा न हो जाये, सेक्टर ऑफिसरों को मतदान के पूर्व मतदान केन्द्र संबंधी कार्य, मतदान सामग्री वितरण दिवस के कार्य मतदान दिवस के एक दिन पूर्व के कार्य और मतदान दिवस के कार्य के बारे में बताया गया। सेक्टर अधिकारियों को महत्वपूर्ण मतदान केन्द्र एवं असुरक्षित मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर उनके मापदंडों के बारे में बताया गया।

रिटर्निंग अधिकारी ने चुनाव से जुडे सभी सैक्टर अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे चुनावी डयूटी को पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी प्रकार की देरी एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में निष्पक्षता दिखाई देने के साथ-साथ व्यवहार में भी झलकनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन पोलिंग पार्टियों को कोई कठिनाई अथवा असुविधा का सामना न करना पड़े।

# नाराज कर्मचारियों ने विरोध-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

## 9 मार्च को सीएम से करेंगे मुलाकात



सिटी मजिस्ट्रेट अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपने आते हुए कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

कर्मचारी इन दिनों सरकार से पूरी तरह से खफा है। ग्रामीण चौकीदार, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, जलकर्मी ऑनलाइन हाजिरी को लेकर खासे नाराज हैं। नाराज कर्मचारियों ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर नूंह में प्रदर्शन व नारेबाजी कर सिटी मजिस्ट्रेट अशोक कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन भेजा। इतना ही नहीं कर्मचारियों ने दो टूक कहा कि अगर उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया तो आगामी में 9 मार्च को नूंह जिले के बडकली चौक पर रैली को संबोधित करने आ रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भी मुलाकात की जाएगी।

ग्रामीण चौकीदार, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, जलकर्मियों का कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी लगाने के बारे में सरकार ने आदेश जारी किया है और इन हाजरियों को ग्राम सचिव, सरपंच वेरिफिकेशन करने के बाद कर्मचारियों के पैसे दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरपंच व सचिवों की वेरिफिकेशन को हटाया जाए। इस वेरिफिकेशन से तीनों विभागों के कर्मचारी गुलामी की तरफ बढ़ जाएंगे। गांव में पार्टी लेवल बहुत ज्यादा होता है और झगड़ा भी हो सकते हैं। इसलिए सरपंच कर्मचारियों से बेगार कराएंगे और पार्टी लेवल की वजह से हाजरियों की वेरिफिकेशन नहीं करेंगे। इसलिए कर्मचारी चाहते हैं की हाजिरी सरपंचों के अधीन ना करके ब्लॉक में ही ली जाए। अगर कर्मचारी सरपंच की पार्टी के खिलाफ होगा तो कर्मचारी के पैसे नहीं देंगे और उन्हें हटाने की धमकी देंगे। कर्मचारियों को कहना है कि उनकी जगह नए कर्मचारी लगा दिए जाएंगे। इसलिए ऑनलाइन प्रक्रिया को बंद किया जाए और कर्मचारियों को पहले की तरह ही काम पर रखा जाए।

अब देखना यह है कि सरकार इन कर्मचारियों की मांगों पर क्या संज्ञान लेती है, लेकिन इतना जरूर है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दौरे से ठीक पहले इन तीनों विभागों के कर्मचारियों ने अपनी नाराजगी ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर दर्ज करा दी है। ऑनलाइन उपस्थिति उपरोक्त कर्मचारियों को कतई भी रास नहीं आ रही है, इसलिए सब एकजुट होकर अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

## उपायुक्त ने दो एंबुलेंस को हरीझंडी दिखा किया रवाना



**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर से पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से संचालित मोबाइल वैटनरी यूनिट के तहत दो एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मोबाइल यूनिट उपमंडल तावडू व फिरोजपुर झिरका में चलाई जाएंगी, जिनके माध्यम से पशुपालकों को पशुओं के इलाज, कृत्रिम गर्भाधान, लैब टेस्ट सहित अन्य इलाज की सुविधाएं 24 घंटे व सात दिनों निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।

उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल ने गत 25 फरवरी को महेंद्रगढ़ में आयोजित राज्यस्तरीय पशु प्रदर्शनी एवं पशु मेला कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के सभी जिलो के लिए पशुपालकों को सौगात के रूप में 70 एंबुलेंस उपलब्ध करवाई थी, जिनमें से जिला नूंह को दो एंबुलेंस मिली हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा शुरुआत में उपमंडल तावडू व फिरोजपुर झिरका को यह एंबुलेंस उपलब्ध करवाई हैं।

पशुपालन विभाग के उप निदेशक डा. विरेंद्र सहरावत ने बताया कि इन एंबुलेंस के माध्यम से पशुपालकों को पशुओं के इलाज, कृत्रिम गर्भाधान सहित विभिन्न प्रकार इलाज, लैब टेस्ट की मोबाइल सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। सरकार द्वारा हिसार के वैटनरी संस्थान में स्थापित हैल्प कॉल सेंटर, जिसका नंबर 1962 है, इस मोबाइल एंबुलेंस की सुविधा पशुलपालकों को उपलब्ध करवाई जाएगी।

# बीईओ कुमार ने जगाई शिक्षा की अलख

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**खंड** शिक्षा अधिकारी नूंह जगदीश कुमार कह सेवानिवृत्ति पर कस्तूरबा बालिका विद्यालय नूंह में आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने शिरकत की। आपको बता दे की मुख्य अतिथि के साथ-साथ सुखबीर सिंह तंवर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक व पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी डॉ सद्दीक अहमद भी मौजूद रहे।

जगदीश कुमार ने 32 साल अपनी सेवा दी है। अपने कार्यकाल में उन्होंने काफी बच्चों को शिक्षा देकर उनका जीवन आसान बनाया है। कुल मिलाकर जगदीश कुमार ने शिक्षा जगत में अलग नाम रोशन किया है। जगदीश कुमार ने अपने सभी स्टाफ सहित उच्च अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि मेवात में मुझे काफी मान सम्मान मिला है मेवात शिक्षा में बेशक पिछड़ा हो लेकिन यहां के लोग बहुत ही सज्जन लोग हैं। उन्होंने कहा कि मेवात में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर मेवात मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार शास्त्री व रविंद्र कुमार जैन, हसमत अली, शाहआलम, गजराज, सुनिल, साबिर, जुबैर, गजेंद्र, नफीस अहमद चांदनी सहित सभी स्टाफ मौजूद रहा।

# मेवात के पदक विजेता पुलिस जवान को एसपी ने किया सम्मानित

## स्वीडन में होने वाली वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दिखाएगा जौहर

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



पदक विजेता इकलास को सम्मानित करते नूंह एसपी।

**नूंह** मेवात के गांव गवारका के रहने वाले व द्वितीय बटालियन आई.आर.बी के प्रधान सिपाही इकलास को पुणे महाराष्ट्र में 13 से 17 फरवरी तक आयोजित हुई 44 वें मास्टर नेशनल गेम्स प्रतियोगिता में पदक हासिल करने पर नूंह पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया ने बधाई देते हुए सम्मानित किया है। इस प्रतियोगिता में दो पदक हासिल करने वाले इस मेवाती पुलिस जवान को अब स्वीडन में होने वाली वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इसके लिए भी नूंह एसपी ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।इसके अलावा मेवात के लोगों ने भी वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक्स में चयन होने पर खुशी जाहिर करते हुए इकलास को बधाई दी है।

नूंह पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार के मुताबिक तावडू उपमंडल के गांव ग्वारका के रहने वाले द्वितीय बटालियन आईआरबी के प्रधान सिपाही इकलास ने पुणे महाराष्ट्र में 13 से 17 फरवरी तक आयोजित 44 वें मास्टर नेशनल गेम में 3000 मीटर बाधा दौड़ में भाग लेते हुए बाधा दौड़ को 12 मिनट 39 सेकंड की समयावधि में पूरा कर तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। वहीं 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ को 4 मिनट 13 सेकंड में पूरा कर उसमें द्वितीय स्थान पर रहते हुए सिल्वर पदक हासिल किया। प्रधान सिपाही इकलास की कामयाबी पर नूंह पुलिस अधीक्षक एवं कमांडेंट द्वितीय बटालियन आईआरबी नरेंद्र बिजारणियां ने अपने कार्यालय में इकलास को सम्मानित किया। इसके अलावा आगामी अगस्त माह में स्वीडन के गोथेनबर्क शहर में होने जा रही विश्व मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप चयन होने पर भी इस मेवाती पुलिस जवान को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया ने कहा कि खेलों में युवाओं का भविष्य सुरक्षित है इसलिए वह खेलों में अवश्य भाग ले प्रदेश सरकार द्वारा भी खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए बहुत सारे कार्यक्रमों का आयोजन कर उनको आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जाता है।

बता दें कि मेवाती पुलिस जवान इकलास एक होनहार एथलीट है। जिसने अब तक राज्य और राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर दो दर्जन से अधिक स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक हासिल किए है। अब वह विश्व मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में भी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगी। वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन बड़े पैमाने पर होता है। जो करीब दो सप्ताह तक चलता है। इसमें सौ से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 35 वर्ष से अधिक की उम्र के लगभग आठ हजार एथलीट भाग लेने के लिए शामिल होते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## वायु प्रदूषण
### समस्या गंभीर

**वायु प्रदूषण** की समस्या गंभीर है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण-एनजीटी ने 53 शहरों में खराब वायु गुणवत्ता पर कार्रवाई का आह्वान किया है जिससे समस्या की गंभीरता का पता चलता है। दुनिया के हमारे हिस्से में वायु गुणवत्ता बहुत खराब है और वास्तव में यह सांस लेने योग्य भी नहीं है, लेकिन हमने इसके साथ जीना सीख लिया है। एनजीटी ने देश के 53 शहरों को वायु प्रदूषण में योगदान करने वाला मानते हुए इसे नियंत्रित करने के उपायों का सुझाव दिया है। वायु प्रदूषण हमें धीरे-धीरे मार रहा है, पर इसे नियंत्रित करने के लिए कुछ खास नहीं किया गया है। जब कोई शहर वायु गुणवत्ता सूचकांक-एक्यूआई के 'बहुत खतरनाक' स्तर पर पहुंचने के कारण गैस चैंबर बन जाता है तो त्वरित प्रतिक्रिया होती है। ऐसे में अधिकारी आमतौर से कुछ सतही कदम उठाते हैं, लेकिन इनसे समस्या की जड़ पर प्रहार नहीं होता है। लेकिन जैसे ही एक्यूआई 'खराब' के स्तर पर वापस आता है, इसे सामान्य मान लिया जाता है और फिर कोई कार्रवाई नहीं होती है। एनजीटी का कदम वायु गुणवत्ता की समस्या गंभीर होने को रेखांकित करता है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य व पर्यावरण सुरक्षा के लिए समग्र कार्रवाई की आवश्यकता उजागर होती है। दशकों से वायु प्रदूषण एक बड़ी पर्यावरणीय व स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभरा है। भारत में तेजी से शहरीकरण, औद्योगीकरण, वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन तथा कृषि व्यवहारों के चलते वायु गुणवत्ता खराब हुई है। ऐसी हवा में लंबे समय तक रहने के नतीजे खतरनाक होते हैं जिनसे श्वसन रोग, कार्डियोवैस्कुलर रोग तथा जल्दी मौत तक हो सकती है।



लेकिन हम सबकी आदत जानलेवा वायु गुणवत्ता की शिकायत किए बिना काम करते रहने की है। इससे हमारी आंखों में जलन होती है तथा फेफड़े बरबाद हो जाते हैं। खराब वायु गुणवत्ता समस्या से निपटने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता, खोजी समाधानों तथा सामूहिक जिम्मेदारी अनुभव करने की जरूरत है।

बढ़ते हुए संकट से निपटने के लिए एनजीटी का 53 शहरों के लिए निर्देश सामयिक हस्तक्षेप है। इन शहरों से प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करने तथा उनसे निपटने के उपाय करने को कहा गया है। इस निर्देश से एनजीटी का उद्देश्य स्वच्छ वायु तथा स्वस्थ जीने योग्य परिवेश के लिए सक्रिय प्रयास करना है। स्रोतों तथा उनके तुलनात्मक योगदान को समझने से प्रदूषण पर प्रभावी लगाम लगाने के लिए लक्षित रणनीतियां बनाने में सहायता मिलेगी। समान रूप से इन शहरों द्वारा प्रदूषण घटाने के कदम परिभाषित करना जरूरी है। इसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए जिसमें नियामक उपाय, तकनीकी हस्तक्षेप, सार्वजनिक जागरूकता अभियान तथा सभी पक्षों के सामूहिक प्रयास शामिल हैं। हालांकि, वायु प्रदूषण समस्या के समाधान में एनजीटी के निर्देश महत्वपूर्ण कदम हैं, पर अभी अनेक चुनौतियों का सामना करना है। क्रियान्वयन में आने वाली बाधायें और कमियां, संसाधनों का संकट तथा सार्वजनिक जागरूकता की कमी बड़ी बाधायें हैं। वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए स्थानीय, क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तरों पर सुनियोजित प्रयासों की जरूरत है जिसके लिए नीतिगत संगति, अंतर-क्षेत्रीय समन्वय तथा सामुदायिक सहभागिता जरूरी है। दुर्भाग्य से अतीत के अनुभव ज्यादा उम्मीद नहीं जगाते हैं, अतः हमें ज्यादा आशावादी होने की जरूरत नहीं है। वायु प्रदूषण समस्या के वास्तविक समाधान के लिए लोगों को अच्छी गुणवत्ता वाली हवा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाना चाहिए। देश में जहरीली हवा से निपटने के लिए जन-जागरूकता व जन-अभियान की जरूरत है। इसके बिना समस्या समाधान कठिन है।

# पाकिस्तान सरकार के समक्ष चुनौतियां

**पाकिस्तान में बदनाम पीएमएल-एन व पीपीपी के हाथ मिलाने से 'चयनित' सरकार का गठन हो गया है, लेकिन इससे देश में लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियां बनी रहेंगी।**



**भोपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)



पाकिस्तान में बदनाम पीएमएल-एन व पीपीपी के हाथ मिलाने से 'चयनित' सरकार का गठन हो गया है, लेकिन इससे देश में लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियां बनी रहेंगी। पाकिस्तान में इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीके इन्साफ-पीटीआई को हाल में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा है। उसके नेतृत्व के अनेक लोगों ने साथ छोड़ दिया, पार्टी का नाम और झंडा जब्त हो गया तथा स्वयं इमरान खान को जेल में बंद कर दिया गया। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने दबावों व हथकंडों का सामना किया और उनकी पार्टी संख्या के हिसाब से 'निर्दलीयों' के सबसे बड़े गठबंधन के रूप में उभरी। वर्तमान स्थितियों में नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-पीएमएलएन और बिलावल भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी-पीपीपी को बहुत अच्छा मौका मिल गया। इसके साथ ही उनको राष्ट्रीय चुनाव में पाकिस्तानी 'अवस्थापना' यानी सेना का परोक्ष समर्थन भी मिला।

इसके बावजूद उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। लेकिन पाकिस्तान में अब तक 'निर्वाचित' के बजाय सेना द्वारा 'चयनित' सरकार की परंपरा रही है और इस चुनाव में भी वह परंपरा बनी रही। इसी परंपरा के चलते पूरी तरह बदनाम हो चुकी पीएमएलएन और पीपीपी ने हाथ मिला कर आखिरकार सरकार बना ली। रावलपिंडी छावनी में मौजूद चार जनरलों ने 'चयन' कर सरकार बनाई या दूसरों को सरकार बनाने से 'वंचित' कर दिया। इस प्रकार पाकिस्तान में लोकतंत्र की विभीषिका पहले की तरह बनी रही। जैसे सेना से संकेत पा कर सुप्रीम कोर्ट ने वह याचिका खारिज कर दी जिसमें आम चुनाव परिणाम रद्द करने की मांग की गई थी। इससे एक याचिकाकर्ता ने इसे धोखाधड़ी, दुर्व्यवहार और हेराफेरी कहते हुए अदालतों की खिंचाई कर डाली। याचिकाकर्ता एक कोर्ट-मार्शल के शिकार हुए ब्रिगेडियर थे और शायद वे पाकिस्तानी सेना से बदला लेना चाहते थे। उन्होंने कहा कि अदालतें भी पाकिस्तान में लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की जिम्मेदार हैं।

भले ही इस घटनाक्रम से पीएमएलएन और पीपीपी ने निजी और सामूहिक रूप से राहत की सांस ली हो और वे पाकिस्तानी सेना की सहायता से एक 'चयनित' सरकार बनाने में सफल हुए। लेकिन यह राहत अल्पकालीन है क्योंकि भविष्य में वे और अधिक अलोकप्रिय हो सकती हैं। पाकिस्तानी सरकार में नए गठबंधन के लिए यह पसंद का मामला होने के बजाय मजबूरी और आवश्यकता थी। हालांकि, पहले दिन से ही उनके बीच हितों के टकराव तथा एक प्रकार से जागीरदारी में बंटवारे पर संघर्ष की आशंका है। इसके साथ ही नवगठित सरकार को अनेक मुद्दों पर 'लाल रेखाओं' का सामना करना पड़ेगा जो उनके सामने आक्रामक जनरलों ने खींच दी हैं। इससे सिविलियन सरकार को मिलने वाली स्वतंत्रता की कोई अवधारणा स्वतः ही खंडित हो जाती है। इसका अर्थ है कि राष्ट्रीय मामलों में निर्णय लेने में पाकिस्तानी सेना की वरीयता बनी रहेगी। पाकिस्तानी सेना जहां पाकिस्तान का मुकाबला करने वाले आतंकी समूहों, जैसे तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी को कुचलना चाहेगी, वहीं वह संयुक्त राज्य अमेरिका से रिश्ते सुधारने तथा नस्ली तनावों को घटाने में भी दिलचस्पी लेगी। इसके कारण नियंत्रण रेखा के पार ऐतिहासिक दुश्मनों व भारत से तनाव बढ़ेगा।

पाकिस्तानी सेना इस रास्ते से आम जनता के बीच अपनी छवि, भूमिका और प्रासंगिकता सुधारने का प्रयास करेगी। भारत के दृष्टिकोण से देखें तो पाकिस्तानी सेना की यह प्रवृत्ति जानबूझ कर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ाने की होगी जिससे भारत-पाक विमर्श प्रभावित होगा। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ाने की पाकिस्तानी सेना की यह रणनीति पाकिस्तानी नागरिकों को भ्रमित करने के लिए काफी होगी, हालांकि इसका नतीजा शायद कोई पाकिस्तानी सैनिक कार्रवाई या युद्ध नहीं होगा। इस प्रकार आने वाले अलोकप्रिय गठबंधन की समस्यायें कर्ज के 'भारी' बोझ से और बढ़ेंगी जिसे बर्दाश्त करना अब असंभव हो गया है। हसके साथ ही सेना पर नियंत्रण, खूनी आतंकवाद पर लगाम तथा पड़ोसी देशों व 'पश्चिम' के साथ टूटे संबंधों की समस्यायें बनी रहेंगी।

कर्ज संकट के कारण राजकोषीय उपाय कठोर करने होंगे तथा समाज कल्याण सेवाओं पर खर्च घटेगा। पाकिस्तान पहले ही अभूतपूर्व मुद्रास्फीति और खाली खजाने का सामना कर रहा है। इससे वह पीड़ित नागरिकों को कोई 'राहत' देने की स्थिति में नहीं है और इसके बजाय संकट से निपटने के लिए कुछ अलोकप्रिय कदम उठाना उसकी मजबूरी होगी।

कुल मिला कर देखें तो यदि जनता के दबाव में वर्तमान गठबंधन विफल हो जाता है और सरकार गिर जाती है तो सेना के जनरल स्वयं को किसी 'दोषारोपण' से मुक्त करने में सफल होंगे। वे पहले भी 'सरकार' चलाने के बावजूद ऐसा करने में सफल रहे हैं। इसके बाद सेना इमरान खान को वापस ला सकती है या कोई दूसरी राष्ट्रीय सरकार बना सकती है। सेना पहले भी अपनी ताकत से गठबंधन बनाने और बिगाड़ने का काम करती रही है। पाकिस्तानी सेना ने 2018 में पीएमएलएन को खारिज कर पीटीआई का 'चयन' किया था, जबकि 2024 में उसने ठीक इसका उल्टा किया है। इस्लामाबाद के एक थिंकटैंक 'तबालदाब' ने पाकिस्तानी संकट की गंभीरता पर अपनी रिपोर्ट 'अ रेजिंग फायर: पाकिस्तान्स डेट क्राइसिस' में बताया है कि इस्लामाबाद का कर्ज और दायित्व असाधारण रूप से 271.2 बिलियन डालर पहुंच गया है।

लेकिन संकट से बचने में सारे संसाधन लगाने के बजाय पाकिस्तान और भयानक संकट की ओर बढ़ रहा है। उस पर 49.5 बिलियन डालर कर्ज का भुगतान करने का दबाव है जिस पर 30 प्रतिशत ब्याज देना होगा। पुराने और भावी कर्जदाताओं की शर्तों को देखते हुए पाकिस्तान की छवि तथा उसका राष्ट्रीय गौरव मिट्टी में मिल गया है। इस स्थिति के कारण विनाशकारी सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव पड़ेंगे। इमरान खान भी वर्तमान सरकार को चैन से नहीं बैठने देंगे। वे सरकार के सारे कदमों का डट कर विरोध करेंगे तथा इसके लिए आक्रामक भाषा, नारेबाजी और लोकरंजकता का प्रयोग करेंगे। इससे बचने के लिए इमरान खान को राजनीतिक रूप से अप्रासांगिक बनाना होगा जो फिलहाल संभव नहीं दिखता है। सेना के तमाम प्रयासों, उनकी पार्टी को समाप्त करने के प्रयासों व इमरान खान को जेल में डालने के बावजूद उनकी लोकप्रियता बनी हुई है। इसका प्रमाण स्वयं को इमरान से जुड़ा बताने वाले 'निर्दलीयों' की भारी संख्या में विजय है।

विडंबना है कि पाकिस्तानी विमर्श में किसी अकल्पनीय परिवर्तन से इनकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि पाकिस्तानी सेना गैर-परंपरागत कदम उठाने में माहिर है। हालांकि, ऐसी भावी सरकार की व्यवस्था अत्यधिक अलोकप्रिय होगी और वह जनरल अयूब खान, जियाउल हक तथा परवेज मुशर्रफ के विद्रोह से अधिक अलोकप्रिय हो सकती है। इन जनरलों को भी भ्रष्ट राजनेताओं से रक्षक के रूप में पेश किया गया था। ऐसे में प्रतिरोध के प्रति सहिष्णुता की उदार स्वीकार्यता संभव नहीं लगती है, फिर चाहे वह पीटीआई की ओर से राजनीतिक विरोध हो या आजीविका सरल बनाने की सामाजिक मांग, क्योंकि अवस्थापना के लिए ये विचारणीय विकल्प नहीं हैं।

हालांकि, वर्तमान स्थिति में एक सकारात्मक संभावना नजर आ रही है। पाकिस्तान में 'धार्मिक शक्तियों' का असर घट सकता है क्योंकि वे पाकिस्तानी सेना के लिए अपनी उपयोगिता खो चुकी हैं। हालांकि, ऐसी शक्तियां फिर एकजुट होकर जनता के कष्टों को अपना हथियार बना सकती हैं और तब उनको पाकिस्तानी सेना का मुकाबला करना पड़ेगा। भविष्य में पाकिस्तान में स्थितियां चाहे जो मोड़ लें, पर वर्तमान समय में देश में बनी पीएमएलएन-पीपीपी गठबंधन सरकार के समक्ष बहुत गंभीर चुनौतियां मौजूद हैं। पाकिस्तानी जनता के साथ ही भारत समेत अन्य पड़ोसी देशों के साथ सारी दुनिया की नजरें पाकिस्तान की स्थिति पर बनी रहेंगी।

# ई-न्यायालय से डिजिटल क्रांति की ओर

> **यह भारतीय न्यायपालिका के भीतर दक्षता, पहुंच और पारदर्शिता के एक नए युग की शुरुआत करने का वादा करता है।**

**कुलदीप सिंह कुशवाहा**
(लेखक, मप्र उच्च न्यायालय में सिस्टम एनालिस्ट हैं)



समकालीन डिजिटल परिदृश्य में, जहां प्रौद्योगिकी हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन गई है, न्यायिक प्रणाली को समाज की बेहतरी के लिए इन प्रगतियों को अपनाना चाहिए और उनका उपयोग करना चाहिए। भारत में ई-कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट (एमएमपी) इस कार्य का नेतृत्व कर रहा है, और अब चरण तीन चल रहा है, हम एक अधिक कुशल, सुलभ और पारदर्शी न्याय वितरण प्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति देख रहे हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी.वाई चंद्रचूड़ के मार्गदर्शन में, भारतीय न्यायपालिका में क्रांति लाने के उद्देश्य से ई-कोर्ट चरण ΙΙΙ का प्रस्ताव लॉन्च किया गया था। यह चरण अदालती संचालन को बढ़ाने और समग्र न्यायिक पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के लिए डिजिटलीकरण, विभिन्न नई सुविधाओं और प्रौद्योगिकियों को पेश करने पर जोर देता है।

चरण तीन के मुख्य उद्देश्यों में अदालती रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण और संरक्षण, कुल लगभग 3100 करोड़ दस्तावेज़ और कागज रहित अदालतों की स्थापना शामिल है। भौतिक दस्तावेजों पर निर्भरता को कम करके और डिजिटल विकल्पों को अपनाकर, इस पहल का उद्देश्य अदालती प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना, कागजी कार्रवाई को खत्म करना और केस प्रबंधन दक्षता को बढ़ाना है। कागज रहित वातावरण में यह परिवर्तन न केवल समय और संसाधनों की बचत करता है बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां तीसरे चरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। एआई-संचालित प्रणालियाँ कानूनी अनुसंधान, मामले के विश्लेषण और निर्णय लेने में सहायता कर सकती हैं, जिससे न्यायाधीशों पर बोझ कम हो जाएगा और निर्णयों की गति और सटीकता में सुधार होगा। न्याय प्रणाली में एआई को एकीकृत करने से कानूनी परिणामों की गुणवत्ता और स्थिरता में वृद्धि होगी, जिससे निष्पक्ष और निष्पक्ष फैसले सुनिश्चित होंगे।




चरण तीन प्रौद्योगिकी के माध्यम से न्यायिक बुनियादी ढांचे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर भी केंद्रित है। भारत सरकार द्वारा 7,210 करोड़ रुपये का पर्याप्त बजट आवंटन एक मजबूत और तकनीकी रूप से उन्नत न्यायपालिका के निर्माण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह निवेश न्यायिक कर्मियों के लिए अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, नेटवर्किंग और क्षमता निर्माण पहल की तैनाती की सुविधा प्रदान करेगा।

इसके अतिरिक्त, चरण तीन में विभिन्न नई सुविधाओं की सुविधा की कल्पना की गई है, जिसमें डिजिटल और पेपरलेस कोर्ट जैसी डिजिटल पहल शामिल है, जिसका उद्देश्य अदालती कार्यवाही को डिजिटल बनाना है, और ऑनलाइन कोर्ट, जिसका उद्देश्य डिजिटल रूप से सक्षम सुनवाई के माध्यम से अदालत में भौतिक उपस्थिति को कम करना है। वर्चुअल कोर्ट का दायरा यातायात उल्लंघनों के निर्णय से आगे भी बढ़ेगा। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों और इसके सबसेट जैसे ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन (ओसीआर) का उपयोग लंबित मामलों के विश्लेषण और भविष्य की मुकदमेबाजी की भविष्यवाणी के लिए किया जाएगा।

ई-कोर्ट चरण तीन में डिजिटलीकरण के लाभ न्याय प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए दक्षता और पहुंच से परे हैं। प्रौद्योगिकी का उपयोग करके अदालती कार्यवाही की लाइव-स्ट्रीमिंग जनता को न्यायिक प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने की अनुमति देती है, जिससे विश्वास का निर्माण होता है, न्यायिक जवाबदेही सुनिश्चित होती है और नागरिक न्याय प्रशासन में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम होते हैं। जैसे ही ई-कोर्ट एमएमपी का तीसरा चरण सामने आएगा, हम भारतीय न्याय प्रणाली में एक परिवर्तनकारी युग देखने के लिए तैयार हैं। इस चरण में शुरू की गई डिजिटलीकरण पहल न केवल दक्षता, पहुंच और पारदर्शिता को बढ़ाएगी बल्कि सभी नागरिकों को त्वरित और न्यायसंगत न्याय वितरण भी सुनिश्चित करेगी। यह नागरिक-केंद्रित न्याय वितरण प्रणाली के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां प्रत्येक व्यक्ति, उनकी पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, अपने संवैधानिक अधिकारों तक पहुंच सकता है और कुशलतापूर्वक और लागत प्रभावी ढंग से निवारण प्राप्त कर सकता है। ई-कोर्ट चरण ΙΙΙ में डिजिटलीकरण क्रांति एक आधुनिक, समावेशी और तकनीकी रूप से उन्नत न्याय प्रणाली की दिशा में एक मील का पत्थर का प्रतिनिधित्व करती है। डिजिटल प्रौद्योगिकियों की क्षमता को अपनाकर, भारत एक ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है जहां न्याय वास्तव में सभी के लिए सुलभ है, समानता, निष्पक्षता और कानून के शासन के सिद्धांतों को मजबूत कर रहा है।

## आप की बात

### योगी की लोकप्रियता

**उत्तर प्रदेश** में पिछले चुनाव में कांग्रेस को मात्र एक सीट मिली थी। अब सपा ने कांग्रेस को बड़ी जद्दोजहद के बाद 17 सीटें देकर गठबंधन बना लिया है। इससे मुस्लिम वोट आकर्षित करने का मौका मिलेगा। इसका सर्वाधिक खामियांजा बीएसपी को उठाना पड़ सकता है। वैसे एनडीए गठबंधन यूपी में सर्वाधिक मजबूत स्थिति में है और अब उसका मुस्लिमों में भी असर बढ़ रहा है। ऐसे में भाजपा गठबंधन यूपी की सभी सीटें जीत सकता है। भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बीजेपी के पक्ष में मतदाताओं का झुकाव सबसे ज्यादा है। खासतौर से योगी की शासन प्रणाली को जनता ने बहुत सराहा है। इसके अलावा सात साल सत्ता में रहने के बावजूद योगी सरकार के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी हवा नहीं है। यूपी की जनता तो यह भी चाहती है कि मोदी के बाद योगी प्रधानमंत्री बनें। योगी का सुदृढ नेतृत्व और असामाजिक तत्वों का कठोरता से दमन प्रदेशवासियों के लिए बहुत राहत देने वाला रहा है। बीजेपी के जमीनी विकास कार्य खुद मुंह बोल रहे हैं। यूपी की जनता ऐसे बेहतर कार्य करने वाली सरकार का साथ देने को तत्पर है। समय बीतने के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लगातार बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी हताशा और निराशा के पूरी तरह शिकार हो गए हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### मतदान की अपील

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में युवाओं से अधिकाधिक मतदान की अपील की है। आशा करनी चाहिए कि उनकी इस अपील का निश्चित रूप से अच्छा प्रभाव पड़ेगा और लोग मतदान करने के लिए आधिकाधिक प्रोत्साहित होंगे। यह हमारे देश की विडंबना है कि जरा सी भी कमी होने पर लोग सरकारों को कोसने लगते हैं, मगर सरकार द्वारा अवकाश देने के बावजूद लोग उस दिन पिकनिक मनाने निकल जाते हैं और मतदान नहीं करते। हालत यह है कि शहरी पढ़े लिखे लोगों का मतदान प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र से भी कम होता है। अब समय आ गया है कि देश का प्रत्येक मतदाता जागरूक बने तथा मतदान अवश्य करे। हालांकि, मतदान प्रक्रिया और मतदान सूचियों में व्यापक सुधार हुए हैं, पर ये अब भी कमियों का शिकार हैं। देश का युवा आज तकनीक के प्रयोग से अपना जीवन सुगम बनाने में प्रयासरत है। ऐसे में मतदान प्रक्रिया को भी अधिकाधिक तकनीकी सक्षम और सुगम बनाना चाहिए। यदि मतदान प्रक्रिया एटीएम से पैसा निकालने या मोबाइल से भुगतान करने जितनी सुगम हो जाए तो देश में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की ओर बढ़ा जा सकता है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### संगीत जगत को सदमा

**सुरीली आवाज** वाले अमीन सयानी के निधन के बाद पंकज उधास का आकस्मिक निधन न केवल शब्द-सुर के लिए बल्कि प्रशंसकों के लिए भी एक सदमा है। दूर स्थित अपने प्रियजनों की यादों की चिट्ठी और उतने ही भावपूर्ण ढंग से गाया हुआ पंकजजी का गीत-स्वर आंखों में आंसू लाये बिना नहीं रहता।1986 में आज की तरह सोशल मीडिया जैसा कोई मीडिया नहीं था। अतः चिट्ठी का एक विशिष्ट महत्व था। इस प्रकार की ग़ज़ले उन दिनों व्यापक रूप से प्रसारित नहीं हुई थीं। महान गजल गायक जगजीत सिंह के बाद पंकज उधास ने ग़ज़लों की कीमिया जारी रखी। अब्दुल करीम खाँ साहब से वीणा की शिक्षा लेने वाले पंकज उधास को पहला मौका उनके भाई ग़ज़ल गायक मनहर उधास ने दिया था। भारत-चीन युद्ध के दौरान उन्होंने लता दीदी का गाना -ऐ मेरे वतन के लोगों गाया था। इसके साथ गाने का यह कारवाँ और परंपरा 2023 तक जारी रहा। ना कजरे की धार, चांदी जैसा रंग है तेरा जैसे उनके कई एल्बम आज भी लोकप्रिय हैं। पंकज उधास इस दुनिया का सफ़र छोड़ चुके हैं। लेकिन उनकी सुरीली आवाज दिलों में मधुर स्मृतियां जगाती रहेगी। उनकी गाई-चिट्ठी आज संगीत प्रेमियों की आंखों में आंसू छलकाने का काम कर रही है।

–**दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

### अलविदा पंकज उधास


**गायक पंकज उधास** का जाना बड़ी संख्या में लोगों को उदास कर गया है। हम में से बहुत से लोग पंकज उधास को फिल्म नाम के मशहूर गीत-चिठ्ठी आयी है जैसे गाने से जोड़ कर देखते हैं। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने-जिए तो जियें कैसे, चांदी जैसा रंग है तेरा, घुंगरू टूट गए, एक तरफउसका घर, थोड़ी थोड़ी पिया करो जैसे शानदार गाने और ग़ज़लें गाई हैं। उनकी भावपूर्ण आवाज थी और उनकी आवाज़ में शिष्टता अलग से दिखती थी। वह मरहूम जगजीत सिंह की ही तरह ग़ज़ल गायकी के पायनियर थे। लेकिन उनके व्यक्तित्व का एक पहलू यह भी था जिससे हममे से अधिकतर लोग वाकिफ नहीं हैं। उन्होंने वर्ष 2002 में खज़ाना की शुरआत की जो युवा ग़ज़ल गायकों को एक प्लेटफार्म देने वाला वार्षिक उत्सव है। इसमें उनके साथ तलत अज़ीज़ और अनूप जलोटा भी जुड़े हुए थे। पंकज उधास ने हमेशा युवा गायकों की मदद की और अपने साथ के संगीतकारों को प्रोत्साहन दिया। उनके जाने से ग़ज़ल की दुनिया को खासतौर से धक्का लगा है। संगीत प्रेमियों के दिल में पंकज उधास का विशेष स्थान था जिसकी जल्दी भरपाई संभव नहीं है।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# हरियाणा सहकारी समिति घोटाला मामले की जांच के लिए एसीबी में गठित की जाएगी स्पेशल टास्क फोर्स

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश के सहकारी समिति घोटाला मामले में अब तक की जांच में 8.9 करोड़ रुपएये के घोटाले की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि घोटाले के सिलसिले में अब तक नौ एफआईआर दर्ज की गई है ।साथ ही दोषी अधिकारियों की बर्खास्तगी,निलंबन के साथ उनकी संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की गई है ।उन्होंने कहा कि प्रदेश में सैकड़ों सहकारी समितियां है। इन सबकी जांच के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा ।मुख्यमंत्री ने यह भी कहां कि वर्ष 2008,2014और 2017 में ऑडिट कराए गए।

कांग्रेस सदस्यों चिरंजीव राव,किरण चौधरी,नीरज शर्मा,इनेलो सदस्य चौधरी अभय सिंह चौटाला के ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर चर्चा के जवाब में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह जवाब दिया।

इससे पहले सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल ने घोटाला मामले में कहा कि मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है ।उन्होंने कहा कि इस मामले में 17नवंबर 2022 को एसीबी को जांच के आदेश दिए गए थे ।मामले में कुछ अधिकारी गिरफ्तार किए गए और कुछ बर्खास्त किए गए। चिरंजीव राव ने कहा कि भी चार जिलों के घोटाले ही सामने आए है ।यह पांच सौ करोड़ का घोटाला है ।उन्होंने सवाल उठाया कि इस मामले में सहकारिता विभाग के प्रबंध निदेशक नरेश गोयल पर कोई कार्रवाई क्यों नही की गई। वर्ष 2022में शिकायत आई थीं तब क्यो कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि दोषी अधिकारियों ने घोटाले की राशि विदेश भेज दी है तो अब उसे कैसे वापस लिया जाएगा।

चौधरी अभय सिंह चौटाला ने कहा कि अब दोधी अधिकारियों की बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी से कार्यों की अनुमति नहीं ली गई ।सरकार लीपापोती के लिए 1995 से जांच कराने की बात कर रही है ।मंत्री बताए कि अब तक ऑडिट क्यों नहीं कराई गई ।कांग्रेस सदस्य भारत भूषण बत्रा ने कहा कि ऑडिट क्यों नही कराई गई। घोटालों की जांच रिपोर्ट सदन में क्यों नही रखी जाती ।कांग्रेस के ही नीरज शर्मा ने कहा कि घोटाले कराने वाले अधिकारियों पर 120बी के तहत कार्रवाई की जाए।

# विधानसभा में विधायक सुरेंद्र पंवार ने किसानों की नष्ट फसलों का मुद्दा उठाया

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने किसानों को मुआवजा देने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



विधायक सुरेंद्र पंवार हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में बोलते हुए

**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में ड्रेन नंबर-6 के साथ लगते गांव जटवाड़ा, जाहरी, देवडू सहित अन्य गांवों की नष्ट फसल का विधानसभा में उठाया मुद्दा। उन्होंने प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की। विधायक सुरेंद्र पंवार की मांग पर शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री ने तीन माह के अंदर मुआवजा देने का दिया आश्वासन व मौके पर सत्यापन करवाने की बात कही। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि तीन साल से किसान परेशान है अभी तक जांच नहीं हुई।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सोनीपत के बींचोबीच गुजरने वाली ड्रेन नम्बर-6 को कवर करने का कार्य किया जा रहा है। यह ड्रेन गांव जाहरी, देवडू, जटवाड़ा से होते हुए सोनीपत के बींचोबीच गुजरती है। ड्रेन के कार्य की वजह से गांव जटवाड़ा की 50 एकड़ से अधिक फसल व गांव जाहरी की करीब 30 एकड़ फसल गंदे पानी से जलमग्न हो गई है।

जिसकी वजह से फसल नष्ट हो रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करती है, दूसरी तरफ किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि फसल खराब होने का मामला एक दो महीने से नहीं अपितू 3 साल से चल रहा है। यह गंदा पानी न सिर्फ खेतों तक सिमट चुका है, अपित अब घरों के अंदर घुसने लगा है। किसान अपनी समस्या के समाधान के लिए सबंधित विभाग के अधिकारियों से लेकर डीसी तक समस्या के समाधान की गुहार लगा चुके है, लेकिन आज तक किसी ने भी किसानों की सुध नहीं ली है। उन्होंने कहा कि आखिरकार एक तरफ किसान सड़कों पर अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहा है। दूसरी तरफ सोनीपत में किसान अपनी बर्बाद फसल को बचाने के लिए गुहार लगा रहे है, लेकिन प्रशासन व सरकार किसानों के प्रति गंभीर नहीं है।

# पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, हेरोइन व हथियारों सहित तीन धरे

एजेंसी। जालंधर



**शाहकोट** पुलिस ने 3 लोगों को हेरोइन व हथियारों सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस दौरान आरोपियों से पुलिस ने 302 ग्राम हेरोइन, 4 पिस्तौल 32 बोर मैगजीन, 6 जिंदा कारतूस, 2 पिस्तौल 30 बोर मैगजीन, 2 मोटरसाइकिल बरामद किए हैं।

एसपी (जांच) जालंधर ग्रामीण जसरूप कौर बाठ ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 फरवरी को एएसआई बूटा राम चौकी प्रभारी तलवंडी संघेड़ा थाना शाहकोट को खुफिया सूचना मिली कि सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख पुत्र सरवन सिंह निवासी निहालुवाल थाना लोहियां, आकाशदीप उर्फ मूसा पुत्र जरनैल सिंह निवासी निहालुवाल बस्ती थाना लोहियां, हरदीप सिंह उर्फ दीपू पुत्र निशान सिंह निवासी राजाताल थाना घरिंडा और बलजिंदर सिंह उर्फ जशन पुत्र तलवंडी बूटियां थाना शाहकोट दूसरे राज्यों से हेरोइन खरीदकर शाहकोट क्षेत्र में बेचते हैं। शाहकोट थाने में मामला दर्ज किया गया। 24 फरवरी को एस.एच.ओ. यादविंदर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख, आकाशदीप उर्फ मूसा, हरदीप सिंह उर्फ दीपू को गिरफ्तार करके सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख से एक किट बैग 302 ग्राम हेरोइन, एक पिस्टल 32 बोर मैगजीन सहित, 2 जिंदा 32 बोर, अकाशदीप उर्फ मूसा से 1 पिस्टल 32 बोर मैगजीन सहित, 2 जिंदा 32 बोर, हरदीप सिंह उर्फ दीपू के पास से 1 पिस्तौल 32 बोर मैगजीन सहित, 2 जिंदा 32 बोर, मोटरसाइकिल सी.टी. 125 ई-एक्स, मोटरसाइकिल बुलेट बरामद किया हैं। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर 4 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पूछताछ के दौरान सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख की निशानदेही पर एक पिस्तौल, 32 बोर मैगजीन, 2 पिस्तौल 30 बोर मैगजीन सहित बरामद की हैं। आरोपी सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख के खिलाफ 5 मामले, हरदीप सिंह उर्फ दीपू के खिलाफ 11 और आकाशदीप सिंह उर्फ मूसा के खिलाफ 1 मामला अलग-अलग पुलिस थानों में दर्ज है। आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है। उनका एक अन्य साथी बलजिंदर सिंह उर्फ जशन पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

## नशीले पदार्थ के नौ मामलों में 18 आरोपी कोर्ट ने किए बरी

**कुरुक्षेत्र।** नशीले पदार्थ रखने अथवा बेचने के 9 मामलों में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 18 आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया है। बता दें कि वर्ष 2017-18 में पुलिस ने नशीले पदार्थ सहित इन 18 आरोपियों को पकड़ा था। इन सभी के खिलाफ अलग अलग पुलिस थानों में 9 केस दर्ज किए गए थे। इन मामलों में जिला कुरुक्षेत्र की अदालत ने 6 साल तक चली सुनवाई उपरांत साक्ष्यों के अभाव में बरी करने के फैंसले सुनाएं हैं। जानकारी के अनुसार जिला पुलिस ने पिहोवा से सरबजीत वासी नंद कालोनी को पकड़ा था। इसके कब्जा से 20 किलो चुरापोस्त बरामद किया था। इसी तरह गुरविंदर सिंह वासी स्यु माजरा जिला कैथल को काबू कर 47 ग्राम अफीम बरामद की थी। तीसरे मामले में लाडवा थाना एरिया से निर्मल सिंह वासी गांव बकाली कस्बा लाडवा, प्रमोद वासी शामली को ध्यांगला बस अड्डा से पकड़ कर 3.5 किलो ग्राम चुरापोस्त बरामद किया था। चौथे मामले में झांसा थाना के एरिया से पुलिस ने सुखविंदर सिंह पकड़ा था।

# योजना बोर्ड चेयरमैन ने एसएसपी दफ्तर में बुजुर्गों के लिए वेटिंग एरिया बनाने को 2.70 लाख रुपये दिए

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

**जिला** योजना बोर्ड के अध्यक्ष अमृतपाल सिंह ने आज एसएसपी एमएस भुल्लर को एसएसपी कार्यालय में बुजुर्गों के लिए वेटिंग एरिया स्थापित करने के लिए 2.70 लाख रूपये की राशि सौंपी है। ये राशि यहां बुजुर्गों के लिए कुर्सियां इत्यादि लगाने में खर्च की जाएगी।



विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यहां पर बुजुर्गों के लिए सीटिंग एरिया की जरूरत महसूस हो रही थी जिसे देखते हुए उन्होंने यह राशि एसएसपी कार्यालय को सौंपी है ताकि जल्द से जल्द बुजुर्गों की सिटिंग का अरेंजमेंट किया जा सके। चेयरमैन ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार राज्य के सभी वर्गों की बेहतरी व भलाई के लिए वचनबद्ध है जिसके लिए सरकार द्वारा अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं। चेयरमैन अमृतपाल सिंह ने आगे कहा कि योजना बोर्ड की तरफ से भी लगातार विकास कार्यों व समाज की भलाई के लिए फंड्स जारी किए जा रहे हैं और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने हाल ही में 'आप दी सरकार, आप दे द्वार' नामक प्रोग्राम शुरू किया है जिसके तहत लोगों को जरूरी सेवाएं उनके घर के नजदीकी ही मुहैया करवाई जा रही है। इस मौके पर एसपी सरबजीत राय व लोकसभा इंचार्ज अश्वनी अग्रवाल मौजूद थे।

# कई युवाओं ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन



पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा थानेसर हल्के के सैकड़ों युवाओं को कांग्रेस में शामिल करते हुए।

## पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने पार्टी में किया शामिल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**थानेसर** विधानसभा क्षेत्र के कई युवाओं ने आज कांग्रेस पिछड़ा वर्ग सैल के प्रदेश संयोजक प्रवीण कश्यप के प्रयासों से कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। मोटर साइकिल पर सवार होकर काफिले के रूप में सभी युवक कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के निवास पर पहुंचे। पार्टी में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से उमरी आईटीआई प्रधान विकास गिल, प्रवेश गुर्जर, विजय, कृष्ण, मागे राम कश्यप, शिनु, हर्ष, रोहित कश्यप, राधेश्याम, कमल व अन्य युवाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा ने सभी को कांग्रेस का पटका पहना कर पार्टी में शामिल किया। अशोक अरोड़ा ने कहा कि युवा वर्ग ही बदलाव करता है और आज देश की राजनीति में बदलाव की जरूरत है। देश के युवा वर्ग ने ही आजादी की लड़ाई में शामिल होकर शहीद भगत सिंह जैसे नौजवान दिए। उन्होंने कहा आज फिर देश को युवा वर्ग के नेतृत्व की आवश्यकता है, जिस प्रकार की राजनीति आज भाजपा द्वारा खेली जा रही है, उसे युवा वर्ग ही बदल सकता है। उन्होंने सभी युवाओं का कांग्रेस में स्वागत करते हुए कहा कि लोकसभा के चुनाव आ गए हैं। युवा वर्ग कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ.सुशील गुप्ता के चुनाव प्रचार प्रसार में जुट जाएं और उन्हें भारी बहुमत से विजयी बना कर लोकसभा में भेजे। उन्होंने कहा कि आज देश में बेरोजगारी विकराल रूप धारण कर चुकी है, बढ़ती महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है, 2 करोड़ प्रति वर्ष रोजगार व खातों में 15 लाख रुपए भेजने का वायदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जुमला साबित हुआ। आज देश का युवा रोजी-रोटी की तलाश में देश से पलायन करके विदेश की ओर जा रहा है।

अशोक अरोड़ा में युवा वर्ग से आह्वान किया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की तन-मन- धन से सहायता करें। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता बदलाव चाहती है और लोगों के पास विकल्प के रूप में केवल इंडिया गठबंधन है। अशोक अरोड़ा में दावा किया कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से डॉ. सुशील गुप्ता भारी बहुमत से विजय प्राप्त करेंगे और इसको लेकर कांग्रेस पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता जी जान से कार्य करेंगे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, पूर्व पार्षद पवन चौधरी, कांग्रेस नेता सौरभ गर्ग, कुलदीप हथीरा, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश ओपी, पूर्व पार्षद विवेक मेहता विक्की, ओमप्रकाश पलवल सहित कांग्रेसी नेताओं ने भी इन युवाओं का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया।

# प्रॉपर्टी टैक्स पर छूट की योजनाओं का लाभ 29 फरवरी तक उठाएं नागरिक

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**नगर** निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र के नागरिकों को आगामी 29 फरवरी तक प्रॉपर्टी टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है। जिला के अंतर्गत आने वाले शहरी क्षेत्र के नागरिक अपनी प्रॉपर्टी डाटा की संतुष्टि करके वर्ष 2023-24 के प्रॉपर्टी टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लाभ केवल 29 फरवरी तक ही मिलेगा। आयुक्त ने बताया कि वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक के लिए बकाया संपत्ति कर की मूल राशि पर पंद्रह प्रतिशत की एकमुश्त छूट उन संपत्ति मालिकों को अनुमत की जाएगी जो 29 फरवरी, 2024 तक वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक के संपत्ति कर के रूप में बकाया राशि का भुगतान करते हैं। साथ ही उन सभी करदाताओं को वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक लंबित संपत्ति कर के बकाया भुगतान पर 100 प्रतिशत ब्याज की एकमुश्त छूट अनुमति की जाएगी, यदि उनके बकाया का भुगतान 29 फरवरी तक किया जाता है। नागरिक संपत्ति कर बकाया भुगतान और बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर अपनी संपत्ति की सूचना प्रमाणित भी करते हैं तथा केवल उन्हीं को मिलेगी जो अपनी प्रॉपर्टी आईडी को प्रॉपर्टी कर भुगतान से पूर्व स्वयं सत्यापित करेंगे।

## प्रतियोगिता में आठवीं के वंशराज रहे अव्वल

**शाहाबाद मारकंडा।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस दौरान साइंस थीम्स पर आधारित पोस्टर मेकिंग, भाषण, क्विज, ड्रामा, मैजिक शो, कविता गायन, कोरियोग्राफी प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इसमें आठवीं कक्षा के वंशराज को प्रथम, सातवीं और छठी कक्षा की जपनीत कौर और नव्या काजल को द्वितीय, छठी कक्षा के दीपक को तृतीय घोषित किया गया। इन प्रतियोगिताओं में स्कूल के लगभग 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन के संबोधन से हुआ। उन्होंने ने कहा कि मानव ने विज्ञान शक्ति से विश्व में अद्भुत परिवर्तन किए हैं। आज हमारा जीवन बहुत ही सुख सुविधाओं से भरा पड़ा है।

# शिक्षा मंत्री ने मेजर भानु प्रताप की बास्केटबॉल जीत की सराहना की

## मेजर भानु प्रताप को बास्केटबॉल में सफलता के लिए शिक्षा मंत्री से प्रशंसा मिली

पायनियर समाार सेवा। यमुनानगर



हरियाणा के जगाधरी के रहने वाले मेजर भानु प्रताप ने हाल ही में गोवा के मडगांव में राष्ट्रीय स्तर की बास्केटबॉल चैंपियनशिप में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इससे हरियाणा को देशभर में तीसरा स्थान हासिल हुआ।

शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने मेजर भानु प्रताप को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने घोषणा की कि भानु के जगाधरी लौटने पर उन्हें हरियाणा सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

मूल रूप से हरियाणा के यमुनानगर के रहने वाले मेजर भानु प्रताप वर्तमान में उत्तर पूर्व भारत में सेवारत हैं। उन्होंने एसडी पब्लिक स्कूल, जगाधरी से पढ़ाई की और हरियाणा इंजीनियरिंग कॉलेज, जगाधरी से बीटेक कंप्यूटर साइंस पूरा किया। इसके बाद उन्होंने वेदांता समूह स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज और इंफोसिस में काम किया।

2018 में आईएमए देहरादून से लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त मेजर भानु प्रताप ने इलाहाबाद में टीजीसी एसएसबी पूरा करने के बाद अपने सैन्य करियर की शुरुआत की।

उनके पिता, सोमेश चौहान ने खेल के प्रति भानु के आजीवन प्रेम पर प्रकाश डाला और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए उनके कोच गोपाल सिंह राणा को श्रेय दिया। भानु के कौशल ने उन्हें ताइवान में विश्व चैंपियनशिप के लिए भारत की बास्केटबॉल टीम में जगह दिलाई है।

# आरके स्वामी लिमिटेड का आईपीओ चार मार्च, 2024 को खुलेगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / नोएडा



**आर** के स्वामी लिमिटेड (कंपनी या जारीकर्ता) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सोमवार, 4 मार्च 2024 को खुलेगा। कंपनी ने अंकित मूल्य प्रत्येक रु 5 वाले इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड रु 270 से रु 288 प्रति इक्विटी शेयर (शेयर प्रीमियम सहित) (ऑफर मूल्य) (ऑफर) निर्धारित किया है। न्यूनतम 50 इक्विटी शेयर और उसके बाद 50 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। एंकर निवेशक बोली की तारीख शुक्रवार, 1 मार्च, 2024 होगी। बोली/प्रस्ताव सदस्यता के लिए सोमवार, 4 मार्च, 2024 को खुलेगा और बुधवार, 6 मार्च, 2024 को बंद होगा (बोली/प्रस्ताव अवधि)। इस ऑफर में रु 1,730 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू और 8,700,000 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (प्रस्तावित शेयर) (बिक्री के लिए प्रस्ताव) शामिल है। इसमें शामिल हैं, श्रीनिवासन के स्वामी द्वारा 1,788,093 इक्विटी शेयर, नरसिम्हनकृष्णास्वामी द्वारा 1,788,093 इक्विटी शेयर तक इवान्स्टन पायनियर फंड एल.पी. द्वारा 4,445,714 इक्विटी शेयर तक और प्रेम मार्केटिंग वेंचर्स एलएलपी द्वारा 678,100 इक्विटी शेयर तक (सामूहिक रूप से, सेलिंग शेयरधारक)। फ्रेश इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग इस प्रकार किया जाना प्रस्तावित है, कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए रु. 540.00 मिलियन डिजिटल वीडियो कंटेन्ट प्रॉडक्शन स्टूडियो (डीवीसीपी स्टूडियो) स्थापित करने के लिए कंपनी द्वारा किए जाने वाले पूंजीगत व्यय के लिए रु. 109.85 मिलियन कंपनी के आईटी बुनियादी ढांचे के विकास और सामग्री सहायक कंपनियों, हंसा रिसर्च ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड (हंसा रिसर्च) और हंसा कस्टमर इक्विटी प्राइवेट लिमिटेड (हंसा कस्टमर इक्विटी) में फंडिंग निवेश रु 333.42 मिलियन; और कंपनी के नए ग्राहक अनुभव केंद्र (सीईसी) और कंप्यूटर सहायता प्राप्त टेलीफोनिक साक्षात्कार केंद्र (सीएटीआई) की स्थापना के लिए वित्त पोषण रु 217.36 मिलियन और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य।

# उद्यमी पीएफएमई पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन

## सरकार खाद्य प्रसंस्करण फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्यमों को आसान ऋण करा रही उपलब्ध

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**भारत** सरकार खाद्य प्रसंस्करण फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्यमों को आसान ऋण और तकनीकी सहायता उपलब्ध करा रही है, ताकि युवा दुनिया के बाजारों में प्रतिस्पर्धा करते हुए आत्मनिर्भर बन सकें इसी उद्देश्य से उद्योगों पर सरकार भारी सब्सिडी दे रही है। उपायुक्त मनोज कुमार ने कहा कि पीएफएमई (प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राइजेज) स्कीम के तहत अपने सूक्ष्म खाद्य उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए 35 प्रतिशत सब्सिडी के साथ बैंक ऋण उपलब्ध करवा रहे हैं। इसके लिए उद्यमी पीएफएमई पोर्टल पीएमएफएमई डॉट एमओएफपीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह सब्सिडी केवल उन्हीं लाभार्थियों को दी जाएगी जो केवल फूड इंडस्ट्री में अपना छोटा या बड़ा व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं। सरकार की इस विशेष पहल से कई सूक्ष्म खाद्य उद्यमों को लाभ होगा। उपायुक्त ने कहा कि नमकीन बनाने का बिजनेस, कोल्ड ड्रिंक बनाने का बिजनेस, खोया पनीर बनाने का बिजनेस बेकरी यूनिट, (बर्गर, बिस्किट, ब्रेड, केक इत्यादि), अचार बनाने की यूनिट, सरसों से तेल निकालने की मील पापड़ बनाने का बिजनेस, दाल बनाने का बिजनेस, समोसा मेकिंग मशीन, पानी पुरी मेकिंग मशीन मसाला पिसाई यूनिट, आलू या केले के चिप्स बनाने की यूनिट, लहसुन या अदरक की पेस्ट बनाने की यूनिट सोयाबीन से पनीर बनाने की यूनिट, गेहूं बाजरा का दलिया, मैदा आटा बनाने की यूनिट, हलवाई के काम के लिए जैसे कि लड्डू बर्फी बनाने के लिए।

# भारत का सबसे बड़ा कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी एक्सपो सात मार्च से

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**कोरुगेटेड** पैकेजिंग मशीनरी उद्योग को समर्पित कोरूपैक प्रिंट इंडिया एक्सपो 2024 का आयोजन 7 मार्च से 9 मार्च तक नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में होने जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत की अग्रणी कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी एसोसिएशन द्वारा संचालित एकमात्र प्रदर्शनी है जिसका आयोजन इंडियन पेपर कोरुगेटेड एंड पैकेजिंग मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन और फ्यूचरेक्स ग्रुप ने संयुक्त रूप से किया है। इस एक्सपो में कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी क्षेत्र के अग्रणी निर्माता अत्याधुनिक मशीनों के लाइव प्रदर्शन के साथ अपने नवीनतम उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य पैकेजिंग और कोरुगेटेड उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पादों का व्यापक प्रदर्शन प्रस्तुत करते हुए कोरुगेटेड उद्योग के पूरे स्पेक्ट्रम को एक साथ लाना है। 300 से अधिक प्रदर्शकों और 800 से ज्यादा भाग लेने वाले ब्रांड्स के साथ, उपस्थित लोग पेशकशों और अवसरों की एक गतिशील श्रृंखला की उम्मीद कर सकते हैं। इसमें नवीनतम तकनीकों से लेकर क्रांतिकारी समाधानों तक, 1,000 से अधिक उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया जाएगा, जो इस क्षेत्र में नवीनतम विकास का व्यापक अवलोकन प्रदान करेगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित गणमान्य वक्ताओं में इंडियन पेपर कोरुगेटेड एंड पैकेजिंग मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और नेचुरल इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक श्री हितेश नागपाल, आईसीपीएमए के सचिव और सुरजीत इंजीनियरिंग के निदेशक श्री जतिंदर सिंह, फ्यूचरेक्स ग्रुप के प्रबंध निदेशक स्वामी प्रेम अन्वेषी जी और फ्यूचरेक्स ग्रुप के निदेशक श्री नमित गुप्ता शामिल थे। अपने बयान में, आईसीपीएमए के प्रेजिडेंट हितेश नागपाल जी ने कोरुगेटेड खंड के लिए एक स्पेशल इवेंट के रूप में कॉरु पैक प्रिंट इंडिया की अद्वितीय महत्ता को उजागर किया। उन्होंने इस प्रदर्शनी को संघ के एक प्रथम प्रयास के रूप में हाइलाइट किया, जिसने कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी निर्माताओं को एक साथ लाने की पहल की। स्वामी प्रेम अन्वेषी जी, फ्यूचरेक्स ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर, ने कहा, फ्यूचरेक्स ग्रुप में, हम नवाचार और स्थिरता के माध्यम से पैकेजिंग के भविष्य को आकार देने में विश्वास करते हैं। कोरू पैक प्रिंट इंडिया इस दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है।

# हरियाणा राज्य खेल संघ पंजीकरण और विनियमन विधेयक पारित

## राज्य और क्षेत्रीय स्तर पर स्थापित किए जाएंगे खेल संघ पंजीकरण परिषद

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन बुधवार को हरियाणा राज्य खेल संघ पंजीकरण और विनियमन विधेयक 2024को पारित किया गया। इस विधेयक के जरिए सरकार ने खेल संघों के पंजीकरण को अनिवार्य किया है।यह पंजीकरण राज्य खेल पंजीयन परिषद और क्षेत्रीय खेल पंजीयन परिषद के माध्यम से किए जायेंगे।



हरियाणासरकार ने इस तथ्य को गंभीरता से लिया कि जिला और राज्य स्तर पर काम करने वाले कुछ खेल राघ अनुचित प्रथाओं में लिप्त हैं जो कि खेल और खिलाड़ियों के हितों के लिए हानिकारक है। ऐसे खेल संध न तो उचित रिकॉर्ड रखते हैं और न ही अपेक्षित पारदर्शिता रखते हैं। राज्य सरकार इस संबंध में किसी विशिष्ट कानून के अभाव में ऐसे मामलों को विनियमित करने के लिए कानूनी रूप से असहाय महसूस करती है। हरियाणा राज्य खेल संघ (पंजीकरण और विनियमन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य इन खेल संघों के काम काज के पंजीकरण और विनियमन की निगरानी के लिए राज्य और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर नियामक निकाय स्थापित करना है। इसका प्राथमिक उद्देश्य राज्य में खेल भावना को बढ़ावा देते हुए खिलाड़ियों और खेल के हितों की रक्षा करना है।

विधेयक में हरियाणा खेल पंजीकरण परिषद और क्षेत्रीय खेल पंजीकरण परिषद की स्थापना का प्रस्ताव है, जिसका काम राज्य और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर खेल संघों के पंजीकरण और कामकाज की देखरेख करना है। ये परिषदें खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने और विभिन्न खेल विधाओं में निष्पक्ष खेल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसके अतिरिक्त, इन परिषदों के पास निष्पक्ष खेल प्रथाओं का पालन सुनिश्चित करने के लिए खेल संघ और उसके पदाधिकारी के खिलाफ शिकायतों की जांच करने का अधिकार होगा। इसके अलावा, विधेयक राज्य और जिला स्तरीय खेल संघों के दायित्वों को रेखांकित करता है, जिसमें चैंपियनशिप आयोजित करना, प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करना, रिकॉर्ड बनाए रखना और नियामक को अपेक्षित जानकारी जमा करना शामिल है। यह पंजीकरण न कराने और पंजीकरण रद्द करने के परिणामों को भी निर्दिष्ट करता है।

### विधेयक के मुख्य प्रावधान

राज्य स्तरीय खेल संघों और जिला स्तरीय खेल संघों का अनिवार्य पंजीकरण।पंजीकृत संघों के लिए चैंपियनशिप आयोजित करने, प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने और पारदर्शी रिकॉर्ड बनाए रखने की बाध्यता। गैर-पंजीकरण या पंजीकरण रद्द करने के परिणाम, जिसमें सरकारी लाभ प्राप्त करने और सरकारी बुनियादी ढांचे का उपयोग करने से अपात्रता शामिल है।परिषदों द्वारा खेल परीक्षणों और टूर्नामेंटों और कार्यक्रमों की निगरानी के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, ताकि निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।पंजीकरण और विनियमन संबंधी फैसलों से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए अपील तंत्र का प्रावधान।

विधेयक में हरियाणा खेल पंजीकरण परिषद और क्षेत्रीय खेल पंजीकरण परिषद के गठन का प्रस्ताव है। ये परिषद राज्य और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर खेल संघों के पंजीकरण और कामकाज की निगरानी करेंगी। ये परिषद खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने और विभिन्न खेलों में फेयर प्ले को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। विधेयक में किए गए प्रावधानों के अनुसार, हरियाणा खेल पंजीकरण परिषद में प्रसिद्ध खिलाड़ी, सरकारी प्रतिनिधि और कानूनी विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह खेल प्रशासन के लिए एक संतुलित और जानकार दृष्टिकोण सुनिश्चित करेगा। इसी तरह, क्षेत्रीय खेल पंजीकरण परिषद में क्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ खेल समुदाय के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इस उपलक्ष्य में केंद्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. फकीर चन्द मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि डा. फकीर चन्द ने डा. सीवी रमन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं केंद्र के कर्मियों द्वारा एक विज्ञान मार्च आयोजित किया गया। तत्पश्चात डॉ फकीरचंद ने इस अवसर पर विकसित भारत हेतु स्वदेशी प्रौद्योगिकियों विषय पर एक लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ फकीर चन्द ने बताया कि कोरोना काल में भारत के वैज्ञानिक अनुसंधान को विश्व स्तर पर सराहा गया है। केंद्र के परियोजना समन्वयक सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि 1986 से प्रतिवर्ष 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन 1928 में सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने विश्व विख्यात रमन प्रभाव की खोज की जिस कारण उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केन्द्र के शिक्षा अधिकारी सुजीत कुमार ने बताया कि केंद्र में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### पीएनबी वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत कैंप आयोजित



कैंप में बच्चों को जानकारी देते हुए एलडीएम।

**कैथल।** आर्य समाज स्कूल में पंजाब नेशनल बैंक की तरफ से करो सही शुरुआत, बनो फाइनेंशियली स्मार्ट विषय पर एक कैंप लगाया गया जिसमें स्कूल के बच्चों को बचत करने की आदत, सरकारी योजनाएं व डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपायों की जानकारी दी गई। बच्चों के साथ एटीएम कार्ड, डिजिटल बैंकिंग, शिक्षा ऋण व बच्चों को बैंकिंग की जरूरतों के बारे में भी जागरूक किया गया। बच्चों को अच्छे संस्कार, नैतिक शिक्षा, अध्यात्मिक ज्ञान तथा बड़ों को आदर सत्कार देने के बारे में भी बताया गया। कैंप में पीएनबी बैंक के एलडीएम सुरेन्द्र कुमार नंदा व अरविंद चावला मौजूद रहे। स्कूल की प्रिंसिपल पुष्पा खरबंदा, किरण लूथरा, अनिल माटा व स्टाफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### हॉली चाइल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

**कैथल ।** हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बलविंदर ढुल एमडी हारट्रोन स्किल सैंटर रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अनिल गुलाटी ने की। विशिष्ठ तिथि के तौर पर समाजसेवी लाजपत राय सिंगल वह डॉक्टर विनय गुप्ता ने शिरकत की। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया बच्चों ने लघु नाटिका बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर अभिनय कर अभिभावकों को भावपूर्ण से ओत प्रोत कर दिया। नर्सरी, केजी के बच्चों ने देशभक्ति के गीत व सामाजिक समरसता के गीतों पर डांस किया। छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया बच्चों ने गिद्दा भांगड़ा आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य अशोक अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम स्कूल में होते रहते हैं जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके शिक्षा और संस्कार पर इस विद्यालय में विशेष जोर दिया जाता है। आए हुए अभिभावकों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की तान्या और नम्रता ने मंच संचालन किया।

## शव के सम्मानजनक निपटान को विधेयक पारित

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** राज्य में शव के सम्मानपूर्वक अंतिम निपटान और उससे सम्बन्धित आनुषंगिक मामलों के लिए हरियाणा शव का सम्मानजनक निपटान विधेयक, 2024 पारित किया गया।अब किसी शव को रखकर धरना प्रदर्शन आयोजित नही किया जा सकेगा। शव के अंतिम संस्कार में विलम्ब की स्थिति में प्राधिकरण अंतिम संस्कार करवा सकेगा।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निहित जीवन का अधिकार के दायरे में 'मृतकों के अधिकार और सम्मान' भी शामिल हैं। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा और उचित व्यवहार का अधिकार न केवल जीवित व्यक्ति को बल्कि उसकी मृत्यु के बाद उसके शरीर को भी प्राप्त है। मृतकों के प्रति आदर और सम्मान मानवीय गरिमा की पहचान है। मृत व्यक्ति के अधिकार और सम्मान को ध्यान में रखते हुए किसी को भी मृत शरीर का समय पर अंतिम संस्कार न करके किसी भी विरोध या आंदोलन के माध्यम से किसी भी मांग को उठाने या आगे बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करना आवश्यक हो गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के विरोध प्रदर्शन के लिए किसी शव का न स्वयं उपयोग करे या उपयोग करने की अनुमति न दे। यह विधेयक 'हरियाणा शव का सम्मान जनक निपटान अधिनियम, 2024' एक मृत शरीर के गरिमापूर्ण और समय पर अंतिम संस्कार का प्रावधान करता है और यदि परिवार के सदस्य किसी शव को अस्वीकार कर देते है और जिससे वह अंतिम संस्कार से वंचित हो जाता है तो ऐसे शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## हेरोइन बेचने के दोषी को दो साल कठोर कारावास की सजा, 25 हजार जुर्माना

**कैथल।** सेशन जज ऋतु वाईके बहल की अदालत ने हैरोईन रखने के दोषी को 2 साल के कठोर कारावास और 25000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 3 महीने की अतिरिक्त कैद काटनी होगी। इस बारे में थाना शहर में 17 अगस्त 2019 को एनडीपीएस की धारा 21 के तहत मुकदमा नंबर 363 दर्ज किया गया था। स्टेट की ओर से केस की पैरवी उप जिला न्यायवादी जसवीर ढांडा ने की। केस फाइल के हवाले से जसवीर ढांडा ने बताया कि 17 अगस्त 2019 को पुलिस पार्टी नशीले पदार्थ की रोकथाम के लिए प्रताप गेट, डोगरां गेट, चंदाना गेट होते हुए कुतुबपुर रोड अंडर पास डेरा सिला खेड़ा के पास पंहुची। वहां एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि प्रदीप कुमार निवासी नरवलगढ़ काफी समय से नशीला पदार्थ बेचने का कार्य कर रहा है। उसके विरुद्ध पहले भी थाना सिविल लाईन कैथल में हैरोईन बेचने का मुकदमा दर्ज है। प्रदीप कुमार अपनी गाड़ी में हेरोइन देने के लिए आएगा।

## मतदान करना हर भारतीय का अधिकार और ड्यूटी

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत।

### मतदाता भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची में चेक कर लें अपना नाम व अन्य विवरण

18वीं लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही समय शेष बचा है। भारत चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पहले ही कर दिया है और मतदाताओं को इसमें अपना नाम सहित अन्य विवरण जांचने के लिए अंतिम मौका दिया है। सभी मतदाता समय रहते अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपने नाम का अवलोकन कर लें, ताकि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मतदाता सूची में अपना नाम चेक करना बहुत ही आसान है। आप इसे ऑनलाइन अपने कंप्यूटर या मोबाइल से कर सकते हैं। मतदाता सूची में अपना नाम खोजने के लिए आपको अपने राज्य एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नाम, अपना प्रथम एवं अंतिम नाम, जन्म तिथि और आयु इत्यादि की जानकारी देनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि यदि आप अपने कंप्यूटर के जरिए यह काम कर रहे हैं तो आपको सबसे पहले चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाना होगा और इसमें दिख रहे सर्च इन इलेक्टोरल रोल ऑप्शन पर क्लिक करना होगा।

इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एक फार्म निकलेगा। आप इसमें जरूरी डिटेल भरने के बाद सर्च ऑप्शन पर क्लिक करेंगे तो आपके सामने मतदाता सूची से संबंधित आपकी जानकारी सामने आ जाएगी। साथ ही यह भी पता लग जाएगा कि आपका वोट किस मतदान केंद्र पर है। इसके अलावा आप इसी पेज पर ईपीआईसी नंबर के जरिए भी अपना नाम वोटिंग लिस्ट में चेक कर सकते है। वहीं अगर आपका फोन नंबर चुनाव आयोग में रजिस्टर है तो आप फोन नंबर डालकर भी अपना नाम देख सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यदि आप मोबाइल फोन पर अपना नाम वोटिंग लिस्ट में देखना चाहते हैं तो आप वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर सकते हैं। इसमें आपको सबसे ऊपर सर्च नेम इन इलेक्टोरल रोल का ऑप्शन दिखेगा। इसमें क्लिक करने के बाद आपके पास वोटिंग लिस्ट में अपना नाम चेक करने के चार विकल्प मिलेंगे। पहला मोबाइल नंबर, दूसरा क्यूआर कोड, तीसरा डिटेल और चौथा ईपीआईसी नंबर। आप किसी भी एक विकल्प का चुनाव कर अपना नाम वोटिंग लिस्ट में देख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मतदान करना हर भारतीय नागरिक का अधिकार है और उसकी ड्यूटी भी। मतदान के लिए आपको सुनिश्चित करना चाहिए कि आपके पास वोटर आईडी के साथ-साथ आपका नाम वोटर लिस्ट में भी शामिल हो। उन्होंने कहा कि एक नागरिक के लिए वोटिंग लिस्ट में नाम होना जरूरी है, क्योंकि यह उन्हें वोट डालने की अनुमति देता है। वोटिंग लिस्ट एक सरकारी दस्तावेज होता है, जिसमें वोट डालने के लिए पंजीकृत नागरिकों के नाम, पता और अन्य संबंधित जानकारी होती है। इसे विभिन्न चुनाव अवसरों पर अपडेट किया जाता है, ताकि सही व्यक्ति को सही समय पर वोट डालने की सुविधा मिले। उन्होंने अपील की कि सभी मतदाता ऑनलाइन सुविधा का लाभ उठाकर वोटिंग लिस्ट में अपना नाम चेक करें ताकि वे लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बन सकें।

## किसान शुभकर्ण सिंह व पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की आत्मिक शांति के लिए किया हवन यज्ञ

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



**खानौरी** बोर्ड पर शहीद हुए युवा किसान शुभकर्ण सिंह तथा पंगु कानून व्यवस्था की भेंट चढ़े पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की आत्मिक शांति के लिए बुधवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अंशुल लाठर की ओर से शिवालय में हवन यज्ञ किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हवन यज्ञ में आहूतियां डाली। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि सरकार को सदबुद्धि दें। इस मौके पर मुख्य रूप से पहुंचे जिला कांग्रेस संयोजक त्रिलोचन सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघबीर संधु व महिला प्रधान उषा तुली ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार ने खनौरी और शंभु बोर्डर पर किसानों पर जानलेवा हमले करवाने का काम किया। खनौरी बोर्डर पर गोली लगने से युवा किसान की मौत हो गई। सैंकड़ों किसान घायल भी हुए। सरकार से मांग करते हैं कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इधर दो बार विधायक रहे नफे सिंह राठी की हत्या की भी निंदा की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार का अपराधियों को कोई खौफ नहीं रहा। एक राजनेता की बदमाशों द्वारा गोली मारकर सरेआम हत्या कर दी गई। प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। युवा प्रदेश सचिव अंशुल लाठर, रानी कांबोज व ने कहा कि हरियाणा के युवा गठबंधन सरकार को कोस रहे हैं, क्योंकि उन्हें रोजगार नहीं दिया। सरकारी नौकरियां नहीं दी जा रही। पेपर लीक होने और भर्तियां रद्द करने के सबसे ज्यादा मामले हरियाणा राज्य में हुए हैं। इस अवसर पर विनोद काला प्रधान, परमजीत भारद्वाज व एडवोकेट अमनदीप , राजिंद्र पप्पी, दलबीर सिंह, रामधारी, प्रेम मलवानिया, रणदीप लाठर, पंकज कादियान, अंकुश कादियान, अजमेर लाठर, यशवीर लाठर, दीपक कश्यप, गगन मेहता, अभिमन्यु मान, सोमदत्त शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डोनियर ग्रुप ने लॉन्च किया 'नियो स्ट्रेच फ्रीडम टू मूव' : एक ग्रैंड म्यूजिकल जिसमें दिखेंगे टाइगर श्रॉफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली।



**भारत** का सबसे बडा लाइफस्टाइल और फैशन हाउस, डोनियर ग्रुप अपनी एक पहल से इन दिनों सुर्खियों में है। इसकी वजह है कि फैशन की दुनिया में तहलका मचाने के लिए यह ग्रुप लेकर आया है एक म्यूजिकल कैंपेन 'फ्रीडम टू मूव'। इस म्यूजिकल में दर्शकों के सामने होंगे टाइगर श्रॉफ, नताशा भारद्वाज और जन्नत जुबैर रहमानी। इस तिकडी का गीत 'नियो स्ट्रेच फैब्रिक' को लॉन्च करता है। यह दुनिया का सबसे बढिया फैब्रिक है जो चार तरफस्ट्रेच हो सकता है। इस फैब्रिक से ग्राहकों को मिलेगी मूव के लिए ज्यादा आजादी। लॉन्च के मौके पर डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राजेंद्र वी. अग्रवाल ने कहा, नियो स्ट्रेच के ब्रैंड एंबेसडर के रूप में टाइगर श्रॉफ को चुनना स्वाभाविक था। उनकी डायनैमिक एनर्जी और एफर्टलेस स्टाइल हमारे इस नए तरह के फैब्रिक 'नियो स्ट्रेच' के साथ मैच होती है। डोनियर ग्रुप का यह फैब्रिक गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के साथ ही ग्राहकों के लिए आराम और फैशन को फिर से परिभाषित करने के लिए किए जाने वाले हमारे लगातार प्रयास का ही नतीजा है। डोनियर में हमारा मानना है कि नियो स्ट्रेच के साथ, हम फैब्रिक की दुनिया में नए स्टैन्डर्ड स्थापित करेंगे।'' डोनर स्टूडियोज के लिए इस म्यूजिकल को ख्यात म्यूजिक वीडियो डाइरेक्टर मिहिर गुलाटी ने डाइरेक्ट किया है। इसे ड्रीम्सवॉल्टमीडिया और बैंग ऑन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इस लॉन्च में फैशन और सिनेमा से जुडे कई सितारे नजर आए।

## साथी छात्रों ने दी थी नशे की ओवरडोज

### बी फार्मेसी में पढ़ रहे हितेश की मौत का खुला राज

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक



**शिक्षण** संस्थानों में नशे के आदि युवाओं के सहारे नशे के कारोबारी भी अपना धंधा खूब जमा रहे हैं। नशे के आदि हो चुके इन युवाओं को नशे के कारोबारी आसानी से गिरफ्त में लेकर खूब पैसा कमा रहे है। शिक्षण संस्थाओं में नशे के कारोबारी खुद उनके छात्रावासों में नशे का सामान पहुंचा देते हैं। बीफार्मा कर रहे युवा की मौत ने नशे के कारोबारियों की पहुंच के साथ विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में बी फार्मेसी के स्टूडेंट हितेश की मौत का पर्दाफाश हो गया है। हितेश की मौत नशे की ओवरडोज से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बारे में पता चला है। हितेश को नशे की ये ओवरडोज उसके ही साथ पढ़ने वाले महेंद्रगढ़ के मोनू और गौरव ने दी थी। दोनों ने खुद भी नशा किया था। पुलिस को दोनों के बारे में यूनिवर्सिटी कैंपस की सीसीटीवी फुटेज जांचने के बाद पता चला था। रविवार रात को मोनू व गौरव आखिरी बार हितेश के साथ नजर आए थे। फुटेज में दोनों सिगरेट पीते हुए हितेश के कमरे से बाहर आते दिखे थे। दोनों ने पूछताछ में हितेश की मौत से पहले नशा लेने की बात स्वीकारी। पुलिस ने हितेश के चाचा वीरेंद्र की शिकायत पर मोनू व गौरव समेत मनीष पर केस दर्ज किया है। हितेश के चाचा ने पुलिस को शिकायत देकर यह आरोप लगाए हैं। महेंद्रगढ़ जिले के गांव पाल निवासी वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह फोटाग्राफी का काम करता है। उसका बड़ा भाई सतीश सीआरपीएफ में है। सतीश का छोटा बेटा हितेश बाबा मस्तनाथ विवि में बी फार्मेसी का तृतीय वर्ष का छात्र था। बीते दिन हॉस्टल में उसका शव मिला था। वीरेंद्र ने विवि के ही दो छात्रों समेत तीन लोगों पर हितेश को जबरन नशा देने का आरोप लगाया है। कहा है कि नशे की ओवरडोज देकर उसके भतीजे को मारा गया है।

इस मामले में पुलिस ने दो साथी छात्रों समेत तीन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने वीरेंद्र की शिकायत पर रिवासा जिला महेंद्रगढ़ निवासी मोनू, हुडीना महेंद्रगढ़ निवासी गौरव और करतारपुरा निवासी मनीष के खिलाफ आईपीसी की धारा 304, 34 व 506 के तहत मामला दर्ज किया है। उधर, मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

बताया जा रहा है कि एक्सपर्ट ने भी नशे के इंजेक्शन से मौत की बात कही है। लेकिन, अभी लिखित में पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। वीरेंद्र ने कहा है कि हितेश 23 फरवरी को घर से विवि के लिए निकला था। तब से वह लगातार परिजनों के संपर्क में था। उसने फोन पर बताया था कि वह मोनू के साथ कॉलेज पहुंचा था। गौरव पहले से कॉलेज में मौजूद था। पता चला कि मोनू करतारपुरा निवासी मनीष से नशे का इंजेक्शन लाता था।

## नवयुग स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर इंटर हाउस साइंस क्विज आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर इंटर हाउस साइंस क्विज का आयोजन किया गया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि इस साल नेशनल साइंस डे की थीम विकसित भारत के लिए भारतीय स्वदेशी प्रौद्योगिकी है। हर साल 28 फरवरी का दिन भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन ने ह्लरमन प्रभाव की खोज की थी। उसी की याद में हर साल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। क्विज में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सभी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कक्षा षष्ठम से ब्लू हाउस (पायल, खुशी, आन्या, जैसमीन, कक्षा सप्तम से ग्रीन हाउस (गोविंद, करण, रमन, महक), कक्षा अष्टम से ब्लू हाउस (कुमार वंश, कार्तिक क्वात्रा, तानिया गुप्ता, महक) ने उत्साहपूर्वक व हर्षपूर्वक भाग लिया।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की''धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह-ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋण खाता संख्या / ऋणी/सहऋणी/ बन्धकर्ता/गारन्टर का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (खाता सं.) L9001060116692269 **चन्द्र शेखर (ऋणी)**, श्रीमती रतन वती (सह-ऋणी), गजेंदर सिंह (सह-ऋणी) | 06 दिसंबर 2023 ₹ 2136993/- रु. इक्कीस लाख छत्तीस हजार नौ सौ तिरानवे मात्र दिनांक 05 दिसंबर 2023 तक | संपत्ति स्थित प्लॉट नं.- 1129, गांव- सिही, तहसील- बल्लभगढ़, जिला-फरीदाबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 180 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060120320770 **आर बी ज्वैलर्स जरिए प्रोपराइटर अमीनुदीन खान (ऋणी)**, अमीनुद्दीन खान (सह-ऋणी), श्रीमती रुबिनाई यास्मीन (सह-ऋणी) | 12 दिसंबर 2023 ₹ 1658376/- रु. सोलह लाख अट्ठावन हजार तीन सौ छिहत्तर मात्र दिनांक 11 दिसंबर 2023 तक | संपत्ति स्थित प्रथम तल मकान नं. 1532, वार्ड नं. 5, रेलवे रोड रोहतक, जिला-रोहतक हरियाणा **क्षेत्रफल 110 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060124993057 **इंदर सिंह (ऋणी)**, श्रीमती मंजू (सह-ऋणी), तेजवीर (सह-ऋणी) | 12 दिसंबर 2023 ₹ 744650/- रु. सात लाख चवालीस हजार छह सौ पचास मात्र दिनांक 11 दिसंबर 2023 तक | संपत्ति स्थित खेवत/खाता- 168/179, मुस्तिल नं.- 96, किला नं.- 23, मुस्तिल नं.- 121, किला नं. - 02, गांव- अंदुआ पट्टी होडेल, जिला- पलवल, हरियाणा **क्षेत्रफल 150 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060125365704 **प्रिंस (ऋणी)**, श्रीमती प्रेमवती (सह-ऋणी), राम निवास (सह-ऋणी) | 13 दिसंबर 2023 ₹ 1193824/- रु. ग्यारह लाख तिरानवे हजार आठ सौ चौबीस मात्र दिनांक 11 दिसंबर 2023 तक | संपत्ति स्थित खेवत/खाता नं. 451/435, खतौनी नं. 502, वाका मौजा पाली बडखल, जिला-फरीदाबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 210 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060831166020 **प्रिंस (ऋणी)**, देवराज भड़ाना (सह-ऋणी), श्रीमती प्रेमवती (सह-ऋणी), राम निवास (सह-ऋणी) | 13 दिसंबर 2023 ₹ 527816/- रु. पांच लाख सत्ताइस हजार आठ सौ सोलह मात्र दिनांक 11 दिसंबर 2023 तक | संपत्ति स्थित फ्रीहोल्ड - नगर निगम सीमा के भीतर-खेवत/खाता नं. 451/435, खतौनी नं. 502, बड़खल, वाका मौजा पाली बड़खल, जिला-फरीदाबाद, हरियाणा-121004 **क्षेत्रफल 210 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060125209331 **आरके टेलर (ऋणी)**, लाली (सह-ऋणी), राकेश कुमार (सह-ऋणी), श्रीमती ललिता देवी (सह-ऋणी) | 14 दिसंबर 2023 ₹ 547496/- रु. पांच लाख सैंतालीस हजार चार सौ छियानवे मात्र दिनांक 11 दिसंबर 2023 तक | संपत्ति स्थित फ्रीहोल्ड - नगरपालिका सीमा के भीतर-खेवत नं. 89 खतौनी नं. 143 केएच पर 107/1/1, नियामपुर रोड नांगल चौधरी, नारनौल, जिला-महेंद्रगढ़-हरियाणा-123023 **क्षेत्रफल 15.9 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060730201058 **हरमुख (ऋणी)**, श्रीमती मीना (सह-ऋणी) | 14 दिसंबर 2023 ₹ 1142121/- रु. ग्यारह लाख बयालीस हजार एक सौ इक्कीस मात्र दिनांक 11 दिसंबर 2023 तक | संपत्ति स्थित खेवत नं. 53/50 खतौनी नं. 64/65 म्यू नं. 20 किल्ला नं. 3 4 5 6/1 म्यू नं. 13 किल्ला नं. 6 7/2 13 18 23 26 म्यू नं. 14/10/2 20/7/2 8/ 1 15/1, प्लॉट नं. 22 23 25 29 59 66 75 77 79 81 82 85 91 92, वाका मौजा बसेलवा, जिला-फरीदाबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 30 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060130765069 **बबलिया जनरल स्टोर (ऋणी)**, गजराज सिंह (सह-ऋणी), श्रीमती सुविधा गजराज सिंह (सह-ऋणी) | 14 दिसंबर 2023 ₹ 1144532/- रु. ग्यारह लाख चवालीस हजार पांच सौ बत्तीस मात्र दिनांक 11 दिसंबर 2023 तक | संपत्ति स्थित मुस्तिल/किला नं. 48/7/2/2 1-18, 8/2/2 1-18, 9/2 4-00, 12 8-00, 13/1/1 4-2, 13/2 /1 3-2, 14/1/1/1 2-9, 17/2 3-16, 18/1/2 3-14, 18/2/2 2-11, 19/1/1 3-7 , 19/2/2 2-13, 21/2 7-2, 22 8-00, 23/1 3-16, 23/2 4-4, 24/1 3-16, 49/25/2/2 /2 3-11, खेवत नं. 58, खतौनी नं. 63, गांव सुंद्राह, जिला- महेंद्रगढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 723 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060118378365 **गोविंद राम (ऋणी)**, | 19 दिसंबर 2023 ₹ 591972/- रु. पांच लाख इक्यानवे हजार नौ सौ बहत्तर मात्र दिनांक 18 दिसंबर 2023 तक | संपत्ति स्थित गांव - ढिंगसरा (30), तह. एवं जिला - फतेहाबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 4598 वर्ग फीट** |
| (खाता सं.) L9001060826368233 व L9001060123059121 **दीपक ऑल इन वन स्टोर (ऋणी)**, कुलदीप कुमार (सह-ऋणी) | 20 दिसंबर 2023 ₹ 228927/- रु. दो लाख अट्ठाइस हजार नौ सौ सत्ताइस मात्र व ₹ 314491/- रु. तीन लाख चौदह हजार चार सौ इक्यानवे मात्र दिनांक 19 दिसंबर 2023 तक | संपत्ति स्थित संपत्ति नं. एमसीएफ/ बी03/ 0159/1/4/12, मकान नं. 4, ठाकर बस्ती, जिला- फतेहाबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 18 वर्ग गज** |

**स्थान : हरियाणा** **दिनांक: 28-02-2024** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# जम्मू-कश्मीर के सांबा में सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होमस्टे की शुरुआत

एजेंसी। सांबा

**पूर्व** सरपंच मोहन सिंह भट्टी ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतराष्ट्रीय सीमा के पास होमस्टे की शुरुआत की है। तीन साल पहले भारत और पाकिस्तान के बीच नए सिरे से संघर्षविराम लागू होने के बाद जमीनी स्थिति में स्पष्ट बदलाव आया है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने हाल में सीमा पर शांति के मद्देनजर सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रामगढ़ सेक्टर में प्रसिद्ध बाबा चमलियाल मंदिर के नजदीक होमस्टे के निर्माण के लिए अपनी मंजूरी दे दी थी। अतीत में भारत-पाकिस्तान के बीच सौहार्द के प्रतीक माने जाने वाले बाबा चमलियाल मंदिर में हजारों भक्त आते हैं, खासकर वार्षिक मेले के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगता है। भट्टी ने फत्वाल के अपने दाग चन्नी गांव में दो मंजिला होमस्टे बनाया है। उन्होंने आगंतुकों को सीमा पर रहने का एहसास कराने और सीमा पार से गोलाबारी की स्थिति में किसी भी क्षति को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय के रूप में भूमिगत बंकर भी बनाया है। भट्टी ने कहा, सीमा पर अपनी यात्रा में, आप सबकुछ देख सकते हैं, लेकिन बंकर नहीं, जिसका उपयोग हम सीमा पार गोलाबारी के दौरान करते रहे हैं। जिसने (सीमा यात्रा के दौरान) यह बंकर नहीं देखा, उसने कुछ नहीं देखा। उन्होंने कहा कि उन्होंने भूमिगत बंकर का निर्माण भी किया है ताकि दूसरी ओर से गोलीबारी या गोलाबारी होने की स्थिति में आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



सांबा के उपायुक्त अभिषेक शर्मा ने कहा कि जिले में 55 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कई स्थान हैं जिनमें बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता है जैसे चमलियाल मंदिर, 300 साल पुराना मंदिर बाबू चक, बाबा बाली करण और बाबा सिद्ध गोरिया। शर्मा ने कहा, केंद्र और जम्मू-कश्मीर प्रशासन दोनों सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पिछले साल, चमलियाल मंदिर में आने वाले पर्यटकों को आवास की समस्याओं का सामना करना पड़ा और इस अंतर को पाटने के लिए हम होमस्टे को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती निवासियों, विशेषकर युवा उद्यमियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है जो अपने घरों को होमस्टे में बदलने के लिए तैयार हैं।

## भारत में अवैध प्रवेश के आरोप में म्यांमा के छह लोग गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले से म्यांमा के छह लोगों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राईक कमसी ने कहा कि मंगलवार को यासोंग गांव से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। कमसी ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने दावा किया कि उन्होंने जंगली मशरूम इकट्ठा करने के लिए भारत में प्रवेश किया था और वे सभी म्यांमा के पुताओं गांव के निवासी हैं।

# बिहार कांग्रेस ने पाला बदलने वाले दो विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की

एजेंसी। पटना

**बिहार** में कांग्रेस के दो विधायकों के सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पाले में जाने के एक दिन बाद पार्टी ने बुधवार को उन्हें राज्य विधानसभा से अयोग्य घोषित करने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव से मुलाकात की और अपने विधायकों सिद्धार्थ सौरव और मुरारी गौतम को अयोग्य ठहराने की मांग की। ये दोनों विधायक मंगलवार को सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के साथ सदन में बैठे दिखे थे। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए सिंह ने आरोप लगाया, भाजपा प्रलोभन देकर साथ अपनी सत्ता का दुरुपयोग कर रही है और सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों के माध्यम से धमकियां भी दी जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी अपने विधायकों को तोड़े जाने की निंदा करती है। गौतम हाल तक मंत्री थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अचानक राजग में लौटने से कांग्रेस पिछले महीने बिहार की सत्ता से बाहर हो गई थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दोनों विधायकों का आचरण पार्टी की सदस्यता छोड़ने के समान है जो दल-बदल विरोधी कानून का उल्लंघन है। सिंह के मुताबिक, विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि वह पार्टी के ज्ञापन का अध्ययन करेंगे और नियमों के अनुसार निर्णय लेंगे। उन्होंने इन अटकलों को खारिज कर दिया कि निकट भविष्य में कांग्रेस के और विधायक पाला बदलेंगे।



सिंह ने पलटवार करते हुए कहा, आप सदन में हमारे कुछ सदस्यों की अनुपस्थिति के आधार पर अटकलें लगा रहे हैं। आपको आज विधानसभा सत्र से बड़ी संख्या में अनुपस्थित रहने वाले भाजपा विधायकों पर भी ध्यान देना चाहिए। इससे पूर्व बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा था कि उनकी पार्टी अपने इन दो विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करेगी। खान ने संवाददाताओं के सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही थी। बिहार की 243 सदस्यीय वाली विधानसभा में कांग्रेस के सिर्फ 17 सदस्य हैं। खान ने दोनों विधायकों को गद्दार करार देते हुए उनकी तुलना, नवाब बनने के लिए प्लासी युद्ध के दौरान अंग्रेजों के साथ हाथ मिलाने वाले मीर जाफर से की। कांग्रेस के दो विधायकों ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की संगीता कुमारी के साथ पाला बदल लिया था। तीनों ने भविष्य की अपनी रणनीति पर अभी चुप्पी साध रखी है और बुधवार को उनमें से कोई भी दोपहर के भोजन से पहले के सत्र के दौरान सदन में मौजूद नहीं था। उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा पाला बदलने वाले इन विधायकों का बिहार विधानसभा परिसर में अभिनंदन किए जाने से ऐसा माना जा रहा है कि वे भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

पिछले दिनों राजद के चार विधायक भी पाला बदलकर राजग में शामिल हो गए थे। राजद सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने कहा, हम निश्चित रूप से उनको अयोग्य ठहराए जाने की मांग करेंगे। मुझे आश्चर्य है कि अध्यक्ष सदन के भीतर ऐसा कैसे होने दे रहे हैं। झा ने आरोप लगाया कि राजद नेता तेजस्वी यादव के प्रति जनसमर्थन ने भाजपा को परेशान कर दिया है और अब वह धनबल का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि राजद ने कई लोगों को विधायक बनवाया है और उसे ऐसी हरकतों से उसे डराया नहीं जा सकता। बिहार में कुछ विधायकों के दल-बदल करने के बाद सत्तारूढ़ राजग का संख्या बल बढ़कर 134 हो गया है। राजद, कांग्रेस और तीन वामपंथी दलों वाले महागठबंधन का संख्या बल अब घटकर 108 रह गया है।

## बलात्कार में दोषी व्यक्ति को कुल 51 वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई

**इडुक्की।** केरल की एक अदालत ने एक व्यक्ति को 2018 में यहां मुन्नार स्थित अपने आवास पर अपनी सौतेली बेटी के साथ बलात्कार करने के लिए बुधवार को दोषी ठहराया और कुल 51 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) स्मिजू के दास ने कहा कि देवीकुलम त्वरित विशेष अदालत के न्यायाधीश सिराजुद्दीन पीए ने आरोपी को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत अपराधों के लिए कुल 51 वर्ष जेल की सजा सुनाई। दास ने बताया कि 40 वर्षीय इस व्यक्ति को हालांकि 20 साल जेल में काटने होंगे क्योंकि ये सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियोजक ने कहा कि अदालत ने दोषी पर 1.55 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया जो 17 वर्षीय पीड़ित लड़की को दिया जाएगा। एसपीपी ने कहा कि अदालत ने पीड़िता को पीड़ित मुआवजा योजना के तहत मुआवजा प्रदान करने और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, इडुक्की-थोडुपुझा को इसके लिए निर्देश देने की भी सिफारिश की। अभियोजक ने कहा कि नवंबर, 2018 में तीन अलग-अलग दिन पर लड़की के साथ उस वक्त बलात्कार किया गया जब पीड़िता की मां घर पर नहीं थी। एसपीपी ने कहा कि सौतेले पिता ने पीड़ित लड़की को अपराध के बारे में किसी को बताने पर उसे और उसकी मां को जान से मारने की धमकी भी दी थी।

# कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी ने इस्तीफा दिया, भाजपा में हो सकते हैं शामिल

एजेंसी। गुवाहाटी

**कांग्रेस** की असम इकाई के दिग्गज नेता राणा गोस्वामी बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देकर नई दिल्ली रवाना हो गए जहां उनके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की संभावना है। गोस्वामी ने रविवार को विभिन्न राजनीतिक कारणों का हवाला देते हुए पार्टी के संगठन प्रभारी (ऊपरी असम) के पद से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को इस्तीफा भेजने के तुरंत बाद गोस्वामी नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए, जहां वह मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की मौजूदगी में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर सकते हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता देबब्रत सैकिया ने संवाददाताओं से कहा कि गोस्वामी ने पार्टी छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया है। सैकिया ने कहा, उन्होंने (गोस्वामी) पार्टी छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया। अगर कोई कारण बताया जाता है तो हम विश्लेषण कर स्थिति को सुधारने के लिए उचित कदम उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, पार्टी को गोस्वामी के फैसले को लेकर थोड़ी-बहुत जानकारी थी क्योंकि वह कई राजनीतिक कार्यक्रमों से अनुपस्थित रहे थे लेकिन उन्हें कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के साथ अपनी शिकायतों पर चर्चा करनी चाहिए थी। सैकिया ने कहा कि गोस्वामी के इस्तीफे से कांग्रेस पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, मैं इससे इनकार नहीं करूंगा लेकिन हम पार्टी को मजबूत करने के अपने प्रयास जारी रखेंगे। गोस्वामी के पाला बदलने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा था कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। शर्मा ने कहा कि वह (गोस्वामी) कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे हैं और अगर वह भाजपा में शामिल होते हैं तो मैं उनके फैसले का स्वागत करूंगा।



## बंगाल के मंत्री अरूप विश्वास को भेजा समन

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अल्केमिस्ट ग्रुप से संबंधित 1900 करोड़ रुपये के धनशोधन के एक मामले में तृणमूल कांग्रेस के नेता और पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप विश्वास को बुधवार को समन जारी किया।

# भाजपा ने हर मुद्दे पर वादाखिलाफी की : पायलट

एजेंसी। जयपुर

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने हर मुद्दे पर वादाखिलाफी की है। इसके साथ ही पायलट ने उम्मीद जताई कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश के मामले को जल्द सुलझा लेगी। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए सीकर में मीडिया से कहा कि देश में पिछले 10 साल की स्थिति और भाजपा का 10 साल का रिपोर्ट कार्ड देखिए। उन्होंने दावा किया कि हर मुद्दे पर इस सरकार ने वादाखिलाफी की है, विशेष तौर पर किसानों और नौजवानों के साथ। पायलट ने कहा, हर मोर्चे पर सिर्फ प्रचार हो रहा है, लेकिन धरातल पर महंगाई, बेरोजगारी के मामले में वो (केंद्र सरकार) अपने आपको कामयाब नहीं कर पाए।



हिमाचल प्रदेश के राजनीतिक घटनाक्रम पर उन्होंने कहा, हमारी पार्टी ने हिमाचल में पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। वे सबसे बात करेंगे और उम्मीद है बहुत जल्द मामले को सुलझा लिया जाएगा। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया मजबूत है। पायलट ने कहा, चुनाव से पहले बहुत से लोग आते-जाते हैं। यह लगभग हर चुनाव के पहले होता है लेकिन यह चुनाव (भाजपा नीत) राजग बनाम इंडिया गठबंधन का है। हमारा गठबंधन मजबूत है। उन्होंने कहा, हम सीट बंटवारे को लगभग अंतिम रूप दे चुके हैं। हम मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी है।

# भाजपा विधायक ने मुंबई में जलापूर्ति में देरी पर श्वेत पत्र की मांग की

एजेंसी। मुंबई

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक आशीष शेलार ने बुधवार को मुंबई में जल आपूर्ति की स्थिति और पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार के तहत मेट्रो कार्यों में कथित लागत वृद्धि पर श्वेत पत्र की मांग की है। विधानसभा में शेलार ने कहा कि मुंबई नगर निकाय पर 25 वर्ष तक एकल परिवार का शासन रहा और 30000 करोड़ रुपये का कर वसूला गया, लेकिन मुंबई के करदाताओं को पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं मिली। उन्होंने कहा, (ठाकरे) परिवार ने बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) पर शासन किया और उनके पास मेयर और स्थायी समिति प्रमुख भी थे, लेकिन वह लोगों को पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रहे।



पश्चिमी बांद्रा के विधायक ने यह भी कहा कि मुंबई में मेट्रो कार्यों का खर्च 10,000 करोड़ रुपये बढ़ गया है क्योंकि पूर्ववर्ती महा विकास आघाडी सरकार (एमवीए सरकार) ने संबंधित परियोजनाओं को रोक दिया था। उल्लेखनीय है कि बृहन्मुंबई महानगर पालिका ने मंगलवार को मुंबई और उसके आसपास के क्षेत्रों में पांच मार्च तक पानी की आपूर्ति में 15 प्रतिशत की कटौती लागू कर दी है। बीएमसी ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि ठाणे स्थित एक पंपिंग स्टेशन में ट्रांसफार्मर में आग लग गई थी, जिससे पानी की आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। शेलार ने कहा कि 24 घंटे पानी की आपूर्ति उपलब्ध कराने वाली योजना विफल हो गई और उन्होंने इस मामले में जांच की भी मांग की।

उन्होंने कहा, मैं मांग करता हूं कि एक महीने में शहर की जल स्थिति पर एक श्वेत पत्र प्रकाशित किया जाए। शेलार ने पूछा, 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना दो नगर निकाय वार्डों में लागू की गई थी, जिसके लिए सलाहकार को 400 करोड़ रुपए दिए गए थे। क्या कोई अनियमितता है?

## तेलुगु फिल्म निर्देशक को पुलिस ने तलब किया

**हैदराबाद।** पुलिस ने एक तेलुगु फिल्म निर्देशक को उस मामले में तलब किया है, जिसमें शहर के एक होटल में पार्टी के दौरान कोकीन का सेवन करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि निर्देशक को तलब किया गया है क्योंकि वह भी पार्टी में शामिल हुआ था। साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र अंतर्गत गचिबोव्ली स्थित होटल के एक कमरे में 25 फरवरी को मादक पदार्थ कोकीन का सेवन करने के आरोप में शहर स्थित एक निर्माण और रियल एस्टेट फर्म के निदेशक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी।

पुलिस ने कहा कि फिल्म निर्देशक उन लोगों में शामिल था जो पार्टी में शामिल हुए थे, लेकिन उसने मादक पदार्थ का सेवन किया था या नहीं, इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। मामले में स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की संबंधित धाराओं में दर्ज की गई प्राथमिकी में फिल्म निर्देशक सहित दस लोगों का नाम है।

# आईयूएमएल ने केरल में दो और तमिलनाडु में एक उम्मीदवार को मैदान में उतारा

एजेंसी। मलप्पुरम

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को केरल में दो और तमिलनाडु में एक मौजूदा सांसदों को टिकट देने की घोषणा की। पार्टी सुप्रीमो सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता ईटी मोहम्मद बशीर मलप्पुरम से और मौजूदा लोकसभा सदस्य अब्दुल समद समदानी, पोन्नानी से अपनी किस्मत आजमाएंगे। थंगल ने यह भी कहा कि पार्टी ने तमिलनाडु के रामनाथपुरम से अपने मौजूदा सांसद के. नवसकनी को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है। हैरानी की बात ये है कि पोन्नानी से मौजूदा सांसद बशीर मलप्पुरम से चुनाव लड़ेंगे और लोकसभा में मलप्पुरम का प्रतिनिधित्व कर रहे समदानी आगामी चुनाव में पोन्नानी से अपनी किस्मत आजमाएंगे। मलप्पुरम और पोन्नानी उत्तरी केरल के मुस्लिम बहुसंख्यक निर्वाचन क्षेत्र हैं। थंगल ने कहा, पार्टी आलाकमान की कांग्रेस और यूडीएफ नेताओं के साथ बातचीत के बाद केरल में उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगाई गई है। उन्होंने कहा, आईयूएमएल लंबे समय से राष्ट्रीय और संसदीय राजनीति में सक्रिय रूप से हिस्सा ले रही है। इस बार, हम तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें से केरल में दो और तमिलनाडु में एक सीट शामिल है। आईयूएमएल सुप्रीमो ने कहा कि पार्टी केरल में कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सहयोगी के रूप में चुनाव लड़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्यसभा सीट के लिए पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा बाद में की जाएगी। कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने आईयूएमएल को एक राज्यसभा सीट देने का वादा किया है क्योंकि आईयूएमएल ने इस बार एक अतिरिक्त लोकसभा सीट की मांग रखी थी।



आईयूएमएल ने इस बार एक अतिरिक्त लोकसभा सीट की

# ग्रेनो में प्रयोगात्मक परीक्षा के दौरान छात्र ने सहपाठियों पर रसायन फेंका

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र में एक कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षा के दौरान एक विद्यार्थी द्वारा कथित तौर पर रसायन फेंकने से चार छात्र झुलस गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार को एक निजी कॉलेज में हुई। दादरी थाने के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने कहा, कॉलेज में बी-फार्मा के प्रथम वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा ली जा रही थी। इस दौरान एक छात्र ने अन्य छात्र पर पहले पानी फेंका, जिसके बाद उसने प्रयोगशाला में रखा रसायन चार छात्रों पर फेंक दिया। उन्होंने बताया कि इससे प्रशांत, सिद्धार्थ, शाबाज और जैद झुलस गए, जिनका उपचार किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल शिकायत नहीं मिली है।

# प्रेम विवाह को लेकर दो पक्षों में हिंसा, तीन की मौत

एजेंसी। मुजफ्फरनगर

**मुजफ्फरनगर** जिले के खतौली क्षेत्र में प्रेम विवाह को लेकर दो पक्षों में हुई हिंसा में तीन लोगों की गोली लगने से मौत हो गई तथा एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अभिषेक सिंह ने बुधवार को बताया कि खतौली थाना क्षेत्र के फुलत गांव में मंगलवार शाम दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी ने हिंसक रूप लिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान चली गोली लगने से अंकित और रोहित नामक व्यक्तियों की मौत हो गई तथा घटना में घायल राहुल नामक एक अन्य शख्स ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है अंकित ने हरिमोहन की बेटी से उसके परिवार की मर्जी के खिलाफ शादी की थी। एसपी ने बताया कि मंगलवार शाम अंकित और हरिमोहन के बीच इसी बात को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमलावर हो गए। सिंह ने बताया कि इस घटना में हरिमोहन भी जख्मी हुआ है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में 10 लोगों के खिलाफ हत्या तथा कई अन्य गम्भीर आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है तथा उनमें से छह को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि हालात के मद्देनजर इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



# गुजरात तट से 3300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त, पांच विदेशी गिरफ्तार

एजेंसी। पोरबंदर

**भारतीय** नौसेना, गुजरात पुलिस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नौका से अब तक की नशीले पदार्थों की जब्ती के तहत 3300 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए और इस संबंध में पांच विदेशियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह नौका एक ईरानी बंदरगाह से आई थी। अधिकारियों का कहना है कि यह अब तक की किसी भी कार्रवाई में समुद्र से जब्त किए गए मादक पदार्थ की सबसे बड़ी खेप है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारतीय नौसेना, गुजरात पुलिस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो द्वारा की गई इस संयुक्त कार्यवाई को एक ऐतिहासिक सफलता और देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण बताया है। मछली पकड़ने वाली अपंजीकृत नौका को मंगलवार सुबह अरब सागर में भारतीय तट से लगभग 60 समुद्री मील दूर और अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास रोका गया था। नौसेना ने अपने समुद्री टोही विमान पी8आई और एक युद्धपोत पर समुद्री कमांडो और हेलीकॉप्टर तैनात किए। एनसीबी ने कहा कि जब्त किए गए लगभग 3,300 किलोग्राम प्रतिबंधित सामग्री में 3,110 किलोग्राम चरस या हशीश, 158.3 किलोग्राम क्रिस्टल मेथामफेटामाइन और 24.6 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन शामिल है।



उसने बताया कि ये मादक पदार्थ उन पैकेट से बरामद किया गया, जिन पर रास अवद गुड्स कंपनी, प्रोड्यूस ऑफ पाकिस्तान की मुहर लगी हुई है। एजेंसी ने कहा कि मादक पदार्थ का स्रोत ईरान में चाबहार बंदरगाह पाया गया है। एनसीबी महानिदेशक एसएन प्रधान ने दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान संवाददाताओं से कहा कि अंतराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 1300 से 2,000 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा, यह देश में समुद्र तट के पास से मादक पदार्थ की अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। हमने देखा है कि पिछले कुछ वर्षों में समुद्री मार्ग के माध्यम से मादक पदार्थ की तस्करी बढ़ गई है और इसलिए हम नौसेना, तटरक्षक, सीमा शुल्क जैसी अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। प्रधान ने कहा, मादक पदार्थ तस्कर अरब सागर में भारतीय तट के जरिए तस्करी का प्रयास करते हैं। यह मादक पदार्थ का उपयोग करके देश को अस्थिर करने के षड्यंत्र का हिस्सा है। समुद्र से आखिरी बड़ी जब्ती मई, 2023 में केरल तट के पास एनसीबी और नौसेना द्वारा 2,500 किलोग्राम की थी। एनसीबी के उप महानिदेशक (संचालन) ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि मछली पकड़ने वाली नौका को पोरबंदर लाया गया है और उस पर सवार पांच नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिंह ने कहा, वे या तो पाकिस्तानी या ईरानी हो सकते हैं। हालांकि, हमने उनके पास से कोई पहचानपत्र बरामद नहीं किया है। इन व्यक्तियों के पास से एक थुराया सैटेलाइट फोन और चार मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। डीडीजी ने कहा कि मादक पदार्थ के पैकेट पर एक पाकिस्तानी खाद्य कंपनी का नाम था और इसलिए, उन्हें इस जखीरे के पीछे उस देश का हाथ होने का संदेह है, जिसके गंतव्य की जांच की जा रही है। एनसीबी अधिकारियों ने कहा कि मादक पदार्थ परिवहन करने वाले जहाजों पर सवार तस्कर जमीन पर खरीदारों के संपर्क में रहते हैं और एक बार सौदा होने के बाद खेप भारत के सबसे दक्षिणी छोर तक कहीं भी उतारी जा सकती है। डीडीजी सिंह ने कहा कि इस अभियान को सागरमंथन-1 नाम दिया गया था और संयुक्त दल पिछले कुछ सप्ताहे से मिली जानकारी पर काम कर रहा था। नौसेना ने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट में कहा, किसी भी कार्रवाई में जब्त किए गए मादक पदार्थ की अब तक की सबसे बड़ी खेप है। एनसीबी के मिशन के साथ मिलकर भारतीय नौसेना के मिशन के तहत तैनात निगरानी तंत्र के सम्मिलित प्रयासों से यह संभव हुआ। एनसीबी महानिदेशक ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी से निपटना एक मुश्किल कार्य था। गृह मंत्री शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मादक पदार्थ मुक्त भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप एजेंसियों ने मादक पदार्थ की बड़ी खेप को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है।

# उपराज्यपाल और केजरीवाल सरकार आमने-सामने

## एलजी अड़ंगा डाल रहे हैं जिससे कि यह लोसचुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले अधिसूचित न हो पाए : आतिशी

**सौर ऊर्जा नीति**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच विवाद कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ऊर्जा मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना आम आदमी पार्टी सरकार की सौर ऊर्जा नीति में अड़ंगा डाल रहे हैं जिससे कि यह लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले अधिसूचित न हो पाए।



आतिशी ने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया और बाद में संवाददाताओं से भी बातचीत की। विधानसभा के बजट सत्र में सोलर पॉलिसी पर आम आदमी पार्टी की विधायक राजेश गुप्ता ने निंदा प्रस्ताव रखा, जो सर्वसम्मति से ध्वनि मत से पास हो गया। इस बीच उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने केजरीवाल सरकार के आरोपों से इनकार किया और सरकार पर झूठ बोलने का आदी होने का आरोप लगाया। आतिशी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एलजी भाजपा की ओर से बैटिंग कर रहे हैं।

इसलिए उन्होंने इतनी अच्छी सोलर पॉलिसी 2024 की फाइल को रोक दी है। इस नीति को लाने का मकसद दिल्ली में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ दिल्ली वालों के बिजली बिल जीरो करना है। अगर कोई उपभोक्ता 400 यूनिट से अधिक बिजली की खपत कर रहा है तो वह योजना के तहत अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाकर बिजली का बिल जीरो कर सकता है।

आतिशी ने कहा, पहले तो उप राज्यपाल फाइल को दबाए बैठे रहे। मैंने खुद उनसे इसके बारे में पूछा। जब फाइल वापस आई तो इसमें कई आपत्तियां थीं। इसके बाद यह इस अधिकारी से उस अधिकारी के पास भटकती रही। इसके पीछे केवल एक ही उद्देश्य है और वह यह कि इसे रोका जाए और लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले यह अधिसूचित न हो पाए। उपराज्यपाल साहब एक संवैधानिक पद पर होते हुए भी भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। एलजी से अनुरोध है कि वह नीति के क्रियान्वयन में देरी का प्रयास न करें। यह एक उत्कृष्ट नीति है और इससे प्रदूषण में कमी आएगी।

इससे पहले दिल्ली विधानसभा ने भी उपराज्यपाल द्वारा नीति में कथित बाधा डालने पर निंदा प्रस्ताव पारित किया। वहीं, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने केन्द्र पर नीति के क्रियान्वयन में बाधा डालने का आरोप लगाया। पाठक ने आरोप लगाया, दिल्ली सरकार की सौर ऊर्जा नीति बहुत उन्नत और प्रगतिशील है। वह देश भर में लोगों को इसका अध्ययन करने को कहूंगा। भाजपा ने इसे रोक दिया है।

### झूठ बोल कर लोगों को गुमराह कर रही है सरकार : एलजी



***नई दिल्ली।*** *उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि केजरीवाल सरकार आदतन झूठ बोल कर दिल्ली वालों को गुमराह कर रही है। एलजी ने सौर ऊर्जा नीति को नहीं रोका है। पालिसी में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिससे लोगों के बिजली बिल जीरो हो जाते। उलटे सौर ऊर्जा नीति में एक रेसको प्रावधान है जिससे सिर्फ निजी बिजली कंपनियों को फायदा होगा। उपराज्यपाल ने ने इसी प्रावधान पर विवरण मांगा है। एलजी ने यह भी पूछा कि क्या इस पॉलिसी में भारत सरकार की हजारों करोड़ की कैपिटल सब्सिडी से उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिये सामन्जस्य का प्रावधान है।*

# 'पानी के बिल माफ करने की योजना भ्रामक कल्पना'

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- **उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच घमासान जारी है। एलजी ने एक पत्र में सीएम केजरीवाल और उनकी सरकार पर पानी के बिल माफी योजना को लेकर भ्रामक कहानी गढ़ने का आरोप लगाया है। ये पत्र उस दावे के जवाब में लिखा गया था जिसमें कहा गया था कि कि भाजपा उपराज्यपाल की संवैधानिक ताकतों पर अनुचित कंट्रोल कर रही है। इस दावे को एलजी ने गैर-जिम्मेदाराना और संवैधानिक औचित्य का उल्लंघन करार दिया है।

उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने केजरीवाल को लिखे पत्र मे कहा कि दिल्ली जल बोर्ड पूरी तरह से आपके नियंत्रण में है, स्वयं निर्णय लें, दूसरों को दोष न दें। आप कह रहे हैं कि, दिल्ली में 27 लाख जल उपभोक्ता कनेक्शन हैं, जिनमें से लगभग 10 लाख ने अपने बिल का भुगतान नहीं किया है और आपका लक्ष्य उन्हें लाभ पहुंचाना है। मेरी आपको सलाह है कि, यदि 10 लाख उपभोक्ताओं के बिल, जुर्माना, एलपीएससी और बकाया माफ करने जैसी किसी बात पर विचार किया जा रहा है, तो शेष 17 लाख उपभोक्ताओं, जिन्होंने, इतने वर्षों में ईमानदारी से अपने बिलों का भुगतान किया है, उन्हें भी ब्याज सहित राशि वापस की जानी चाहिए।

उपराज्यपाल ने कहा कि आपको सभी पर दोष मढ़ने की आदत है। सभी उपराज्यपालों, वर्ष 2013 से लगातार भारत की सरकारों, भाजपा और कांग्रेस और यहां तक कि कर्मचारियों पर भी, प्रचार अभियान में, बार-बार झूठ बोलकर आपने जो नाटक रचा है, सभी को दोषी ठहराना आपकी आदत है।

# डॉक्टर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने में आप विधायक दोषी करार

- **अदालत ने दुर्गा विहार के डॉ. राजेंद्र सिंह के मामले में प्रकाश जारवाल को दोषी माना**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक प्रकाश जारवाल को एक डॉक्टर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया।




दक्षिणी दिल्ली के दुर्गा विहार में 18 अप्रैल, 2020 को 52 वर्षीय डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने आत्महत्या कर ली थी। न्यायाधीश ने देवली विधानसभा क्षेत्र के विधायक जारवाल को दोषी करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने तार्किक संदेह से परे जाकर उनके खिलाफ मामला साबित किया। न्यायाधीश सजा को लेकर 13 मार्च को दलीलें सुनेंगे।

अपने सुसाइड नोट में डॉक्टर ने अपनी खुदकुशी के लिए जारवाल को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने इस सुसाइड नोट के आधार पर जारवाल के खिलाफ रंगदारी एवं आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया था।

### अपराधिक प्रवृति के विधायकों को विस व आप से करें निष्कासित : सचदेवा

***पायनियर समाचार सेवा।*** *नई दिल्ली*



*प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के विधायक प्रकाश जरवाल को अदालत द्वारा हत्या दोषी करार देने पर आम आदमी पार्टी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रकाश जरवाल के दोषी करार दिए जाने से एक बार फिर आम आदमी पार्टी का काला चेहरा सामने आया है। सचदेवा ने कहा कि भाजपा लगातार कहती रही है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी को अपराधिक एवं भ्रष्ट प्रवृति के लोगों की शरणस्थली बना दिया है और आज न्यायालय द्वारा जरवाल को हत्या का दोषी ठहराये जाने के बाद एक बार फिर उसका असली चेहरा उजागर हो गया है।*

*वीरेंद्र सचदेवा और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रकाश जरवाल दक्षिण दिल्ली में टैंकर माफिया के संरक्षक हैं और वर्ष 2021 में उनके चुनाव क्षेत्र के एक डॉक्टर ने आत्महत्या की थी और एक पत्र छोड़ा था जिसमें जरवाल को अपने आर्थिक एवं मानसिक उत्पीड़न का दोषी ठहराया था जिसके बाद वह जेल में रहे और वर्तमान में जमानत पर बाहर थे। भाजपा लगातार मुख्यमंत्री से इस अपराधिक विधायक पर कार्रवाई की मांग करती रही पर केजरीवाल ने अपने इस भ्रष्ट नवरत्न पर कोई कार्रवाई नहीं की क्योंकि सम्भवत: जरवाल टैंकर माफिया से उगाही का बड़ा भाग पार्टी खाते में जमा कराते रहे होंगे। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि कोर्ट का फैसला आएगा तो जरवाल की विधायकी तो चली ही जाएगी लेकिन आज अरविंद केजरीवाल को डॉक्टर के परिवार से जरवाल का बचाव करने की माफी मांगनी चाहिए और जरवाल सहित दागी विधायकों को विधानसभा एवं पार्टी से निष्कासित करें।*

# एआईसीटीई की पहल से छात्रों के लिए नौकरी की तलाश हुई आसान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंजीनियरिंग और प्रबंधन की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को नौकरी की तलाश करने में आसानी हो, इसके लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने जॉब्स एवं प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म अपना डॉटकॉम के साथ समझौता किया है।

केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा स्वयं प्लस के उद्घाटन अवसर पर एआईसीटीई ने अपना डॉटकॉम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान उच्च शिक्षा सचिव संजय के मूर्ति, एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीताराम, यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार, एनसीवीईटी के अध्यक्ष डॉ. निर्मलजीत कलसी आदि मौजूद रहे। यह रणनीतिक साझेदारी एआईसीटीई अनुमोदित संस्थानों के छात्रों को एआईसीटीई करियर पोर्टल के माध्यम से प्लेसमेंट सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करेगी।

यह इस साझेदारी का एक महत्वपूर्ण तत्व है। यह पोर्टल नौकरी की तलाश करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों और अपने लिए वर्कफोर्स की तलाश कर रहे नियोक्ताओं के बीच की खाई को पाटेगा।

इससे छात्र नौकरी और इंटर्नशिप के अवसरों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठा सकेंगे।

# मेट्रो की चपेट में आने से युवक की मौत

- **येलो लाइन पर हुआ हादसा, आधे घंटे बाद सेवा हुई सामान्य**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेट्रो की येलो लाइन पर बुधवार को चलती ट्रेन के सामने एक युवक कूद गया। चालक ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोकने की कोशिश की लेकिन तब तक युवक ट्रेन की चपेट में आ चुका था।

सुरक्षा कर्मियों ने उसे ट्रैक से निकालकर नजदीकी के अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन में हुई इस घटना के बाद मेट्रो सेवा करीब 20 मिनट तक प्रभावित रही। इस दौरान ट्रेन सेवाओं को कुछ देर के लिए नियंत्रित किया गया और दोपहर 12.04 बजे सामान्य ट्रेन यातायात बहाल कर दिया गया।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन के परिसर में यह घटना होने के बाद सेवाओं में 20 मिनट की देरी हुई। येलो लाइन मेट्रो समयपुर बादली को मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम को जोड़ती है। जो दिल्ली मेट्रो रेल निगम का सबसे व्यस्त कॉरिडोर है। अधिकारी ने बताया कि बुधवार सुबह 11.30 बजे उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन (विश्वविद्यालय की ओर जाने वाली) पर एक युवक ट्रेन के सामने कूद गया। यात्री को निकालकर नजदीकी अस्पताल भेजा गया और दिल्ली मेट्रो रेल पुलिस को भी सूचित किया गया। मृतक की जेब से बरामद हुई एक पर्ची में फोन नंबर लिखा हुआ है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है।एक यात्री ने कहा कि वह दोपहर के आसपास जिस मेट्रो से यात्रा कर रहा था वह गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन पर 15 मिनट से अधिक समय तक रुकी रही। इससे पहले पिछले महीने दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन पर तकनीकी खराबी के चलते कुछ समय के लिए सेवाएं बाधित रही। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने एक्स पर बताया कि समयपुर बादली से मिलेनियम सिटी सेंटर को जोड़ने वाली येलो लाइन पर तकनीकी दिक्कतों के चलते कुछ समय के लिए सेवाएं प्रभावित रही।

# सोशल मीडिया दोस्त ने नाबालिग से दुष्कर्म

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- **आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट की और उसे डाबरी मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास छोड़कर भाग गया**

सोशल मीडिया के बढ़ते हुए चलन ने अपराधों को भी बढ़ा दिया है। ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां सोशल मीडिया पर बने दोस्तों ने लड़कियों को अपनी हवस का शिकार बनाया है। ऐसा ही एक मामला पश्चिमी दिल्ली के सागरपुर इलाके में सामने आया है।



सोशल मीडिया पर बने दोस्त ने लड़की को मिलने के बहाने बुलाकर उसके साथ बलात्कार किया। उसके साथ मारपीट की और उसे डाबरी मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास छोड़कर वहां से भाग गया था। बाद में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पीड़िता का बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग से दोस्ती करने वाले आरोपी को पकड़ लिया गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पीड़िता कोचिंग क्लास के लिए गई थी जिसके बाद वह अपने एक दोस्त से मिलने गई। जांच में पता चला कि उसने अपने सोशल मीडिया मित्र से मिलने की योजना बनाई और वहां उसके साथ बलात्कार किया गया। मालूम हो कि इससे पहले भी 18 फरवरी को ऐसा ही एक मामला सामने आया था, जहां 18 साल की लड़की अपने सोशल मीडिया दोस्त से मिलने पहुंची तो उन्होंने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ रेप किया।

# अपशिष्ट केंद्रों पर अक्टूबर से 52 हजार टन कचरा जमा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अक्टूबर से निर्माण और विध्वंस कचरा संग्रह बिंदुओं पर 52,000 टन मलबा जमा किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप अक्टूबर-नवंबर की अवधि के दौरान अवैध डंपिंग में 38 प्रतिशत की कमी आई है।

निगम ने फरवरी की शुरुआत में कहा था कि वह प्रदूषण को कम करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 100 मलबा संग्रहण बिंदु स्थापित करने की प्रक्रिया में है। एमसीडी ने बुधवार को एक बयान में कहा, वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने और दिल्ली में बढ़ते निर्माण और तोड़फोड़ से उत्पन्न कचरे से निपटने के लिए नगर निगम ने वायु प्रदूषण कार्रवाई समूह (ए-पीएजी) के सहयोग से सक्रिय पहल की है।

मुख्य रूप से सी एंड डी कचरा संग्रहण बिंदु की पहचान करने, कचरा संग्रहण बिंदु, अवैध डंपिंग पर अंकुश लगाने और नागरिकों को जिम्मेदार कचरा निपटान के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

यद्यपि 35 ऐसे बिंदु पहले से ही विभिन्न क्षेत्रों में चालू हैं, जबकि अन्य 49 के लिए स्थलों की पहचान की गई है। एमसीडी ने बयान में दावा किया, अक्टूबर (2023) से, इन संग्रह केंद्रों पर 52,000 टन मलबा एकत्र किया गया है।

# कांग्रेस मेनिफेस्टो न्याय संकल्प पत्र करेगी तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- **सभी वर्ग के लोगों के मुद्दे को शामिल किया जाएगा: लवली**



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनता के बीच अपनी बात रखने के जिल कांग्रेस अपना मेनिफेस्टों तैयार करने में जुट गई है। प्रदेश कांगेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि इंडिया गठबंधन की विचारधारा को ध्यान रखकर दिल्ली वालों की समस्याओं को खत्म करने के लिए न्याय संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा। जिसमें सभी वर्ग के लोगों के मुद्दे और समस्याओं का समाधान शामिल किया जाएगा।

अरविन्दर सिंह लवली व कांग्रेस महासचिव दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया व मेनिफेस्टो कमेटी के चेयरमैन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चै. अनिल कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस लोगों की परेशानियों और उनके अधिकारों के लिए 24 घंटे काम करती है। पार्टी कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर उनकी परेशानियों को खत्म करने के लिए मेनिफेस्टो तैयार करेगी। जहां भाजपा सरकार केवल बड़े-बड़े लोग और पूंजीपतियों से मिलते है और उनको लाभ पहुचाने के लिए सरकारी नीतियां बनाते है, वहीं हमारे नेता राहुल गांधी मजदूरों, सड़कों पर रहने वाले, विश्वविद्यालय के छात्रों और टीचरों से सीधा संवाद करके युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, किसानों के अधिकारों की लड़ाई के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे है।

दीपक बाबरिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के संबध में मेनिफेस्टो कमेटी का गठन किया गया है और कांग्रेस समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि शीला दीक्षित सरकार ने 15 वर्षों में दिल्ली का इन्फ्रास्ट्रक्चर विश्वस्तरीय बनाया। अनिल कुमार ने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के न्याय शब्द से हमें जो उर्जा मिलती है उसके उदेश्य को लेकर हम दिल्ली की जनता के बीच जाऐंगे।

### रुपये के लेन-देने को लेकर हिंसा, तीन घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में बुधवार सुबह रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हिंसा में तब्दील हो गया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। वहीं, इस दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस पर पथराव किया और एक वाहन में आग लगा दी। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ख्याला में बी-1 चौक के पास स्थानीय लोगों के बीच झड़प हुई। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के बीच पैसे को लेकर विवाद हुआ था, जो हिंसक हो गया।

## संक्षिप्त समाचार



मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम का आयोजन में पदाधिकारी।

### मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली।** मेडिकल(चिकित्सा) उपकरणों में नवीनता लाने में अग्रणी कॉन्सेप्ट मेडिकल ने प्रतिष्ठित एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन नोएडा के सहयोग से जटिल परक्यूटेनियस कोरोनरी इंटरवेंशन के भविष्य के रूप में मैजिकटच- सिरोलिमस कोटेड बलून पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया। मीट द मास्टर्स कार्यक्रम के नवीनतम एपिसोड में वेस्क्यूलर स्पेस (संवहनी क्षेत्र) में नए उपचार, बीमारी को रोकने की रणनीतियों, मरीजों के लिए राहत उपायों और अन्य संबंधित पहलुओं के बारे में ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान की गई। कार्यक्रम में डॉ. संदीप बसवराजैया ने जटिल कोरोनरी घावों में मैजिकटच सिरोलिमस ड्रग कोटेड बलून की प्रभावशीलता दिखाने वाले टिप्स, ट्रिक्स और मामलों के साथ वर्तमान समय में ड्रग कोटेड बलून के लिए बढ़ते संकेतों पर प्रस्तुति दी। इलाज के बारे में डॉ. अमिताभ यदुवंशी ने कहा कि सामान्य बलून कोई स्थायी समाधान नहीं है, क्योंकि इससे धमनी के फिर से सिकुड़ने का खतरा रहता है और मरीज को आगे के इलाज की जरूरत बनी रहती है।

### रोबोटिक सर्जरी से जीभ के कैंसर का इलाज

**नोएडा।** फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के ऑन्कोलॉजिस्ट ने एक बार फिर अपनी चिकित्सकीय हुनर का प्रदर्शन करते हुए एक मरीज की रोबोटिक सर्जरी कर उसकी जान बचाई है। मेरठ, उत्तर प्रदेश के रहने वाले समरपाल सिंह, 67 वर्ष के हैं और वे जीभ के निचले हिस्से में बार-बार होने वाले कैंसर से पीड़ित थे। रोबोटिक सर्जरी से जहां उनकी जीभ के कैंसर की सर्जरी की गई वहीं उनकी जीभ को भी बचा लिया गया जबकि पारंपरिक सर्जरी में आमतौर पर वो हिस्सा निकाल दिया जाता। मरीज अब आसानी से बातचीत भी कर पा रहे हैं। नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में डॉ. अरुज ध्यानी की देखरेख में मरीज को पहले इम्यूनोथेरेपी का एक चक्र दिया गया। यह आजकल कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एक नई तकनीक है। लेकिन मरीज की हालत में सुधार नहीं हुआ और फिर इलाज का तरीका बदलना पड़ा। फोर्टिस अस्पताल, नोएडा में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. शुभम गर्ग ने रोगी की जटिल स्थिति को देखते हुए आशा की किरण के रूप में रोबोटिक सर्जरी की वकालत की।

### चोरी की बाइक समेत 2 चोर गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर-20 पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है इनके पास से तमंचा कारतूस व चाकू बरामद हुआ है। पकड़े गए दोनों आरोपी चोरी की बाइक पर आपराधिक वारदात को अंजाम देने के रास्ते से घूम रहे थे। निठारी चौकी प्रभारी सत्यवीर सिंह परमार पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान सूचना मिली कि चोरी की एक बाइक पर दो शातिर बदमाश अट्टा की तरफ से सेक्टर.30 नोएडा की तरफ आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जाल बिछाकर मुखबिर के इशारे पर बाइक सवार दो युवकों को रोका। संदेह के आधार पर ली गई तलाशी में उनके पास से तमंचाए कारतूस और चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम सुमित पुत्र संतोष व आदित्य पुत्र महावीर बताया। दोनों बदमाशों ने बताया कि उन्होंने यह बाइक सेक्टर-50 सुपरटेक के पास पार्क के बाहर से चोरी की थी। चौकी प्रभारी ने बताया कि बरामद बाइक की चोरी का मुकदमा थाना सेक्टर-49 में दर्ज है। दोनों आरोपियों ने बताया कि वह बाइक चोरी करते हैं तथा चोरी की बाइक को बेचकर अपने शौकों को पूरा करते हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यालय में पेश किया गया है।

# मौसम: इस साल फरवरी में 2014 के बाद सबसे ज्यादा बारिश

## खराब श्रेणी के एयर क्वालिटी इंडेक्स वाले दिन घटे, मध्यम श्रेणी के दिन बढ़ गए : सीपीसीबी

- **दिल्ली वालों ने बारिश के साथ नौ वर्षों में सबसे साफ हवा में भी ली सांस**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में इस साल फरवरी में वर्ष 2014 के बाद सबसे ज्यादा बारिश हुई है। इस महीने अब तक 32.5 मिमी बारिश हुई है। इससे पहले 2014 के फरवरी माह में 48.8 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

मौसम विभाग में क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले साल फरवरी में गर्मी थी, लेकिन 2023 से पहले के वर्षों में फरवरी में ठीक-ठाक ठंड रही थी। फरवरी में दिल्ली वालों ने रिकॉर्डतोड़ बारिश ही नहीं देखी, नौ वर्षों में सबसे साफ हवा में भी सांस ली है। ना सिर्फ खराब श्रेणी के एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) वाले दिन घटे बल्कि मध्यम श्रेणी के दिन बढ़ गए। महीने का औसत एक्यूआई भी सबसे कम दर्ज किया गया है।



फाइल फोटो

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, इस साल भी फरवरी में कोई दिन 400 से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी के एक्यूआई वाला दिन नहीं रहा। चार दिन 300 से 400 के बीच यानी बहुत खराब जबकि 10 दिन 200 से 300 के बीच यानी खराब श्रेणी का एक्यूआई रहा। कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि फरवरी में पश्चिमी विक्षोभ के कारण सर्द हवाओं के चलने से ठंड महसूस होती है और अगले महीने के शुरुआती हफ्ते तक मौसम की मौजूदा स्थिति बनी रहेगी। इसे जलवायु परिवर्तन का असर कहना ठीक नहीं है, क्योंकि हर साल मौसम की स्थिति बदलती है जैसे गत वर्ष फरवरी में गर्मी थी लेकिन मार्च, अप्रैल और मई में मौसम सुहाना रहा था। फरवरी के महीने में बारिश होना भी सामान्य है, और इस महीने में आम तौर पर बारिश होती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फरवरी में अधिक बारिश होने की वजह एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभों का सक्रिय होना है जिससे पहाड़ों पर बर्फ पड़ रही है, मैदानी इलाकों में बारिश हो रही है और साथ ही सर्द हवाएं चलने के कारण ठंड महसूस हो रही है। जनवरी में राष्ट्रीय राजधानी में बिल्कुल बारिश नहीं हुई थी। आईएमडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले साल फरवरी में गर्मी थी और बारिश भी नहीं हुई थी, लेकिन इस बार स्थिति उससे पूर्व के वर्षों जैसी है। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2023, 2018 और 2017 में फरवरी में बारिश नहीं हुई थी, लेकिन वर्ष 2022 में फरवरी में 29.7 मिमी, 2021 में 2.6 मिमी और 2020 में 1.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी। आंकड़ों के अनुसार,वर्ष 2019 के फरवरी में 23.9, 2016 में 1.3, 2015 में 1.8 , 2014 में 48.8, 2013 में 103.1, 2012 में 1.06, 2011 में 53.7 और 30.1 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में अब तक सबसे ज्यादा वर्षा 1915 में हुई थी जब 153.4 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 21 फरवरी को 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था लेकिन इस साल 21 फरवरी को अधिकतम पारा 28.1 डिग्री सेल्सियस रहा था। इस बार फरवरी में अब तक पांच दिन वर्षा हुई है और फरवरी में 21.3 मिमी बारिश सामान्य है।

# कैंपस हायरिंग सीजन में खुद की करें दमदार तैयारी



कॉलेजों में समर इंटर्नशिप शुरू होने वाली है। इसके लिए कंपनियां अलग-अलग कॉलेजों में जाकर कैंपस हायरिंग कर रही हैं। भले में देश में मंदी जैसा माहौल हो, लेकिन देश की दिग्गज कंपनियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, मैरिको, गोदरेज, डाबर जैसी कंपनियों ने अपने यहां कैंपस हायरिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये कंपनियों बी-स्कूल, इंजीनियरिंग और देश के टॉप कॉलेजों के स्टूडेंट्स को बड़ा-बड़ा ऑफर कर रही हैं। अधिकतर कंपनियां सेल्स, मार्केटिंग, फाइनेंस, सप्लाई चेन, मैन्युफैक्चरिंग, ऑपरेशन और पैकेजिंग डिवेलपमेंट के लिए हायर कर रही हैं।

इसके अलावा, इंजीनियरिंग में भी बड़ी-बड़ी कंपनियों से अपने यहां कैंपस हायरिंग शुरू कर दिया है। इंडियन इंस्टिट्यूट्स ऑफ टेक्नोलॉजी से इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स को माइक्रोसॉफ्ट, उबर, कोहेसिटी जैसी कंपनियां बेहतर से बेहतर ऑफर कर रही हैं। मंदी के इस माहौल में जहां स्टूडेंट्स को जॉब मिल जाती है वहीं कंपनियों के लिए भी अच्छा है कि कम ऑफर में अच्छे बच्चे मिल जाते हैं।

> “बड़ी-बड़ी कंपनियों से समर इंटर्न और मैनेजमेंट ट्रैनी के लिए कैंपस हायरिंग शुरू कर दी है। ऐसे में कैंपस हायरिंग के लिए आपको कैसे तैयार रहना है, तो इन बातों को ध्यान रखना जरूरी है।

## हायरिंग

इन कंपनियों ने तो कैंपस हायरिंग को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। अगर आप भी फाइनल इयर के स्टूडेंट्स हैं तो हम आपको कुछ टिप्स दे रहे हैं, जिससे आपका भी कैंपस हायरिंग के वक्त सलेक्शन हो जाए। अधिकतर कंपनियां सबसे पहले कैंपस हायरिंग में वक्त एप्टीट्यूड टेस्ट लेते हैं। यह लिखित में भी होता है और कंप्यूटर से भी। आपको अपने कोर्स से संबंधित सब चीजों की नॉलेज तो होना ही चाहिए साथ ही मॉर्केट में किस तरह के बदलाव आ रहे हैं उन पर नजर रखनी चाहिए। कैंपस हायरिंग के समय कंपनियां ग्रुप डिसक्शन कराती हैं। कंपनियां देखना चाहती हैं कि विपरीत परिस्थिति में कौन किस तरह निपटता है। इस दौरान कंपनियां आपके क्विक डिसीजन लेने के क्षमता का आंकलन करती हैं।

## बदलता परिवेश

एक समय होता था जब कंपनियां सिर्फ बड़े शहरों के कॉलेजों में ही कैंपस हायरिंग करती थी। अब कंपनियां बड़े शहरों के बजाय छोटे शहरों की ओर रुख कर रहे हैं। देश के छोटे शहरों में नए कॉलेज खुल गए हैं, इन कॉलेजों में इंफ्रास्टक्टर अच्छा है। स्टूडेंट्स भी काफी मेहनत कर रहे हैं। इसके कारण कंपनियां कैंपस प्लैसमेंट के लिए इन कॉलेजों का दौरा कर रही हैं। कंपनियों का भी मानना है कि वह स्टूडेंट्स को समर इंटर्न और मैनेजमेंट ट्रैनी के तौर पर काम पर रख रहे हैं। जिस कम ऑफर में ये स्टूडेंट्स उन्हें मिल रहे हैं वह कंपनियों के लिए भी अच्छा है। कंपनियों का मानना है कि जब अर्थव्यवस्था मंदी से उबर जाएगी तो यही स्टूडेंट्स उनके लिए बड़ी इनवेस्टमेंट बन जाएंगे।

## कम्युनिकेशन

वन-टू-वन में आपका कम्युनिकेशन स्किल देखा जाता है। आपको अपनी बात कहने में हिचक नहीं होनी चाहिए। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आपको हर प्रश्न का उत्तर देना ही है। आपको जिसके बारे में नहीं पता उसके बारे में बेहिचक न कहें। आपका स्वभाव बहुत ही मधुर होना चाहिए। जब भी आप किसी से बात करें तो लगे कि हां आपकी बातों में दम है। आप अपनी बात को प्रभावी तरीके से लोगों को समझा सकती हैं, आपका कम्युनिकेशन स्किल अच्छा होने पर आपका सिलेक्शन काफी हद तक तय है।

टेक्नोलॉजी के साथ काम करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। आजकल के समय में अधिकतर काम कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल से ही होता है। इसलिए टेक सेवी होना जरूरी है। सोशल नेटवर्किंग का ज्ञान होना जरुरी है। मार्केटिंग के लिए इन्हें टूल के रूप में कंपनियां बहुत यूज करती हैं। एप्प को एक बार जरुर इस्तेमाल कर लें। कई बार कंपनियां इन सोशल नेटवर्किंग एप्प के बारे में भी पूछ लेती हैं। आपने किस तरह के कपड़े पहने हैं यह भी काफी महत्व रखता होता है। वैसे तो यह बात प्रोफेशन टू प्रोफेशन निर्भर करता है, फिर भी पहनावे पर ध्यान देना ही चाहिए। जब आप इन चीजों को पार कर जाते हैं, तो आपको एचआर से मीटिंग के लिए बुलाया जाता है। जब आप एचआर से मिलने जाएं तो उस कंपनी के बारे में पूरी जानकारी ले लें। हो सकता है कि कंपनी को आगे ले जाने में आपकी दूरदृष्टि को एचआर जानना चाहेगा।

# परीक्षा के दिनों में याद आते हैं भोले बचपन के भोले भरम...



**ये** जो रेशम सी नर्म, नाजुक, रेशों वाली चीज है न मेरे 'की बोर्ड' पर हवा में उड़ती-उड़ती आकर थककर खुद ही बैठ गई, क्योंकि किसी बच्चे ने उसे अपनी नन्ही सी मुट्ठी में कैद किया ही नहीं, कि वो पास होगा कि फेल। किसी किशोरी ने भी नहीं कि एक तरफा प्यार फलेगा या नहीं और न किसी मेहबूबा ने कि उसे उसका प्यार पति के रूप में मिलेगा या नहीं? ऐसे ही हुआ करते थे हम। जैसे ही यह दिखाई देती हम दौड़ लगा देते उसी दिशा में इच्छा पूर्ति का अंदेशा लगाने। दोनों हाथों के बीच पूरी नजाकत के साथ ऐसे सहेजते कि रेशे बिल्कुल बिखरने न पाएं। यही नहीं किताबों में विद्या रानी, मोर पंख, सांप केंचुली, भगवान के चरणों में चढ़ाया फूल, भस्मी, परिंदों के रंग बिरंगे पर, भगवान की छोटी सी तस्वीर, कंकू-सिंदूर की पुड़िया, तुलसी माता के पत्ते मंजरी के साथ।

कहां गया वो बचपन... वो परीक्षा के दिन... जब केवल पास होने पर मिठाई बंट जाया करतीं थीं और मीठे-मीठे ये भ्रम कि इन्हें प्यार से सहेज कर रखने से हम अच्छे नंबरों से पास हो जाएंगे। मजा और दोगना हो जाता था जब गिलहरी की पूंछ पर हाथ फेरने से पास होने की पूरी संभावना बढ़ जाती है ऐसा मानते और हाथ फेरने का मौका लपकने के लिए दिन रात घात लगाए बैठते। बड़े भाई बहन भी मजे लेते और तो और यदि आप पढ़ाई कर रहे हों और उस समय जो भी पढ़ रहे हो और गधा महाराज रेंक दिए हैं तो अब तो उसका परीक्षा में पूछा जाना निश्चित हो जाता था। और जोरदार रट्टा लगना शुरू और थोड़े जो बड़े भाई बहन रहे उनमें बहनें और मां घोर आस्थावान जो रहा करतीं वो तो गणपति बप्पा को पूरा का पूरा एक तांबे के लोटे में पानी भर कर डुबो डालतीं जब तक कि परीक्षा पूरी न हो जाए। पेड़ से गिरते फूल-पत्तों को झेलना,गेंहु की भरी मुट्ठी से सम-विषम निकालना और दादी-दादा, नाना-नानी और घर के बड़ों या साथियों के साथ रामायण की प्रश्न समाधान पेज खोल कर हर नवां अक्षर लिखना और दोहा बनने पर ढूंढ कर फल समाधान पढ़ना।

और अति होती तो माताजी की चौकी, मन्नत डोरा, नग अंगूठी भी चल निकलती और फिर ज्योतिष शास्त्र और पत्रिका दिखाने के दौर भी चला करते। पर हां ये सारे कर्म-कांड उम्र, हैसियत, औकात पर निर्भर करते। उस समय ट्यूशन लगाना बहुत बुरा माना जाता था याने के सीधे से पढ़ाई में कमजोर सिद्ध होना। कितना कुछ बदल गया है... परीक्षा 'एक्जाम' में बदल गई, नंबर 'मार्क्स' में और फिर 'ग्रेड' में। किताबों के जंगल में बचपन कैद हो गया। सबसे अच्छा जानवर बनने की प्रक्रिया में शामिल। मशीन सा... नोटों की गड्डियों से उनका ऑइल-पानी, सर्विसिंग। 'डेप्रिसिएशन' पर किसी का भी ध्यान नहीं। जबसे किताबों से ये नायाब खजाने लुट गए न तभी से बचपन कंगाल हो गया और नष्ट हो गए सहेजने के तौर-तरीके। कुछ भी तो नहीं बचा। 'परफेक्ट' बनाने के चक्कर में कहीं का नहीं छोड़ा। स्कूल में बढ़ती क्रूर घटनाओं में वृद्धि होती जा रही है। फूल से कोमल बच्चे खून की होली का शौक रखने लगे। क्यों कि हम ये जो भ्रमों के भंवरजाल में बड़े हुए थे न वो हमें कहीं न कहीं गहरे बहुत ही गहरे संवेदनशील का पाठ पढ़ाया करते थे भले ही चीजें सजीव हो या निर्जीव। आस्था का पालन करना सिखा सकारात्मक सोच और ऊर्जा के समीकरण समझाते। जिंदगी जीने के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं समरसता और सम्मान की भावना और कद्र करने का हुनर सिखाते।

और अब... तैयार होते ये 'कूल डूड' व्यवहारिक जिंदगी से कोसों दूर बैल-घोडों-गधों की तरहा मल्टी नेशनल कंपनी की गाड़ी में जुते मोटी रकम के पैकेज के चाबुक की मार से बेतहाशा भाग रहे ...बस...भाग रहे हैं। और जो नहीं बन पा रहे इस दौड़ का हिस्सा वो या तो झूल रहे हैं...या झूम रहे हैं...या सो रहे हैं।

न न न न..

झूल रहे... पर झूला नहीं, फांसी के फंदे पर, झूम रहे....पर खुशी से नहीं नशे में गम भुलाने और सो रहे पर चैन की नींद नहीं...चिर निद्रा में लीन...

क्या करते ...क्योंकि वे तो जिए ही नहीं...समय काटा..इन प्यारे भ्रमों के भंवरजाल का भंवरा बन जिंदगी के फूल का रस हमने उन्हें चखने ही कहां दिया। और क्या बचा ...सिर्फ यादें और अफसोस...

सब कुछ 'इलॉजिकल' ही सही पर जिंदगी से प्यार करना तो पक्का सिखाता था।

**डॉ. छाया मंगल मिश्र**

# तनाव से नहीं, पूर्व तैयारी से जीतें परीक्षा के भय को

**परीक्षाओं** का दौर शुरू हो गया है। इन दिनों अभिभावकों के चेहरे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं और बच्चों के दिमाग में पल रहे तनाव को साफ-साफ महसूस किया जा सकता है। अभिभावक सोचते हैं कि बच्चे मेहनत कर लें, अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो जाएं, तो उनकी ठीक-ठीक लाइन बन जाएगी। किसी बेहतर स्थान पर वे पहुंचेंगे, तो माता-पिता तो गर्वित होंगे ही, स्वयं उनका भी जीवन संवर जाएगा। अभिभावकों की सोच तो गलत नहीं है, लेकिन उस सोच को चिंता की शक्ल देकर बच्चे के मन-मस्तिष्क में उतार देना गलत है। इससे बच्चे भी अनावश्यक रूप से तनाव में आ जाते हैं और जो अध्ययन उन्हें सहजता में करना चाहिए, उसे वे चिंताग्रस्त होकर करते हैं। इसका दुष्परिणाम यह होता है कि उनकी समग्र ऊर्जा का केंद्र जहां अध्ययन होना चाहिए, वह विभाजित होकर आधा भय व तनाव में तथा शेष आधा ही अध्ययन में लग पाता है। इस कारण वे परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कई बार पिछड़ जाते हैं।

दूसरे शब्दों में कहें तो यह कि परीक्षा छोटी हो अथवा बड़ी, उससे संबंधित अध्ययन जितना तनाव रहित रहकर शांत मन-मस्तिष्क से किया जाए, सफलता के अवसर उतने ही अधिक बढ़ जाते हैं। बच्चों के लिए परीक्षा निश्चित रूप से एक बड़ा पड़ाव होती है, जिसकी महत्ता वे भी भली-भांति जानते हैं। अधिकांश बच्चे परीक्षा की तैयारी समर्पित भाव से एकनिष्ठ होकर करते भी हैं, लेकिन उस समय अभिभावकों का नैतिक सहयोग उनके लिए परम आवश्यक होता है। चूंकि अभिभावक अनुभवी होते हैं, तो वे उस समय बच्चों को योग्य मार्गदर्शन व प्रबोध देकर उनका आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं। अभिभावक होने के नाते अपने बच्चों का हितचिंतन सर्वथा उचित है, लेकिन इस कारण कोई तनाव न पालें क्योंकि आपका तनाव आपके बच्चों पर विपरीत प्रभाव डालता है। आपकी यह स्थिति उन्हें दोहरे तनाव में धकेल देती है। एक तो परीक्षा का सामना और दूसरा, माता-पिता की अच्छे अंक लाने की इच्छा पूर्ण करना। आप स्वयं ही सोचिए कि ऐसे में बच्चे कैसे सहज और शांत रह पाएंगे? भय और तनाव की दशा में याद की हुई चीजें परीक्षा हॉल में भूल जाने की घटनाएं भी आम हैं। इसलिए अभिभावकों के लिए उचित यही है कि वे तनाव न करते हुए बच्चों को निरंतर बेहतर से बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सकारात्मक व्यवहार से प्रोत्साहन देते रहें। इसके अतिरिक्त माता-पिता होने के नाते यदि उन्हें तनाव हो भी,तो वे उसे अपने मन तक सीमित रखें, बच्चों या उसके मित्रों के समक्ष अभिव्यक्त ना होने दें। साथ ही अपने बच्चों पर विश्वास रखें। यदि आपने उन्हें अच्छे संस्कार व उचित शिक्षा दी है, तो वे उसका प्रतिफल भी अच्छा ही देंगे। अपवादों को छोड़ दें तो लगभग प्रत्येक घर में यही आलम रहता है। अभिभावकों को अपने बच्चों को शुरू से ही शिक्षा के महत्व को उनके व्यक्तित्व-निर्माण के दृष्टिकोण से समझाना चाहिए। वे अपने बच्चों को परीक्षा का भय न दिखलाते हुए वर्ष भर अच्छी पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। उन्हें खेल और पढ़ाई के मध्य संतुलन बनाने में मदद करें क्योंकि उनके शारीरिक विकास के लिए खेलना भी जरूरी है। यदि बच्चे पूरे साल अध्ययन करते रहेंगे, तो परीक्षा के समय तनाव से अपने आप ही दूर रहेंगे। यह तय बात है कि काम कोई भी हो, यदि पूर्व तैयारी कर ली जाए, तो वह सदैव बेहतर ढंग से संपादित होता है। शिक्षित माता पिता बच्चों के अध्ययन में व्यक्तिगत रूचि लें। इसके तहत वे घर पर ही छोटी-छोटी परीक्षाएं आयोजित करें और अच्छे अंक लाने पर अपने बच्चों को कोई छोटा-सा उपहार भी दें, जो उन्हें प्रिय हो।

इसके तीन लाभ होंगे। एक, बच्चे इस बहाने परीक्षा की तैयारी कर लेंगे। दो, घरेलू माहौल में वे निर्भय होना सीखेंगे। तीन, उपहार की प्राप्ति से उन्हें बेहतर से बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। फिर जब विद्यालय की परीक्षा होगी, तो बच्चे अपनी पूर्व तैयारी और घरेलू प्रोत्साहन के बल पर बिना कोई तनाव पाले परीक्षा दे पाएंगे। इस प्रकार की सकारात्मक सोच को अपनाकर वे स्वयं भी तनावमुक्त रहेंगे और बच्चों को भी परीक्षा का कोई भय या तनाव नहीं रहेगा। अब बात करें हमारे प्यारे बच्चों की। आजकल पहले की तुलना में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है और इसलिए अध्ययन व परीक्षा की जटिलताओं में भी वृद्धि हो गई है। साथ ही कोर्स भी विविधमुखी हो गया है। बच्चों को पढ़ाई के लिए समय कम पड़ने लगा है। उन्हें अपने मनोरंजन के समय में भी कटौती



> परीक्षाओं का दौर शुरू हो गया है। इन दिनों अभिभावकों के चेहरे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं और बच्चों के दिमाग में पल रहे तनाव को साफ-साफ महसूस किया जा सकता है। अभिभावक सोचते हैं कि बच्चे मेहनत कर लें, अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो जाएं, तो उनकी ठीक-ठीक लाइन बन जाएगी। किसी बेहतर स्थान पर वे पहुंचेंगे, तो माता-पिता तो गर्वित होंगे ही, स्वयं उनका भी जीवन संवर जाएगा।

करनी पड़ती है। पहले अधिकतर बच्चे विद्यालय में ही पढ़ लेते थे। कोचिंग केवल संपन्न वर्ग के बच्चे ही जाते थे, लेकिन आजकल शिक्षा पद्धति की कठिनता के चलते लगभग सभी बच्चे कोचिंग पर भी जाते हैं। इसलिए धनी और निर्धन की जेब के हिसाब से महंगे और सस्ते कोचिंग सेंटर खुल गए हैं।


बहरहाल, बच्चे दोहरा भार झेल रहे हैं। विद्यालय के साथ कोचिंग संस्थानों के टेस्ट, प्रोजेक्ट आदि उत्तीर्ण करते ये बच्चे घर आकर भी मुक्त नहीं हो जाते क्योंकि वहां पर इन्हें दोनों शिक्षा स्थलों में दिया हुआ होमवर्क करना पड़ता है। निश्चित रूप से यह सब उनके लिए बेहद थका देने वाला और तनाव से भर देने वाला होता है, लेकिन इस सब से परे मैं उन्हें यह बात समझाना चाहूंगी कि उन्हें ये सब तो करना ही है क्योंकि इसी पर उनका भविष्य निर्भर करता है, लेकिन तनाव में रहकर न करें। यदि वे दिमाग में सतत् चिंता रखकर पढ़ाई करेंगे तो पूरा ध्यान उस पर न दे पाएंगे। 'क्या होगा' के भय से सर्वथा मुक्त रहकर पढ़ें क्योंकि सबसे पहली बात, 'क्या होगा' का परिणाम आपके हाथों में नहीं हैं। फिर काहे को डरना। दूसरी बात, इस सकारात्मक सोच के साथ पढ़ें कि जो भी होगा, अच्छा होगा क्योंकि यदि आप मेहनत कर रहे हैं तो उसका फल भी अच्छा ही मिलेगा। याद रखिए, विचारों की सकारात्मकता से बड़ी-बड़ी समस्याओं के समाधान निकल आते हैं। तीसरी बात, यदि परीक्षा परिणाम आपकी आशा पर खरा न भी उतरे, तो दुख मनाने की कोई आवश्यकता नहीं क्योंकि जीवन में कोई भी परीक्षा अंतिम नहीं होती। एक परीक्षा में असफलता पर आपके संपूर्ण जीवन की दिशा तय नहीं हो जाती। एक रास्ता बंद होने पर दूसरे कई रास्ते खुल जाते हैं। आवश्यकता सिर्फ अपनी सोच और समझ को खुला रखने की है।

कई बच्चे परीक्षा का इतना तनाव पाल लेते हैं कि कोई एक प्रश्नपत्र बिगड़ जाने पर ही आत्महत्या कर लेते हैं। कुछ बच्चे अनुत्तीर्ण हो जाने पर साल बिगड़ जाने के गम में मौत को गले लगा लेते हैं। मेरे विचार से ऐसा करना बिल्कुल ही अनुचित है। बच्चों को ऐसा कदम उठाने से पहले केवल यह सोचना चाहिए कि उनका आत्मघात उनके माता-पिता पर कितना बड़ा वज्राघात करेगा। उनका शेष जीवन फिर वे मृतक समान ही बिताते हैं, क्योंकि अपनी संतान की मृत्यु अपनी आंखों के सामने देखना माता-पिता के लिए इस जगत् में सर्वाधिक दुखदायी है। जो माता- पिता आपके पालन पोषण के लिए दिन-रात परिश्रम करते हैं, अपना सुख और सुविधाएं त्यागकर आपको एक बेहतर जिंदगी देने का अथक प्रयास करते हैं, उन्हें इस प्रकार जीवन भर का कष्ट देना कतई उचित नहीं है। यदि वे आपके प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभा रहे हैं, तो आपका भी यह दायित्व है कि परीक्षा कोई भी हो, ठीक से अध्ययन कर आत्मविश्वास के साथ दें और यदि दुर्भाग्यवश परिणाम अनुकूल न आए, तो निराश होने के स्थान पर अपनी तैयारी को और धार दें ताकि अगली बार अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो सके।

स्मरण रखिए, परीक्षा का तनाव नहीं बल्कि पूर्व तैयारी आवश्यक है। यदि वह ठीक से होगी तो तनाव स्वमेव ही नहीं होगा। आप छोटे-छोटे हिस्सों में समय को बांटकर अध्ययन करें। साथ ही घर के सदस्यों व अपने मित्रों को भी समय-समय पर इसमें शामिल करें। कई बार अनेक विषयों की तैयारी समूह चर्चा से अधिक बेहतर ढंग से हो जाती है और समूह चर्चा को मस्तिष्क याद भी रखता है। आप तो विद्यार्थी हैं और विद्यार्थियों को ज्ञान लेने में बिल्कुल संकोच या शर्म नहीं करना चाहिए। घर, विद्यालय, कोचिंग, मित्र, रिश्तेदार- अपनी जिज्ञासा के समाधान के लिए जहां, जो उपयुक्त लगे उससे विनम्रतापूर्वक मदद लें। अपने संदेह दूर करें, अपने अध्ययन को समग्रता प्रदान करें और फिर देखिए कि परीक्षा आपको डराएगी नहीं बल्कि आप स्वयं इसे देने के लिए उत्सुक होंगे क्योंकि बेहतर पूर्व तैयारी से आप आत्मविश्वास से लबरेज होंगे और जीवन के किसी भी रणक्षेत्र में उतरने के लिए पहली शर्त आत्मविश्वास होती है, साधन, अवसर आदि तो बाद में आते हैं। इसलिए अपने अध्ययन के प्रति सजग रहें, सहज रहें और शांत मन से परीक्षा दें। मेरा मानना है कि यदि माता-पिता और बच्चे इस प्रकार की सोच व आचरण रखेंगे तो निश्चित रूप से परीक्षा का तनाव ना उन्हें होगा और न ही किसी प्रकार की नकारात्मकता की ओर वे उन्मुख होंगे। बस, स्वयं को सकारात्मकता से भरपूर रखें और अपने चारों ओर उसी का प्रसार करें। संभवत: यही हमारी इस आत्महत्या की ओर अधिक झुकती पीढ़ी को सबसे अच्छी देन होगी क्योंकि तब हमारा समाज सही मायनों में 'शिक्षा' को जी पाएगा और हम 'सुशिक्षित' कहलाएंगे।

**प्रज्ञा ठाकुर**

# 1 मार्च से शुरु होगी सर्वोदय विद्यालय की एडमिशन प्रक्रिया, जानें पूरा शेड्यूल



**दिल्लीवासी** अगर आप भी अपने बच्चे का एडमिशन सर्वोदय विद्यालय करवाने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है। दिल्ली के 442 सर्वोदय विद्यालयों में नर्सरी, केजी और क्लास एक में एडमिशन के लिए 1 मार्च से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरु होने जा रही है। बता दें कि, इन तीनों क्लास के लिए 15 मार्च तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। दिल्ली के सभी सर्वोदय विद्यालय में नर्सरी/केजी/क्लास-1 का कम से कम एक सेक्शन है और हर सेक्शन में 40 स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया जाएगा। सर्वोदय विद्यालय में कवेल दिल्ली में रहने वाले लोग ही दाखिला लें सकते हैं। स्कूल से बच्चे के घर की दूरी 1 किलोमीटर के आधार पर बच्चों को सीट दी जाएगी।

### 3 किलोमीटर दूर वाले बच्चे भी ले सकेंगे एडमिशन

जिन बच्चों का स्कूल घर के पास नहीं हैं, वहां से तीन किलोमीटर की रेंज में जाने वाले बच्चों को दाखिला मिल जाएगा। बता दें कि, सर्वोदय विद्यालय में नर्सरी के लिए बच्चे की उम्र 3, केजी के लिए 4 और क्लास एक के लिए 5 साल पूरी होनी चाहिए। जानकारी के मुताबिक, 30 दिन की छूट देने का फैसला स्कूल हेड ले सकते हैं। शिक्षा निदेशालय ने सभी स्कूलों के हेड के नाम सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर में बताया गया है कि वे 1 मार्च से 15 मार्च तक पैरेंट्स से ऐप्लिकेशन लें।

### स्कूल के समय पर मिलेगा फॉर्म

स्कूल के समय सभी स्कूलों के एंट्री गेट पर सिक्यॉरिटी गार्ड ऐप्लिकेशन फॉर्म देंगे। जरुरत के हिसाब से पैरेंट्स के लिए हेल्प डेस्क भी लगाई जा सकती है, वे फॉर्म भर सकें। वहीं सभी स्कूलों में ड्रॉप बॉक्स बनाए जाएंगे, ताकि पैरेंट्स आवेदन भरकर उसमें डाल सकें।

स्कूल टाइमिंग के दौरान सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक मॉर्निंग स्कूलों में, 2:30 बजे से 5:30 बजे तक ईवनिंग स्कूलों में। बता दें कि, यह बॉक्स लॉक होगा और स्कूल मैनेजमेंट कमिटी की मौजूदगी ही में सील होगा।

पैरेंट्स 19 और 20 मार्च तक एप्लिकेशन फॉर्म में हुई गलती या कमी को ठीक करने के लिए स्कूल जा सकते हैं। वहीं पैरेंट्स के सामने ही 21 मार्च को ड्रॉ निकाला जाएगा।

### 22 मार्च को होगी लिस्ट जारी

जानकारी के मुताबिक, चुने गए स्टूडेंट्स की लिस्ट 22 मार्च को जारी होगी। 23 मार्च से 3 अप्रैल तक दाखिला प्रक्रिया चलेगी। अगर इसके बाद कोई भी सीट खाली रहेगी तो वेटिंग लिस्ट वाले स्टूडेंट्स 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक एडमिशन ले सकेंगे। एडमिशन के लिए इन दास्तावेज की जरुरत पड़ेगी। बर्थ सर्टिफिकेट (एमसीडी या कोई दूसरी लोकल बॉडी से जारी), आंगनवाड़ी रिकॉर्ड, हॉस्पिटल और एएनएम का रजिस्टर रिकॉर्ड, पैरेंट्स की अंडरटेकिंग में से एक दस्तावेज, बच्चे का पासपोर्ट साइज फोटो, दिल्ली का रेजिडेंस प्रूफ, कास्ट सर्टिफिकेट (जिसके लिए लागू हो) पेश करने होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### धवन ने वापसी करते हुए 39 रन बनाए

**नवी मुंबई।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन ने बुधवार को यहां प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करते हुए डीवाई पाटिल टी-20 कप में 28 गेंद में 39 रन की पारी खेली लेकिन उनकी टीम डीवाई पाटिल ब्ल्यू को टाटा स्पोर्ट्स क्लब ने एक रन से हरा दिया। भारत की ओर से पिछला मैच 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने वाले 38 साल के धवन ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के मारे। पिछला प्रतिस्पर्धी मुकाबला आईपीएल 2023 में पंजाब किंग्स की ओर से खेलने वाले धवन ने 186 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिजीत तोमर के साथ 7.1 ओवर में 64 रन की साझेदारी की। नूतन गोयल 35 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने शुभम दुबे (42) के साथ पांचवें विकेट के लिए 58 रन जोड़े। डीवाई पाटिल ब्ल्यू की टीम हालांकि सात विकेट पर 184 रन ही बना सकी और एक रन से मैच हार गई। ब्ल्यू टीम की ओर से खेल रहे पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक पहली ही गेंद पर खाता खोले बिना पवेलियन लौटे।

### कोस्टा रिका से नुमाइशी मैच खेलेगा अर्जेंटीना

**न्यूयॉर्क।** लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना टीम 26 मार्च को लॉस एंजिलिस में नाइजीरिया की बजाय कोस्टा रिका से नुमाइशी फुटबॉल मैच खेलेगी। विश्वकप चैम्पियन अर्जेंटीना को हांगझोउ में नाइजीरिया और बीजिंग में आइवरी कोस्ट से खेलना था। चीन का वह दौरा रद्द हो गया जिससे पहले मेस्सी ने हांगकांग में इंटर मियामी का सत्र से पहले का मैच नहीं खेला था। अर्जेंटीना ने पिछले सप्ताह 22 मार्च को फिलाडेल्फिया में अल सल्वाडोर के खिलाफ और चार दिन बाद लॉस एंजिलिस में नाइजीरिया के खिलाफ खेलने का ऐलान किया था। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने कहा कि वीजा दिक्कतों के कारण यह बदलाव करना पड़ा।

### नागपुर व मुंबई में होंगे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मुंबई और तमिलनाडु का सामना मुंबई में होगा जबकि मध्यप्रदेश और विदर्भ का मैच नागपुर में खेला जाएगा। नागपुर के वीसीए स्टेडियम और मुंबई के बीकेसी मैदान पर रणजी ट्रॉफी अंतिम चार के मुकाबले होंगे। विदर्भ ने कर्नाटक को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। उसका सामना मप्र से होगा, जिसके कोच चंद्रकांत पंडित है, जिनके कोच रहते विदर्भ ने 2017-18 और 2018-19 में खिताब जीता था। मप्र ने क्वार्टर फाइनल में आंध्र को चार रन से हराया। वहीं मुंबई ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई।

# टेस्ट रैंकिंग: यशस्वी 12वें स्थान पर

## विकेटकीपर जुरेल ने 31 स्थानों की छलांग लगाई

एजेंसी। दुबई

**भारत** के उदीयमान बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि ध्रुव जुरेल 31 स्थान चढ़कर 69वीं पायदान पर पहुंच गए है।

जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले रैंकिंग में 69वें स्थान पर थे। चौथे मैच में 73 और 37 रन की पारी खेलने के बाद उनकी रैंकिंग में और सुधार आया है। प्लेयर आफ द मैच जुरेल 90 और 39 रन की पारी खेलकर 31 पायदान की छलांग लगाने में कामयाब रहे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट रांची में नाबाद 122 रन की पारी खेलने के बाद शीर्ष तीन में लौट आए हैं। सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन पांच विकेट लेकर शीर्ष रैंकिंग वाले जसप्रीत बुमराह से 21 अंक पीछे रह गए हैं। स्पिनर कुलदीप यादव दस पायदान चढ़कर 32वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं इंग्लैंड के शोएब बशीर 38 पायदान चढकर 80वें स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज जाक क्रॉली



पहली बार शीर्ष 20 में पहुंच गए हैं।

टी-20 रैंकिंग में आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड पहली बार शीर्ष 20 में पहुंच गए। टिम डेविड छह पायदान चढकर 22वें स्थान पर है। वनडे रैंकिंग में नामीबिया के बर्नार्ड शोल्ज 11वें स्थान पर हैं जिनके 642 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने आईसीसी पुरूष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 त्रिकोणीय श्रृंखला में नेपाल के खिलाफ चार और नीदरलैंड के खिलाफ दो विकेट लिए थे।

# बोपन्ना-एबडेन और युकी-हासे की जोड़ी जीती

## दुबई टेनिस चैंपियनशिप में नागल को मिली हार

एजेंसी। दुबई

**शीर्ष** वरीयता प्राप्त रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैम्पियनशिप में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को सीधे सेटों में हराया।

पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटा 41 मिनट तक चले मैच में 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना उरूग्वे के एरियल बहार और चेक गणराज्य के एडम पाव्लासेक से होगा। भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को 6-7, 6-3, 10-8 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अब उनका सामना बेल्जियम



के सैंडर जाइले और जोरान विलेजेन और इंग्लैंड के जमाल में तथा न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल अंतिम 32 में इटली के लोरेंजो सोनेगो से 4-6, 7-5, 1- 6 से हारकर बाहर हो गए।

### इंग्लैंड के महानतम तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन बोले

# मैंने गेंदबाजी के कुछ गुर जहीर खान से सीखे हैं

## 700 टेस्ट विकेट चटकाने वाले पहले तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ दो कदम दूर

एजेंसी। नई दिल्ली

**इंग्लैंड** के महानतम तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि उन्होंने रिवर्स स्विंग सहित तेज गेंदबाजी के कुछ गुर भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज जहीर खान से सीखे।

एंडरसन 41 साल की उम्र में भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और 700 टेस्ट विकेट चटकाने वाला दुनिया का पहला तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ दो विकेट दूर हैं। उनके नाम पर लगभग एक हजार अंतरराष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं।

अभी सिर्फ महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और दिवंगत शेन वार्न के नाम पर 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन ने कहा, मैंने जहीर खान को काफी खेलते हुए देखा है और उनसे सीखने का प्रयास किया है। वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करता है, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ता है तो गेंद को कैसे छिपाता है, यहां उसके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया। भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक जहीर ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में खेला जब एंडरसन अपने खेल के शीर्ष पर थे। मौजूदा भारतीय तेज गेंदबाजों में एंडरसन जसप्रीत बुमराह की क्षमता से सबसे अधिक प्रभावित हैं।




इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के मैच विजई प्रदर्शन के बारे में पूछने जाने पर एंडरसन ने कहा, उसके स्तर के किसी व्यक्ति से आप इस तरह के मानक की अपेक्षा करते हैं। आप जानते हैं कि रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका काफी अच्छी तरह फायदा उठाता है। उसके पास अच्छी गति है और वह बहुत सटीक है और उसकी गेंदबाजी में निरंतरता है। उन्होंने कहा, उसके पास यॉर्कर भी है और हमने देखा कि उसने ओली पोप को कैसे आउट किया। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक गेंदबाज है। वह एक विश्व स्तरीय गेंदबाज है और हम उसके इस तरह के प्रगदर्शन से हैरान नहीं हैं। इंग्लैंड के इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने कहा, बुमराह, (मोहम्मद) शमी और (मोहम्मद) सिराज से बेहतर काफी गेंदबाज नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। आप इशांत शर्मा को भी इस श्रेणी में डाल सकते हैं और यह काफी मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। एंडरसन के अनुभव का अंदाजा इस बात से लग सकता है कि 2002 में जब उन्होंने टेस्ट पदार्पण किया था तो इंग्लैंड टीम के उनके मौजूदा साथी शोएब बशीर और रेहान अहमद का जन्म भी नहीं हुआ था। एंडरसन ने पिछले 22 साल में 186 टेस्ट और 194 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने कहा कि उन्हें महसूस नहीं होता कि वह 41 बरस के हैं। उन्होंने कहा, मुझे महसूस ही नहीं होता कि मैं 41 साल और 200 दिन का हूं। मैं अब भी युवा महसूस करता हूं।

# धर्मशाला टेस्ट से भी बाहर रह सकते हैं राहुल

## दाहिने जांघ की मांसपेशी में अभी भी है सूजन

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है।

राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। भारतीय टीम श्रृंखला जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन सात मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिए उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा।

राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा, वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है। यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है। आईपीएल में



लगी इस चोट के कारण राहुल पिछले साल चार महीने क्रिकेट से दूर रहे। वह सितंबर में एशिया कप में लौटे और दक्षिण अफ्रीका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला में उन्होंने शतक जमाया। राहुल के नहीं खेलने के मायने हैं कि छह पारियों में सिर्फ 63 रन बना सके रजत पाटीदार टीम में रहेंगे हालांकि उनका खेलना तय नहीं है। वहीं रांची टेस्ट में आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। विश्वटेस्ट चैम्पियनशिप अंकों को देखकर हर मैच अहम है और धर्मशाला में बुमराह की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ेगा। भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।

# पावर प्ले में नियंत्रण बनाकर रेणुका ने आरसीबी के लिए मंच तैयार किया: मोलिन्यु




### डब्ल्यूपीएल में कमाल की स्विंग गेंदबाजी कर रहीं रेणुका सिंह

एजेंसी। बेंगलुरु

**ऑलराउंडर** सोफी मोलिन्यु ने कहा है कि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने शुरुआती विकेट चटकाकर पावर प्ले को नियंत्रित किया और अपनी स्विंग गेंदबाजी से रन गति पर अंकुश लगाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दोनों मैच में जीत में अहम भूमिका निभाई।

आरसीबी की टीम चार अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही है। मुंबई इंडियंस के भी चार ही अंक हैं लेकिन आरसीबी का प्लस 1.665 का नेट रन रेट उसके प्लस 0.488 से बेहतर है और इसलिए वह शीर्ष पर है। मंगलवार रात आरसीबी ने गुजरात जाइंट्स को सात विकेट पर 107 रन पर रोक दिया जिसमें रेणुका ने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। आरसीबी ने इसके जवाब में 12.3 ओवर में लक्ष्य हासिल करके लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मोलिन्यु ने कहा, रेणुका ने दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। वह काफी विश्वसनीय है और उसकी टीम में होना शानदार है। वह शुरुआत से ही गेंद को खूबसूरती से स्विंग कराती है और मुझे लगता है कि उसने दोनों मुकाबलों में हमारी जीत का मंच तैयार किया।

यूपी वारियर्स के खिलाफ पहले मैच में रेणुका को कोई विकेट नहीं मिली लेकिन उन्होंने तीन ओवर में सिर्फ 14 रन दिए। आरसीबी ने पहले मैच में वारियर्स को दो रन से हराकर अपना अभियान शुरू किया। मोलिन्यु ने कहा, टी-20 क्रिकेट में पावर प्ले को नियंत्रित करना बड़ी चीज होती है और उसने दो बार ऐसा किया और उम्मीद है कि वह आगे भी ऐसा करेगी।

# प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान अपनाना होगा: बिंद्रा

एजेंसी। नई दिल्ली

**चैम्पियन** निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बुधवार को कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की ही नही बल्कि प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान को आत्मसात करने की जरूरत है।

भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा भारत खेल विज्ञान कांक्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, कोचों को इस डिजिटल युग में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल विज्ञान को अपनाना होगा। हमे एथलेटिक ढांचे के हर स्तर पर खेल विज्ञान को आत्मसात करना होगा। सिर्फ अत्याधुनिक सुविधाओं से काम नहीं चलेगा बल्कि जमीनी स्तर से शीर्ष स्तर पर वैज्ञानिक मानसिकता के साथ खेलना होगा ताकि भारत को खेल की महाशक्ति बनाया जा सके। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के विकास में खेल विज्ञान अहम भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने कहा, खिलाड़ियों को उनकी ताकत समझाने, बेहतर करने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए ताकत के इस्तेमाल में मदद के लिए खेल विज्ञान की मदद ली जा रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में हमारे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों पर खेल विज्ञान विभाग जरूर हो।

# पेरिस ओलंपिक में पारूल चौधरी पर रहेंगी नजरें: अंजू

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारतीय** एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज ने बुधवार को कहा कि इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेज धाविका पारूल चौधरी पर नजरें रहेंगी और उन्हें भाला फेंक में एक से अधिक पदक की उम्मीद है।

जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए अब तक भारत के नौ ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। भाला फेंका में गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ओलंपिक में जगह बना चुके हैं।

पारूल ने पिछले साल हांगजोउ एशियाई खेलों की 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था। यह 28 वर्षीय धाविका 3000 मीटर महिला स्टीपलचेज में नौ मिनट से कम का समय लेने वाली पहली भारतीय है। अंजू ने बुधवार को भारत स्पोर्ट्स साइंस कॉनक्लेव के इतर कहा, एथलीटों का एक समूह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हमारा लक्ष्य भाला फेंक में तीन (पदक) हासिल करना है।

# टी-20 विश्वकप के लिए डब्ल्यूपीएल से तेज गेंदबाजों का पूल बनाना चाहते हैं मजूमदार

### झूलन के संन्यास के बाद भारत का तेज आक्रमण कमजोर हुआ है

एजेंसी। बेंगलुरु।



**बांग्लादेश** में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में अब सात महीने ही रह गए हैं और भारत के मुख्य कोच अमोल मजमूदार उससे पहले महिला प्रीमियर लीग के जरिए तेज गेंदबाजों का एक पूल तैयार करना चाहते हैं।

झूलन गोस्वामी के संन्यास के बाद भारत का तेज आक्रमण कमजोर हुआ है। इस समय भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर, टिटास साधु और अमनजोत कौर के पास है। मजूमदार ने से कहा, आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली श्रृंखला में चार तेज गेंदबाज थे।

मैं डब्ल्यूपीएल से तेज गेंदबाजों का पूल बनाना चाहता हूं। गेंदबाजी आक्रमण अच्छा होने से काफी फर्क पड़ता है। महिला टी-20 विश्व कप सितंबर अक्टूबर में बांग्लादेश में खेला जाएगा। मजमूदार ने शेफाली वर्मा, एस मेघना और रिचा घोष के शानदार फॉर्म पर भी खुशी जताई। उन्होंने कहा, इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों श्रृंखलाओं में अच्छे प्रदर्शन से बल्लेबाजों का आत्मविश्वास बढ़ा है। यह डब्ल्यूपीएल में भी दिखाई दे रहा है।

# हॉकी की बेहतरी के लिए हम मिलकर काम करते रहेंगे

## सचिव भोलेनाथ और अध्यक्ष टिर्की ने हॉकी इंडिया में गुटबाजी और मतभेद के आरोपों को खारिज किया

### सीईओ नार्मन ने अपने इस्तीफे में फेडरेशन के खराब माहौल और गुटबाजी का किया था जिक्र

एजेंसी। नई दिल्ली

**हॉकी** इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए वे मिलकर काम करते रहेंगे।

हॉकी इंडिया द्वारा जारी संयुकत बयान में उन्होंने कहा, हाल ही में कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने मीडिया में कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। हॉकी के हित के लिए हम एकजुट होकर काम करते रहेंगे। तेरह साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आर के श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैए और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए



क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा।

टिर्की और भोलानाथ ने संयुक्त बयान में कहा, हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है। हमारी राष्ट्रीय टीमों को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए हर तरह का सहयोग दिया जाता है। बयान में कहा गया, महासंघ ने हर खिलाड़ी और टीम के साथ समानता का रूख रखा है। सभी को समान सुविधाएं और लाभ दिए गए जिसमें नकद पुरस्कार और सम्मान शामिल है। हम जमीनी स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी समानता में विश्वास रखते हैं।

### खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देंगे

बयान में कहा गया, हम महिला टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद के लिए हरसंभव प्रयास नए सिरे से करेंगे। इसके साथ ही पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर पदक जीतने के लिए पुरुष टीम को हरसंभव सुविधाएं मुहैया कराएंगे। इसमें आगे कहा गया, हमें टीमों और अपने खिलाड़ियों के लिए हॉकीप्रेमियों के सतत सहयोग की जरूरत है। फिलहाल पूरा फोकस ओलंपिक पर रहना चाहिए।

# रचिन रविंद्र न्यूजीलैंड टीम में, कोंवे बाहर

एजेंसी। वेलिंगटन

**आस्ट्रेलिया** के खिलाफ बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड टीम में जगह दी गई है जबकि डेवोन कोंवे बाहर हैं।

कोंवे को दूसरे टी-20 मैच में अंगूठे में चोट लगी थी। शुरूआती स्कैन में पता चला कि फ्रेक्चर नहीं है लेकिन बाद में यहां कराए गए टेस्ट में पता लगा कि चोट गंभीर है। उनकी जगह विल यंग अब टॉम लाथम के साथ पारी का आगाज करेंगे। हेनरी निकोल्स की टीम में वापसी हुई है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, यह निराशाजनक है कि डेवोन इतने अहम मैच से पहले टीम से बाहर हैं। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और यह



श्रृंखला खेलना चाहता था। रविंद्र घुटने की चोट के कारण दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके लेकिन अब खेलने के लिए फिट है। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है। न्यूजीलैंड फिलहाल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है।